फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 128 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 9 दिसम्बर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



Band Baja Baraat & Jaipur

"Destination Wedding" is best summed up by a popular saying in the event management jargon- "the sizzle costs more than the steak."

Where Did Omicron Come From?

LITERATURE FEST: Of Books, Art & Fun! The best of books, art and performances...



क़ोटा से गुजर रही राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में गुरुवार को करौली महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष शरदो गुर्जर को शामिल होने का मौका मिला। शरदो गुर्जर राजस्थान के पारंपरिक गुर्जर परिधान लहंगा-लूगड़ी पहनकर यात्रा में शामिल हुईं। यात्रा के दौरान शरदो गुर्जर ने राहुल गांधी और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के साथ क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की।

# गुजरात में शर्मनाक हार के बाद प्रभारी रघु शर्मा ने इस्तीफा दिया

## पर प्रमुख पर्यवेक्षक गहलोत की क्या प्रतिक्रिया हैः न इस्तीफा दिया और न इस्तीफा देने का प्रस्ताव दिया

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 दिसम्बर। इस बार खाता 1-1 से बराबर है। कांग्रेस ने एक लम्बे समय बाद भाजपा से हिमाचल प्रदेश छीन लिया है। यहां कांग्रेस को 40 और भाजपा को 25 सीटें मिली हैं।

और गुजरात में भाजपा की सुनामी चली। उसने वहां 158 सीटों पर एकतरफा जीत दर्ज की तथा कांग्रेस का प्रदर्शन इतना खराब रहा कि वह केवल 17 सीटें ही जीत सकीं। यह भाजपा के साथ कांग्रेस का सबसे बुरा प्रदर्शन था जिसने वर्ष 1985 का उसी का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

गुजरात में कांग्रेस की हार की जिम्मेदारी लेते हुए वहां के ए.आई.सी.सी. प्रभारी महासचिव रघु शर्मा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना त्याग पत्र पार्टी अध्यक्ष खड़गे को भेजा और पत्र की एक कॉपी के.सी. वेणुगोपाल को भी भेजी गई।

लेकिन मजेदार बात यह है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, जो गुजरात में पार्टी के मुख्य पर्यवेक्षक थे और चुनाव का प्रबंधन कर रहे थे, ने ना तो अब तक इस्तीफा दिया है और ना ही ऐसी पेशकश की है।

दूसरी ओर सचिन पायलट हिमाचल प्रदेश के पर्यवेक्षक थे और उन्होंने वहां पार्टी के लिए गहन प्रचार किया था। गहलोत और सचिन पायलट के प्रदर्शन का विरोधाभास इतना अधिक है कि उसकी अनदेखी नहीं की जा सकती।

राहुल गांधी ने हिमाचल प्रदेश का दौरा नहीं किया था, जबकि प्रियंका गांधी हिमाचल प्रदेश के चुनाव प्रचार का हिस्सा थीं।

- **दूसरी ओर पायलट हिमाचल में पर्यवेक्षक थे तथा उत्साह से चुनाव प्रचार में जुटे। गुजरात व हिमाचल के चुनावी नतीजे कई सवाल उठाते हैं।**
- **आम चर्चा है कि, गुजरात की हार का एक बड़ा कारण था, उत्साह विहीन चुनाव अभियान।**
- **हिमाचल में भाजपा की हार का एक कारण यह भी है, पूर्व मु.मंत्री धूमल के क्षेत्र में मु.मंत्री जयराम ठाकुर व अनुराग ठाकुर द्वारा धूमल के उम्मीदवारों को हरवाने के लिये जम कर काम करना। वे शुरू से ही धूमल को रास्ते से हटाना चाहते थे।**
- **हिमाचल का भावी मु.मंत्री कौन होगा, राजपूत या ब्राह्मण। पूर्व मु.मंत्री वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह, राजपूतों की ओर से प्रबल उम्मीदवार हैं, पर, अगर ब्राह्मण को मु.मंत्री बनाया गया तो, प्रतिभा सिंह के पुत्र को उप मु.मंत्री पद मिलेगा।**

कांग्रेस के हल्कों में यह आम चर्चा है कि गुजरात में पार्टी का प्रचार अभियान निस्तेज एवं गैर-संजीदा था।

पार्टी के एक वरिष्ठ नेता, जो अपना नाम उजागर करना नहीं चाहते, ने कहा कि अगर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बघेल, जो हिमाचल के मुख्य पर्यवेक्षक थे, को राज्य में पार्टी की जीत का श्रेय दिया जा सकता है तो गुजरात में पार्टी की शर्मनाक पराजय का दोष अशोक गहलोत को क्यों नहीं दिया जा सकता।

जहाँ हिमाचल प्रदेश की जनता भाजपा को सत्ता से हटाना चाहती थीं, वहीं इसका आंशिक श्रेय उन वरिष्ठ भाजपा नेताओं को भी देना पड़ेगा, जिन्होंने यहाँ धूमल के प्रत्याशियों को हराने के लिये काम किया। निवर्तमान भाजपा मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर तथा अनुराग ठाकुर को इस क्षेत्र में धूमल के लोगों को हराने के लिये जिम्मेदार बताया जा रहा है। वे उन्हें रास्ते से हटाना चाहते थे।

हिमाचल प्रदेश में, मुख्यमंत्री पद के लिये दौड़ शुरु हो गई है तथा पार्टी को यह निर्णय लेना है कि किसी ठाकुर या ब्राह्मण में से किसे मुख्यमंत्री बनाया जाये।

वीरभद्र की पत्नी प्रतिभा सिंह भी इस पद की दावेदार हैं लेकिन सूत्रों का कहना है कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाये जाने की संभावना नहीं है। अगर पार्टी किसी ब्राह्मण को मुख्यमंत्री बनाती है तो उनके पुत्र विक्रमादित्य को उपमुख्यमंत्री के रूप में समायोजित किया जा सकता है क्योंकि वीरभद्र के परिवार की उपेक्षा करना एक आत्मघाती कदम ही माना

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सरदारशहर से कांग्रेस के अनिल शर्मा विजयी

चूरू/ सरदारशहर, 8 दिसम्बर (कासं)। चूरू जिले के सरदारशहर विधानसभा उप चुनाव में कांग्रेस के अनिल कुमार शर्मा जीत गए हैं। यह उप चुनाव क्षेत्र के विधायक भंवर लाल शर्मा के निधन से रिक्त हुई थी। अनिल कुमार शर्मा, भंवर लाल शर्मा के पुत्र है।

- **अनिल शर्मा ने भाजपा के अशोक पिंचा को 26,852 मतों से हराया।**

उन्होंने भाजपा के अशोक पिंचा को 26,852 मतों से हराया। अनिल कुमार शर्मा को 91,357 वोट मिले और भाजपा को 64,505 वोट मिले।

## आप बनी राष्ट्रीय पार्टी !

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 दिसम्बर। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने गुरुवार को दावा किया कि गुजरात चुनाव लड़ना आम आदमी पार्टी (आप) का दांव फायदेमंद रहा और इससे पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल जाएगा। एक ट्वीट में उन्होंने कहा आप चुनाव आयोग के मानदंडों पर खरी उतरती है, यदि कोई पार्टी किसी राज्य

- **गुजरात चुनाव में आप को भले ही दो सीटें मिली हों, पर अब इस पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल जाएगा।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# गुजरात की अभूतपूर्व जीत से कर्नाटक के भाजपा विधायक आशंकित

## गुजरात में ''एन्टी इन्कमबैंसी'' को मात देने के लिये भाजपा ने 40 विधायकों व मंत्रियों के टिकट काटे थे

**-लक्ष्मण वेंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 दिसम्बर। गुजरात में 27 साल की सत्ता-विरोधी लहर को पछाड़ते हुए भाजपा की जबरदस्त विजय को पार्टी के एक वरिष्ठ विधायक चिन्ताजनक मान रहे हैं। सत्ता विरोधी लहर को परास्त करने का कामयाब सूत्र-विधायकों, मंत्रियों यहाँ तक कि मुख्यमंत्री तक को या उनकी सीटों को बदलना, जिसके भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को सकारात्मक नतीजे मिले हैं, कर्नाटक के भाजपा विधायकों के लिये बहुत बड़े डर का कारण बन गया है क्योंकि वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल अगले वर्ष मई में समाप्त होने के बाद, वहाँ विधानसभा चुनाव होने हैं।

हालाँकि जहाँ तक चुनावी रणनीतियाँ तय करने का प्रश्न है, हर राज्य में एक ही रणनीति काम में नहीं ली जाती। प्रत्येक विधानसभा सीट के लिये उम्मीदवारों को नामजद करने का निर्णय करते समय कई बातें विचारणीय होती है, जैसे- कुछ खास काम न करने वालों को पुनः प्रत्याशी नहीं बनाना, जनता की नज़रों में असफल माने जाने वाले विधायकों को पुनः खड़ा नहीं करना, तथा चयन में सबसे महत्वपूर्ण होती है- किसी प्रत्याशी के जीतने की प्रबल संभावना।

गुजरात में भाजपा के बागियों की दुर्दशा भी सत्ता विरोधी लहर को पराजित करने के मोदी-शाह मॉडल की प्रभावोत्पादकता की परिचायक है, क्योंकि पार्टी ने पुराने सभी चुनावी रिकॉर्डों को तोड़ते हुये, राज्य में ऐतिहासिक जीत हासिल की है।

- **मोदी-शाह द्वय की इस रणनीति को भारी सफलता मिली गुजरात में। अतः कर्नाटक के कई वर्तमान विधायक व मंत्री आशंकित हैं कि, कहीं यह फॉर्मूला कर्नाटक में भी तो नहीं दोहराया जायेगा।**

यह सफलता सत्ता-विरोधी लहर को पराजित करने की भाजपा की रणनीति की सिद्ध हो चुकी प्रभावोत्पादकता की सूचक है। इस सुविचारित रणनीति के अन्तर्गत, फालतू लोगों की छँटनी तथा आक्रामक प्रचार तथा इसके साथ ही भाषणों में सरकार के सकारात्मक कार्यों एवं कल्याणकारी योजनाओं से मिले लाभों के प्रमाण आदि से कर्नाटक के विधायक बड़े नवर्स हो गये हैं। गुजरात में पार्टी ने 40 विधायकों, जिनमें मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री भी शामिल हैं, को टिकट नहीं दिये थे।

लेकिन यह भी संभव है कि यह रणनीति हर राज्य में कारगर न हो, जैसा कि हिमाचल प्रदेश के परिणाम ने सिद्ध कर दिया है। हिमाचल में वर्तमान सत्ता को उखाड़ फेंकते हुये, कांग्रेस ने चुनावी इतिहास रच दिया है। हिमाचल प्रदेश में भाजपा ने चुनावी लड़ाई में कांग्रेस की जीत को मुश्किल बनाने के लिये, प्रचार-अभियान में अपना सर्वस्व झोंक दिया था। यही एक ऐसा तत्व है, जिसे भाजपा विधायक पकड़े बैठे हैं तथा फिर से टिकट मिलने की मधुर कल्पनाएं कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि बी.एस. येदिउरप्पा जैसे वरिष्ठ व्यक्ति को वापस बुलाना पड़ा था तथा उनका पद एक अन्य वरिष्ठ नेता को सौंप दिया गया था तथा उन्हें सांत्वना एवं संतुष्टि प्रदान करने की दृष्टि से उन्हें एक सम्माननीय पद दे दिया था। कर्नाटक के वरिष्ठ विधायक यह आशा सँजोये बैठे हैं कि इसी प्रकार राज्य की राजनीति में उनकी महत्ता उन्हें बचा लेगी तथा जब भी भाजपा उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी, उस सूची में उनका नाम मौजूद होगा। कर्नाटक भाजपा में कम से कम 20 से अधिक विधायक ''वरिष्ठ नागरिक'' श्रेणी के हैं तथा उनकी आयु 65 वर्ष से अधिक है। इनमें उल्लेखनीय नाम हैं- पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टर, पूर्व उपमुख्यमंत्री ई.एम. ईश्वरप्पा, जी.एच. थिप्पा रेड्डी तथा एस.ए. रवीन्द्रनाथ। भाजपा में ऐसे स्वर सुनाई देने लगे हैं कि ''वरिष्ठों'' को युवा वर्ग के लिये रास्ता देना चाहिये।

## 'कश्मीरी पंडितों के जनसंहार की जांच नहीं'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 दिसंबर। चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया (सी.जे.आई.) डी.वाय. चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 3 जजों की एक बैंच ने वर्ष 1989-1990 के दौरान जम्मू एवं कश्मीर में हुए कश्मीरी पंडितों ने नरसंहार के संबंध में दायर एक क्यूरेटिव पिटिशन को खारिज कर दिया है। इस याचिका में मांग की गई थी कि उक्त नरसंहार की किसी सैन्ट्रल एजेंसी या कोर्ट द्वारा नियुक्त किसी अन्य एजेंसी से जांच करायी जाए।

- **सुप्रीम कोर्ट ने 1989-90 में हुए कश्मीरी पंडितों के संहार और उनकी एफ.आई.आर. की जांच करवाने से यह कहकर इंकार कर दिया कि, अब बहुत देर हो चुकी है।**

सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2017 में इस याचिका में हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया था। याचिका में मांग की गई थी कि करीब 7 सौ कश्मीरी पंडितों की मौत को लेकर दायर एफ.आई.आर्स. की पुनः जांच कराई जाए, सैन्ट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वैस्टिगेशन (सी.बी.आई.) जैसी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कोलीजियम सिस्टम के खिलाफ सरकार की टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट ने आपत्ति जताई

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, कोलीजियम सिस्टम देश का कानून है, उसकी अक्षरशः पालना होनी चाहिए

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 दिसम्बर। कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच चल रहे संघर्ष के और बढ़ने के स्पष्ट संकेत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कोलीजियम सिस्टम पर सरकार की टिप्पणियों पर आपत्तियां जतायीं। कोर्ट ने ध्यान दिलाया कि ''यह देश का कानून है'' जिसका अक्षरशः पालन किया जाना चाहिए।

यह रेखांकित करते हुए कि कोलीजियम के विरूद्ध सरकार के पदाधिकारियों द्वारा की गई टिप्पणियां उचित नहीं थीं, शीर्ष अदालत ने बड़ी सावधानी से अपना संयम खोया है क्योंकि लगता है कि उसने कोलीजियम सिस्टम को लेकर केन्द्र सरकार और न्यायपालिका के बीच चल रहे वर्तमान मतभेदों को लेकर अपने विचार व्यक्त किए है, खासतौर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और केन्द्रीय विधि मंत्री किरण रिजिजू की टिप्पणियों के संदर्भ में।

जस्टिस संजय किशन कौल, ए.एस. ओझा और विक्रम नाथ की बैंच ने एटॉर्नी जनरल और सॉलीसिटर जनरल से कहा कि कोलीजियम सिस्टम का सूत्रपात करने वाले संविधान बैंच के निर्णयों की हर हाल में अनुपालना की जानी चाहिए।

- **सुप्रीम कोर्ट ने एटॉर्नी जनरल को कहा, वे सरकार को समझायें कि, वे मर्यादा में रहें तथा भाषा पर नियंत्रण रखें।**

बैंच केन्द्र सरकार के खिलाफ दायर एक अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उसमें आरोप लगाया गया था कि सरकार कोर्ट द्वारा तय की गई समयावधि में कोलीजियम की सिफारिशों को मंजूर नहीं कर रही है। सुनवाई के दौरान बैंच को उन चुनिंदा टिप्पणियों से अवगत करवाया गया जो संवैधानिक पदों पर बैठे हुए लोगों ने कोलीजियम सिस्टम के खिलाफ की थीं।

सीनियर एडवोकेट एवं सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास सिंह ने उपराष्ट्रपति और विधि मंत्री द्वारा हाल ही में दिए गए बयानों का प्रत्यक्ष हवाला दिया।

सुनवाई के दौरान जस्टिस विक्रम नाथ ने एटॉर्नी जनरल से अनुरोध किया कि वह सरकार के पदाधिकारियों से संयम बरतने के लिए कहें। जस्टिस नाथ ने कहा कि सिंह भाषणों का हवाला दे रहे हैं जो बहुत अच्छी बात नहीं है.... सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम पर टिप्पणियों को अच्छे रूप में नहीं लिया जा सकता।

धनखड़ ने कल संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत के दिन राज्यसभा में राज्यसभा सभापति के रूप में अपना प्रथम संबोधन देते हुए सुप्रीम कोर्ट के वर्ष 2015 के निर्णय का हवाला दिया, जिसमें नैशनल ज्यूडीशियल अपॉइन्टमैन्ट्स कमीशन (एन.जे.ए.

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## छवला रेप-मर्डर पर अपने फैसले को रिव्यु करेगा सुप्रीम कोर्ट

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 दिसंबर। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सी.जे.आई.) की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की एक बैंच ने गत 7 नवम्बर के निर्णय पर रिव्यू मांगने वाली याचिकाओं को सुनवाई के लिए लिस्ट करने का निर्णय लेने का आश्वासन किया है। गत 7 नवम्बर के निर्णय में दिल्ली के छवला क्षेत्र की एक 19 वर्षीया युवती की वर्ष 2012 में गैंग रेप के बाद हत्या करने वाले अभियुक्तों

- **सुप्रीम कोर्ट ने अपने 7 नवम्बर के फैसले में छवला गैंगरेप मर्डर के आरोपियों को बरी कर दिया था, इस फैसले के खिलाफ 19 वर्षीय मृत युवती के पिता सहित कई वकीलों व सामाजिक संगठनों ने रिव्यु पिटिशन दायर की थी।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अजीनोमोतो फिल्म पर रोक

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 दिसम्बर। जापान के एक मसाला निर्माता की शिकायत पर दिल्ली हाई कोर्ट ने क्राइम थ्रिलर मूवी ''अजिनोमोतो'' के रिलीज पर गुरूवार को एकतरफा स्टे लगा दिया। मसाला

- **जापान की एक कम्पनी से अपने ट्रेडमार्क अजी-नो-मोतो के एक गलत इस्तेमाल के खिलाफ याचिका दायर की थी, उनकी याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने 12 दिसम्बर तक फिल्म की रिलीज़ पर रोक लगा दी है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# गुजरात में भाजपा की भारी जीत ने पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़े

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 दिसम्बर। कांग्रेस ने अपने गिरते चुनावी ग्राफ को अतंतः थाम लिया और हिमाचल प्रदेश में 68 सीटों में से 40 सीटें जीत लीं तथा भारतीय जनता पार्टी को 25 सीटों पर रोककर, उसे सत्ता से बेदखल कर दिया, लेकिन गुजरात में इसकी स्थिति बहुत खराब रही, जहाँ उसकी सीटों का आँकड़ा बुरी तरह लुढ़क कर 17 पर आ गया। गुजरात में, भाजपा ने अपने पूर्व रिकॉर्ड को तोड़ते हुये 182 सदस्यीय विधानसभा की 156 सीटों पर विजय प्राप्त कर ली।

चुनाव आयोग ने हिमाचल प्रदेश में भाजपा को 25 सीटों पर विजयी दिखाया है, लेकिन इस संख्या में भी एक सीट की कमी हो जायेगी, क्योंकि इस संख्या में, मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा जीती हुई दो सीटें मंडी एवं सेराज शामिल हैं तथा इनमें से एक सीट उन्हें खाली करनी पड़ेगी। अगर प्राप्त वोटों के प्रतिशत के आधार पर देखें तो दोनों पार्टियों की उपलब्धि में कोई बड़ा अन्तर नहीं है- जहां कांग्रेस को 43.91 प्रतिशत वोट मिले हैं, वहीं भाजपा ने भी 42.90 प्रतिशत वोट हासिल किये हैं।

हिमाचल प्रदेश में निर्दलियों, जो वस्तुतः भाजपा के बागी ही हैं, ने तीन सीटें जीती हैं। अगर वे भाजपा में वापस होते हैं, तो भी कांग्रेस की निर्णायक जीत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। गुजरात में आम आदमी पार्टी (आप) को 12.91 प्रतिशत वोट मिले हैं तथा उसने 5 सीटें जीती हैं तथा अब राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्राप्त करने की स्थिति में आ गई है।

आशा कुमारी, जो पंजाब-मामलों की ए.आई.सी.सी. प्रभारी रही हैं तथा चम्बा के राजघराने की सदस्या हैं, हिमाचल प्रदेश की मुख्यमंत्री बनाई जा रही हैं। विधानसभा चुनावों में यह उनकी छठी जीत है।

- **भाजपा की बिहार के कुरहानी उप चुनाव में जीत भी नीतीश कुमार के लिये भारी धक्का है, क्योंकि नीतीश द्वारा भाजपा से गठबंधन तोड़ने के बाद यह पहला उप चुनाव था।**
- **पर भाजपा यू.पी. में सभी उप चुनाव हारी, सपा व राष्ट्रीय लोकदल से।**
- **छत्तीसगढ़ व राजस्थान में कांग्रेस ने उप चुनाव जीते।**
- **हिमाचल में चुनाव आयोग का नतीजा दिखाने वाले चार्ट में भाजपा की 25 सीटें दिखायी गयी हैं, पर यह संख्या घटेगी, क्योंकि मु.मंत्री जयराम ठाकुर दो सीटों पर जीते हैं और उन्हें एक सीट से इस्तीफा देना होगा।**

भाजपा के तीन बागी, जो निर्दलीय प्रत्याशियों के रूप में चुनाव जीते हैं, भाजपा में वापस लिये जा सकते हैं फिर भी भाजपा की विधायक संख्या इतनी नहीं हो पायेगी कि वह कांग्रेस को हिमाचल प्रदेश की सत्ता में आने से रोक सके। ज्ञातव्य है कि हिमाचल प्रदेश का इतिहास रहा है कि यहां वैकल्पिक दल की ही सरकार बनती है।

मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में डिम्पल यादव विजयी रही हैं। डिम्पल समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी तथा मुलायम सिंह यादव की पुत्र-वधू हैं। ज्ञातव्य है कि यह सीट मुलायम सिंह यादव के निधन के कारण रिक्त हुई थी। रामपुर सीट पर भी समाजवादी पार्टी के मोहम्मद आसिम रजा जीते हैं। यह सीट सपा नेता आज़म खान की डिसक्वालिफिकेशन के कारण खाली हुई थी। खतौली सीट पर राष्ट्रीय लोक दल के मदन भैया विजयी हुये हैं। ज्ञातव्य है कि आर.एल.डी. को सपा का समर्थन प्राप्त था।

उत्तर प्रदेश को इस अर्थ में अपवाद ही माना जायेगा, जहाँ योगी आदित्यनाथ की भारतीय जनता पार्टी सरकार एक भी उपचुनाव नहीं जीत सकी हैं, जबकि बिहार के अलावा, चार अन्य राज्यों में सत्तारूढ़ दलों ने विधानसभा उपचुनावों में अपने प्रत्याशियों को जिता लिया है।

राजस्थान के उपचुनाव में सरदार शहर सीट से कांग्रेस के अनिल कुमार शर्मा, छत्तीसगढ़ के उपचुनाव में भानु प्रताप सीट से कांग्रेस की सावित्री मांडवी, उड़ीसा उपचुनाव में पदमपुर सीट से बीजू जनता दल प्रत्याशी बर्षा सिंह बारिहा विजयी रही हैं।

बिहार में कुरहानी सीट पर जनता दल (यू) के मनोज कुमार सिंह भाजपा के केदार प्रसाद गुप्ता से हार गये हैं। यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिये एक बड़ा झटका हैं क्योंकि भाजपा से अलग होने के बाद, राज्य में यह पहला उपचुनाव था।

## विचार बिन्दु

**त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी**

# आस्था केन्द्र गंगा-जमुना जल स्तर को बनाए रखने में बढ़ता तापमान बड़ी चुनौती

यदि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग के वरिष्ठ वैज्ञानिकों की माने तो बढ़ते तापमान का असर आने वाले दिनों में तेजी से देखा जाएगा। संभावना तो यहां तक व्यक्त की जा रही है कि यही हालात रहे तो जीवन-दायिनी गंगा-जमुना नदी में जल स्तर कम होगा और हालात यहां तक हो सकते हैं कि गंगा-जमुमा के बहाव क्षेत्र में तेजी से पानी का स्तर कम होगा। यहां तक कि इस क्षेत्र में पानी का संकट तक आ सकता है। यह चेतावनी आज की नहीं हैं अपितु भूविज्ञानियों व पर्यावरण विज्ञों द्वारा लंबे समय से दी जाती रही है। प्रकृति लगातार डेढ़-दो दशक से चेताती जा रही है पर अनदेखा किया जा रहा है। जिस तरह से आज हिमालय क्षेत्र भूगर्भीय हलचलों का केन्र्द बनता जा रहा है उससे प्रभावित हो रहा है पहले ऐसा नहीं हुआ है। गत दशकों में हिमालय पर्वत माला श्रृंखला में सर्वाधिक भगर्भीय हलचल देखने को मिल रही है। साल में एक दो नहीं अपितु आये दिन धरती हिलने लगी है। भूस्खलन होने लगे हैं। साल में एक दो बार तो बड़े भूस्खलन आम होते जा रहे हैं। देवभूमि आज भूगर्भीय हलचल का केन्द्र बन गई है। हिमालय श्रृंखला के ग्लेसियर तेजी से पिघल रहे हैं। यहां तक कि हिमालयी श्रृंखला से निकलने वाली नदियों के उद्गम स्थल लगातार पीछे किसकते जा रहे हैं। पिछले सालों में विनाश के भयावह हालातों से हम रुबरु हो चुके हैं।

दरअसल गंगा-जमुना के उद्गम स्थल या यों कहें कि संपूर्ण उत्तरांचल क्षेत्र जिसमें चार धाम आते हैं, सनातन काल से आस्था का केन्द्र रहे हैं। इनकी अपनी अहमियत रही है तो प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में भी हिमालय क्षेत्र की अपनी भूमिका रही है। समय का बदलाव देखिये कि यहां तक तो सब ठीक है कि इस क्षेत्र का तेजी से विकास हुआ है। आज चारधाम की यात्रा सहज और आम आदमी की पहुंच में आई है। मुझे और मेरी जैसी पुरानी पीढ़ी के लोगों को अच्छी तरह से याद है कि चार धाम की यात्रा पर जाने से पहले और यात्रा से सकुशल वापसी पर वृहद आयोजन होते थे। हमनें तो यहां तक देखा है कि गंगाजी की यात्रा करने पर चाहे वह हरिद्वार की हो या ऋषिकेश की गंगाजल के पूजन का भव्य आयोजन होता था जिसे गंगोज के नाम से जाना जाता था। घर-परिवार और नाते-रिश्तेदार जुटते थे, पूजन-हवन होता था और फिर सहभोज तो होना ही था। आज परिस्थितियों में बदलाव आया है। गंगा-जमुना का यह पवित्र क्षेत्र आज आस्था से अधिक पर्यटन का केन्द्र बन गया है। लोग घूमने के बहाने जाते हैं। यहां तक तो ठीक कहा जा सकता है पर जिस तरह से प्रतिबंधित वस्तुओं खासतौर से प्लास्टिक और इसी तरह की सामग्री का कचरा केन्द्र बनाने से पर्यावरणीय प्रदूषण की समस्या आम हो गई है। लोग चंद घंटों के लिए जाते हैं और प्लास्टिक कचरा और अन्य सामठाी वहां छोड़ आते हैं। इसी तरह से विकास के नाम पर जिस तरह से कंक्रिट का जंगल विकसित किया जा रहा है उसे भी पर्यावरण की दृष्टि से उचित नहीं माना जा सकता है। हजारों की संख्या में प्रतिदिन वाहनों की रेलमपेल से प्रदूषण फैल रहा है वो अलग। इससे क्षेत्र के वातावरण में बदलाव आ रहा है। तापमान बढने लगा है। प्रकृति में विकृति की जा रही है। आखिर इसकी भी कोई सीमा होनी ही चाहिए। हिमालय क्षेत्र में तापमान वृद्धि के कारण बर्फ पिघलने की रफ्तार तेज हो गई है। पिछले चार साल के सेटेलाइट डेटा विश्लेषण ही चौकाने व चेताने के लिए काफी हैं। ऐसे में समय रहते उपाय खोजने ही होंगे। नहीं तो जीवनदायिनी गंगा-जमुना में पानी तो कम होगा ही साथ ही क्षेत्र का सारा संतुलन ही बिगड़ के रह जाएगा।

**समुद्र के किनारें के शहरों की डूबने की भविष्य वाणियां आम होती जा रही है। चक्रवाती तूफान और जंगलों में आग आम होती जा रही है। सुनामी जैसी घटनाएं बढ़ी है तो एक तूफान जाता नहीं है कि दूसरे की चेतावनी आ जाती है। हजारों लोग कालकवलित हो जाते हैं तो अरबों खरबों की संपत्ति इन तूफानों की भेंट चढ़ जाती है।**

हांलाकि जहां यह स्थानीय कारक हैं वहीं देश दुनिया में प्रकृति के अत्यधिक दोहन और कार्बन उत्सर्जन का परिणाम भी कहीं ना कहीं यहां भी परिलक्षीत हो रहा है। दुनिया के अन्य ग्लेसियरों की तरह यहां भी ग्लेसियर तेजी से पिघल रहे हैं। परिणाम साफ दिखाई देने लगे हैं। समुद्र के किनारें के शहरों की डूबने की भविष्य वाणियां आम होती जा रही है। चक्रवाती तूफान और जंगलों में आग आम होती जा रही है। सुनामी जैसी घटनाएं बढ़ी है तो एक तूफान जाता नहीं है कि दूसरे की चेतावनी आ जाती है। हजारों लोग कालकवलित हो जाते हैं तो अरबों खरबों की संपत्ति इन तूफानों की भेंट चढ़ जाती है।

हांलाकि दुनिया के देश पर्यावरण संकट को लेकर के गंभीर होने लगे हैं। प्रयास भी हो रहे हैं पर परिणाम अभी दिखाई नहीं दे रहे हैं। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि प्रकृति से संयोग रहेगा तो विकास होगा और प्रकृति से खिलवाड़ होगा तो हमें परिणाम में विनाश ही मिलना है। ऐसे में गंगा-जमुना में जल स्तर कम होने की चेतावनी दरअसल समय रहते चेतने की चेतावनी के रुप में देखी जानी चाहिए नहीं तो आने वाली पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं करने वाली है। नमामी गंगे के सकारात्मक परिणाम अभी दूर ही दिखाई दे रहे हैं। वहीं सरकारों को ऐसा सिस्टम विकसित करना होगा जिससे प्रतिबंधित व दुष्प्रभाव छोड़ने वाली वस्तुओं का प्रवेश ही निषिद्ध हो जाए। निर्माण व विकास कार्यों में भी पर्यावरण सहयोगी वस्तुओं का ही उपयोग हो ताकि क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखे जा सके। पर्यावरण प्रेमियों को भी इसके लिए आगे आना होगा।

–अतिथि सम्पादक,
डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
( वरिष्ठ लेखक )

## राशिफल शुक्रवार 9 दिसम्बर, 2022



पंडित अनिल शर्मा

पौष मास, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2079, मूल नक्षत्र रात्रि 1:13 तक, गंड योग दिन 1:41 तक, नाग करण दिन 3:47 तक, चन्द्रमा धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-धनु, मंगल-वृष, बुध-धनु, गुरू-मीन, शुक्र-धनु, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज राजयोग दिन 11:35 से दिन 2:59 तक है। आज रसिक माधुरी जयन्ती और डा.राजगोपालाचार्य जयन्ती है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर सूर्योदय से 8:26 तक, लाभ-अमृत 8:26 से 11:01 तक, शुभ 12:19 से 1:36 तक, चर 4:12 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 7:08, सूर्यास्त 5:30



**मेष**
परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। शुभ कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।



**सिंह**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।



**धनु**
घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।



**वृष**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। मित्रों/रिश्तेदारों से मतभेद बढ़ सकते हैं। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।



**कन्या**
घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मकर**
आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी।



**मिथुन**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे।



**तुला**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।



**कुंभ**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।



**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियों से राहत मिलेगी। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।



**वृश्चिक**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




**मीन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

# चमड़ी उधेड़ रोग और लोग
## ( मनचाउसेन सिन्ड्रोम बाई प्रॉक्सी )

सुनते थे हन्टर से या बैंत से मार मार कर चमड़ी उधेड दी – मालिक ने गुलाम की, दरोगा ने चोर की या मास्टर ने छात्र की। शरीर पर लाल उभरे निशान, लहूलुहान उखड़ी हुई चमड़ी। इसी के समकक्ष है टॉक्सिक एपिडर्मल नेक्रोलाइसि,(टी ई एन) एक प्रकार का भयंकर चमड़ी उधेड़ रोग। इसमें शरीर के अधिकांश सतह से चमड़ी की सतही परत (एपिडर्मिस) मर कर (नेक्रोलाइज्ड) उखड़ कर अलग हो जाती है। ऐसा किसी दवा के सेवन से व्याप्त टोक्सिन से होता है। यह दवा के अधिक मात्रा में दिये जाने से या उसके साइड एफेक्ट के कारण नहीं, वरन्, हजारों या लाखों में से किसी एक में अकारण ही हो जाता है।

हाल ही का केस। भारतवंशी विदेशी एक महिला डाक्टर पति के साथ भारत आईं। कोलकत्ता पहुंची, गले का संक्रमण हुआ। हलका भुखार। डॉक्टर पति ने साधारण संक्रमण और भुखार के लिए एन्टीबायोटिक, दर्द नाशक आदि दवायें दी। दो सप्ताह ठीक ठाक चलता रहा। फिर बुखार तेज, चमड़ी पर लाल चकते उभर आये। डॉक्टर पति ने शहर के नामी फिजिशियन से संपर्क कर अपना परिचय दिया और घर आकर देखने को कहा। वे आये, महिला को देखा। लगा सामन्य वाइरल बुखार है, लाल चकते भी उसी के कारण है। कोई नई दवा नहीं दी। संक्रमण के निदान के लिए सभी टैस्ट लिख दिए। टैस्ट करवाये या नहीं, उनका क्या रिजल्ट रहा डॉक्टर पति ने दस दिन तक कोई संपर्क नहीं किया, स्वयं ही इलाज करते रहे। संपर्क किया तबियत खराब हो गई है, शरीर पर लाल चकते फिर उभर आये हैं। फिजिशियन ने रोगी को क्लिनिक लाने के लिए कहा। देखा, जांच की। रोगी ने बताया कि पिछली रात चाईनीज फूड खाया था उसी के बाद तबियत खराब हुई। शरीर पर सूजन, लाल चकते, लगा महिला एलर्जिक है और उसे एलर्जिक रिएक्सन हुआ है। निदान किया एन्जियो न्यूरोटिक इडिमा विद वेस्कुलाइटिस ड्यू टू चाईनीज फूड। उन्होंने डॉक्टर पति से बात कर स्लो एक्टिंग स्टेरोइड का इन्जेक्शन लगा दिया, वही इन्जेक्शन दो दिन और लगवाने को कहा और लिख दिया। डाक्टर पति ने उसी रोज दो स्किन स्पेशिलिस्ट को और दिखाया। चार दिन तक फिजिशियन से कोई संपर्क नहीं, क्या इलाज किया, क्या अवस्था रही कुछ नहीं बताया। पति स्वयं ही इलाज कर रहे, अन्य डॉक्टरों से सलाहा कर। फिर फिजिशियन से संपर्क किया बताया हालत और खराब हो गई है। रेशेज बढ गये हैं। फिजिशियन को दूसरे रोज अमेरिका जाना था अतः वे इलाज अपने हाथ में नहीं ले सकते थे। डॉक्टर पति ने अपने एक सहपाठी डॉक्टर से संपर्क कर महिला को उसकी देख रेख में अस्पताल में भर्ती कर दिया। उस डॉक्टर ने फिजिशियन से संपर्क किया और कहा कि वे जाने से पहले मरीज को देख जायें। उन्होंने आकर मरीज को देखा। रेशेज फैलने के साथ साथ अब फफोले बन गये थे। रियेक्शन एलर्जिक ही लग रहे थे अतः उन्होने जल्दी काम करने वाला एक और स्टेरोइड लिख दिया। अस्पताल के डॉक्टर को अपनी सलाह दी और अस्पताल के



डॉ. श्रीगोपाल काबरा

फिजिशियन को मरीज की चिकित्सा अपने हाथ में लेने के लिए लिखा। महिला का डॉक्टर पति मौजूद था और सारी चिकित्सा अपनी इच्छा अनुरूप करवा रहा था। शाम को दो चर्म रोग विशेषज्ञों को देखने को बुलाया। उन्होंने अपने हिसाब से इलाज की सलाह लिखी, डॉक्टर पति को बताया।

टी ई एन एक विलक्षण विरला रोग है। कारण ही नहीं पता तो निवारण कैसे हो। कोई मान्य इलाज नहीं है। सभी अपनी अपनी समझ के हिसाब से सिम्पटोमेटिक उपचार करते हैं। रोग धातक। रोगी स्वयं डॉक्टर। पति अमेरिका का पैसे वाला डॉक्टर। अपने हिसाब से अपने अनुसार सब इलाज करवा रहे थे। शहर के सभी नामी चर्मरोग विशषज्ञो को बुलाया, उनसे राय लिखवाई, परामर्श किया। आंखों के विशेषज्ञ, मुंह व गले के विशेषज्ञ, प्लास्टिक सर्जन, स्त्री रोग विशेषज्ञ – रोग एक ही लेकिन उसके अलग अलग

**■ हजारों या लाखों में से किसी एक में दवा के सेवन से व्याप्त टॉक्सिन से यह रोग होता है**

स्थानीय लक्षणों के इलाज के लिए अलग विशेषज्ञ। कुल मिला कर दर्जन से ऊपर डॉक्टरों को पति ने बुलाया। सबने अपनी अपनी सलाह अपने-अपने इलाज लिखे। पति ने किस की सलाह मानी किसकी नहीं, कुछ पता नहीं। पेशेन्ट फाइल में कुछ भी लिखा हो महिला को वही दिया गया जो पति ने कहा। बिना उनकी अनुमति के तो पेशेन्ट को कोई देख भी नहीं सकता था कुछ करने की बात तो दूर। पांच दिने में हालात खराब हो गई। पति हवाई एम्बूलेंस से महिला को मुम्बई के नामी अस्पताल ले गये। वहां भी पति ने दादागिरी दिखाई। वरिष्ट नामी चिकित्सक को स्वेच्छा से इलाज नहीं करने दिया। रोग घातक था, रोगी नहीं बची।

डॉक्टर पति ने कोलकत्ता और मुंबई के इलाज करने वाले सभी छब्बीस डॉक्टरों के खिलाफ केस ठोक दिए। 77 करोड़ का हर्जाना मांगा। ऐसा लगा जैसे वह अपनी पत्नी का इलाज इसी लक्ष्य के लिए करवा रहा था। उसने सारे इलाज को वैसे ही अपने स्वार्थ पूर्ति एवं अहं तुष्टी के लिए मेनुपुलेट किया जैसे मनोग्रंथि ग्रस्त मनचाउसेन सिंड्रोम बाई प्रोक्सी का व्यक्ति करता है। फिर मैडिकल काऊंसिल में शिकायत की, सिविल केस, क्रिमिनल केस, उनके निर्णय के खिलाफ नेशनल कमीशन, हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट। प्रेस कान्फ्रेस, फेस बुक, शोसल साइटस पर प्रचार किया। इसके लिए उसने पहले से ही सब तैयारी कर रखी थी। सारा इलाज मेनुपुलेट और मेनेज किया था। स्वयं विशेषज्ञ डॉक्टर था, उसें अंदाज था घातक रोग का अंजाम क्या होगा। वह तो इसका इन्तजार ही कर रहा था, अपने लक्ष्य पूर्ति के लिए। अपने आपको शहीद के रूप में प्रचारित कर अपने अहं की पुष्टी की। सब जगह अपने पर फोकस, केन्द्र में बने रहने की चेष्टा।

जब विशेषज्ञ डॉक्टर, जो रोग की बारीकियों को समझने की क्षमता रखते हैं, उनके ही यह रोग समझ से परे था तो विधि विशेषज्ञों द्वारा इसे समझने की चेष्टा तो अनाधिकार ही कही जायगी। किसी भी तथ्य को ले कर न डॉक्टरों में सहमती थी न विधि विशेषज्ञों में। नतीजा, अलग -अलग धारणा, अनुभव, और निर्णय। 26 डाक्टर 52 विधि विशेषज्ञ और एक पैसे वाला अमेरिकन। कहावत है कानून गधे के समान होता है, जिसे उसका कान पकड कर हांकना आता है, वह उधर ही चल देता है। अमेरिकन डॉक्टर ने इसका भरपूर लाभ उठाया। मनचाउसेन सिंड्रोम बाई प्रोक्सी से ग्रसित व्यक्ति की तरह उसने बड़े नियोजित ढंग से सारा केस मेनुपुलेट किया और अपने लक्ष्य प्राप्ति में अंततः सफल हुआ। चमड़ी उधेड़ रोग का इलाज करने वाले डॉक्टरों की चमड़ी उधेड दी। करोड़ो का मुवावजा लिया।

**–डॉ. श्रीगोपाल काबरा,**
**वरिष्ठ चिकित्सक, जयपुर**

# चम्बल नदी किनारे मगरमच्छ ले रहे सन बाथ

**धौलपुर, (निसं)।** सर्दियों में चंबल नदी में जलीय जीवों की अठखेलियां शुरू हो गई है। धौलपुर से होकर गुजरने वाली चंबल नदी में गुरुवार सुबह घड़ियाल और मगरमच्छ की अठखेलियों के साथ नदी किनारे कछुएं भी धूप सेंकते नजर आए। चंबल नदी में जलीय जीवों की अठखेलियों को देखने के लिए पर्यटक भी पहुंचना शुरू हो चुके हैं। जिनके लिए नगर परिषद ने 3 वोट शुरू कर दी हैं। जिनके जरिए पर्यटक नदी के 6 किलोमीटर तक दोनों जलीय जीवों की अठखेलियां को निहार सकते हैं।

**■ इस बार चम्बल में घड़ियाल और मगरमच्छ के साथ डॉल्फिन भी नजर आने लगी हैं**

वन्य जीव प्रेमी मुन्ना लाल निषाद ने बताया कि चंबल नदी एक बार फिर से गुलजार है। सुबह नदी में मगरमच्छ और घड़ियाल एक दूसरे के साथ रेस करते हुए दिखाई दिए, तो वहीं सॉफ्टसेल कछुआ भी नदी किनारे सन बाथ करते हुए नजर आए । उन्होंने बताया कि इस बार नदी में घड़ियाल और मगरमच्छ के साथ डॉल्फिन भी नजर आने लगी है। जो पूर्व में नदी में गंदा पानी होने की वजह से भिंड की ओर चली गई थी।

इस बार स्वच्छ और साफ पानी होने की वजह से डॉल्फिन एक बार फिर से वापस धौलपुर की ओर आ चुकी हैं। चंबल नदी में 100 साल से अधिक पुराने कछुओं के साथ 10 से 12 फीट के घड़ियाल और मगरमच्छ भी देखने को मिल रहे हैं। जिन्हें देखने के लिए दूर-दूर से पर्यटक धौलपुर पहुंच रहे हैं।



**सर्दी बढ़ने के साथ चंबल किनारे अठखेलियां कर रहे घडियाल और मगरमच्छ।**

# करीब पांच हजार आर.सी. और इतने ही लाईसेंस अटके

**अलवर, (निसं)।** अलवर आरटीओ ऑफिस में कार्ड बनाने का कच्चा माल व संसाधन नहीं होने से वाहनों की आरसी एवं लाईसेंस नहीं बनने से आम आदमी को भारी परेशानी हो रही है। इस संदर्भ में जब आरटीओ और डीटीओ से बात की तो उन्होंने भी हाथ खड़े कर दिए और कहा कि, इस समस्या का निदान उनके पास अभी नहीं है, क्योंकि यह समस्या अलवर ही नहीं पूरे राजस्थान में हो रही है।

अलवर आरटीओ आफिस में विगत कई दिनों से आरसी और लाईसेंस जनता को नहीं मिल पा रहे हैं जिससे आम नागरिकों को भारी समस्या हो रही है। इस संदर्भ में जब आरटीओ रानी जैन और डीटीओ प्रवर्तन ललित कुमार गुप्ता से बात की तो उन्होंने स्वीकारा की यह समस्या अलवर की ही नहीं अपितु पूरे राजस्थान की है। एमटेक कंपनी जिसके पास राजस्थान का लाईसेंस और आरसी प्रिंट का ठेका है उसके पास कार्ड बनाने का कच्चा माल व संसाधन उपलब्ध नहीं है जिसके कारण आरसी और लाईसेंस प्रिंट नहीं हो पा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इस समस्या के निदान के लिए हमने जयपुर उच्च अधिकारियों को बार-बार लिखा है, लेकिन अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। कुल मिला कर दोनों अधिकारियों ने इस समस्या का निदान करने से अपने हाथ खड़े कर दिये क्योंकि जब इस समस्या का उच्च अधिकारी हल नहीं ढूड पाए वे तो उन्हें सिर्फ अपनी शिकायत ही दर्ज करा सकते है फिलहाल अलवर में वाहन आरसी करीब पांच हजार और इतने ही लाईसेंस लंबित चल रहे हैं।

# 'विवेकानंद के शिकागो से खेतड़ी लौटने पर 40 मण देसी घी के दिए जलवाए थे'

**खेतड़ी, (निसं)।** शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में सनातन धर्म का परचम लहराने के बाद भारत लौट कर आए स्वामी विवेकानंद का खेतड़ी में 12 दिसंबर 1897 को खेतड़ी नरेश राजा अजीत सिंह ने भव्य स्वागत किया था तथा 40 मण देसी घी के दिए जलाकर पूरे कस्बे को रोशन किया गया था।

उन्हीं यादों को पिछले 12 वर्षों से लगातार खेतड़ी के रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी आत्मानिष्ठानंद महाराज के सानिध्य में विरासत दिवस समिति व कस्बेवासियों के द्वारा विरासत दिवस मनाया जाता है। इसी को लेकर 12 दिसंबर को आयोजित होने वाले विरासत दिवस की तैयारियां कस्बे में जोर -शोर से चल रही है।

**■ 12 दिसंबर 1897 को खेतड़ी नरेश राजा अजीत सिंह ने भव्य स्वागत किया था**

गुरुवार को रामकृष्ण मिशन आश्रम के वॉलिंटियर मुख्य बाजार में व्यापारियों को निमंत्रण देते नजर आए। इस दौरान मोहन सैनी, गौरव खींची ने बताया कि युगांतकारी स्वामी विवेकानंद ने जब शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में "मेरे अमेरिकी भाइयों बहनों" कहकर पूरे सदन को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया था और पूरे विश्व में भारत की संस्कृति व अध्यात्म को ओर ध्यान आकर्षित किया था ।

12 दिसंबर 1897 को स्वामी विवेकानंद शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन से खेतड़ी आने, उनका महाराजा अजीत सिंह द्वारा भव्य स्वागत करने की याद को ताजा करने को लेकर खेतड़ी के लोग विरासत दिवस मनाते हैं। हर वर्ष की भांति सुबह स्कूली बच्चे प्रभात फेरी निकालेंगे। दोपहर को राजा अजीत सिंह स्वामी विवेकानंद की सजीव झांकियां निकाली जाएगी तथा पन्ना सागर तालाब पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर मोहित सैनी, विकास कुमावत, कुलदीप खींची, अभिषेक बबेरवाल मौजूद रहे।

# त्रिदेवों के अंश भगवान दत्तात्रेय

पौराणिक कथानुसार ब्रह्माजी के मानस पुत्र सप्त ऋषियों में से एक महर्षि अत्रि व प्रजापति कर्दम ऋषि की पुत्री और सांख्यशास्त्र के प्रवर्तक कपिल देव की भगिनी सती अनुसूया के यहां त्रिदेवों के अंश से तीन पुत्र सबसे पहले ऋषि दुर्वासा, फिर चन्द्रदेव उसके बाद दत्तात्रेय ने जन्म लिया।

चूंकि भगवान दत्तात्रेय को शैवपंथी प्रभु शिव का अवतार तो वैष्णव पंथी प्रभु विष्णु का अंशावतार मानते हैं और सती अनुसूया की पति-भक्ति के कारण उनकी सतियों की गणना में सबसे पहले होती है इसलिये कुछ लोगों का यह स्वाभाविक प्रश्न हो जाता है कि फिर ये इनके पुत्र कैसे हुये। इसलिये इस जिज्ञासा के समाधान हेतु उस घटना से आप सभी को अवगत करा रहा हूं जिसके चलते इनका जन्म सती अनुसूया के गर्भ से हुआ। वह घटना इस प्रकार है –

एक बार ब्रह्माणी, विष्णुवक्षा व गौरी में यह जानने की प्रबल इच्छा जागी कि सर्वश्रेष्ठ पतिव्रता कौन है? जब यह निर्णय हो गया कि अत्रि पत्नी अनुसूया इस समय न केवल सर्वश्रेष्ठ पतिव्रता है बल्कि सतियों की गणना में भी वे पहले स्थान पर हैं तब इन तीनों ने अपने -अपने स्वामियों से भूलोक जा कर पतिव्रता अनुसूया की परीक्षा लेने का आग्रह किया। इस आग्रह के परिणामस्वरूप तीनों देव अर्थात ब्रह्मा, विष्णु व महेश ब्राह्मण वेश धारण कर महर्षि अत्रि के आश्रम उस समय पहुंचे जब महर्षि आश्रम के बाहर कहीं गये हुये थे।

सती अनुसूया ने उनका यथोचित सत्कार किया और पधारने वास्ते आभार भी प्रकट किया। तत्पश्चात तीनों ने भिक्षा की मांग तो की, सो तो ठीक, लेकिन एक शर्त भी लगा दी जिसके अनुसार सती को एकदम नग्न हो कर भिक्षा देनी थी अन्यथा वे भिक्षा नहीं लेंगे। इनकी शर्त जान सती धर्मसंकट में उलझ गयीं लेकिन फिर थोड़ा संभलकर उन्होंने मन्त्र का जाप कर अभिमन्त्रित जल को उन तीनों ब्राह्मण वेश धारण किये त्रिदेवों पर डाल दिया।



गोवर्धन दास बिन्नानी

अभिमन्त्रित जल के छीटों से तीनों तुरन्त प्रभाव में छोटे-छोटे बालक अर्थात शिशु रूप में बदल, सती अनुसूया के गोद में खेलने लगे। इस तरह तीनों को शिशु रूप में पा सती ने तीनों को स्तनपान करा भिक्षा वाली बात पूरी की।

इसी बीच एक तरफ तो महर्षि आश्रम लौटे, जब यह सब नजारा देखा तब अपनी आंखें बन्द कर तप बल से सारी परिस्थिति से अवगत हो गये और दूसरी तरफ जब ये तीनों देव वापस स्वर्ग नहीं लौटे तो माता सरस्वतीजी के साथ-साथ माता लक्ष्मीजी व माता पार्वतीजी चिन्तित हो, तीनों सती अनुसूया के पास पहूंची। उन तीनों ने वहां जब सारी हकीकत देखी तब बिना किसी भी प्रकार के संकोच किये सती से अपने अपने स्वामियों को वापस कर देने का आदरपूर्वक आग्रह किया।

सती अनुसूया व महर्षि अत्रि ने उनका आग्रह स्वीकारते हुये विनम्रतापूर्वक यह आग्रह कर निवेदन कर दिया कि जब इन त्रिदेवों को सती ने स्तनपान कराया है तब इन्हें किसी न किसी रूप में हमारे साथ रहना पड़ेगा। तत्पश्चात उन त्रिदेवों ने उनके आग्रह को स्वीकारते हुये सती के गर्भ में दुर्वासा, चन्द्रदेव व दत्तात्रेय के रूप में अपने अवतारों को स्थापित कर दिया लेकिन जब सती अनुसूया ने दुर्वासा को जन्म देने के पश्चात चन्द्रदेव को भी जन्म दे दिया लेकिन जब तीसरे शिशु का जन्म न हो पाया और सती को प्रसव पीड़ा होती रही तब ब्रह्मदेव व शिवजी को सारी बात समझ में आ गयी तब उन लोगों ने फिर अपने-अपने कुछ अंश भेजें जिसके चलते भगवान दत्तात्रेय को गर्भ में ही तीन सिर और छः भुजा में हो गये । इस प्रकार भगवान दत्तात्रेय मार्गशीर्ष की पूर्णिमा को जन्मे। यही कारण है जिसके चलते भगवान दत्तात्रेय ब्रह्मा-विष्णु-महेश के अवतार माने जाते हैं।

भगवान दत्तात्रेयजी की कृपा से गुरु गोरखनाथ जी को आसन, प्राणायाम, योग वगैरह का ज्ञान प्राप्त हुआ। इसी तरह भक्त प्रह्लाद को अनाशक्ति-योग का उपदेश दिया। ऐसा माना जाता है कि इन्होंने परशुरामजी को श्री-विद्दा मंत्र प्रदान किया था और शिवपुत्र कार्तिकेय को भी अनेक विद्दायें प्रदान की थीं।

भगवान दत्तात्रेयजी आजन्म ब्रह्मचारी, अवधूत और दिगम्बर रहे थे। इनकी आराधना से बहुत ही जल्दी सफलता प्राप्त हो जाती है।

**गोवर्धन दास बिन्नानी**
**राजा बाबू**

# गैस सिलेण्डर में रिसाव से विस्फोट, दो की मौत, 52 झुलसे

## शादी वाले घर में गैस फैली और दो सिलेण्डरों में ब्लास्ट हो गया

■ घायलों में महिलाएं एवं बच्चों की संख्या ज्यादा

■ सभी को जोधपर रैफर किया, दूल्हा भी झुलसा

**जोधपुर,** (कासं)। जिले के निकटवर्ती शेरगढ़ तहसील के भूंगरा गांव में गुरूवार की दोपहर में शादी वाले घर में गैस सिलेण्डर रिसाव के साथ आग लग गई। देखते ही देखते गैस फैली और गैस सिलेण्डर ब्लास्ट हो गया। दो सिलेण्डर ब्लास्ट हुए है। आग से शाम तक 52 लोगों से झुलसने की खबर मिली है। इसमें महिलाओं और बच्चों की संख्या ज्यादा है। सभी के जोधपुर के एमजीएच में रैफर किया है। सामान्य रूप से झुलसे लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। इधर घटना की जानकारी मिलने पर जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता, शेरगढ़ एसडीएम सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचने के साथ एमजीएच पहुंचे। जन प्रतिनिधियों ने हादसे पर दुख जताया है। हादसे में दूल्हा भी झुलसा है।

बालसेर वृताधिकारी राजूराम ने बताया कि शेरगढ़ तहसील के भूंगरा गांव में सगतसिंह पुत्र पूंजराज सिंह के पुत्र सुरेंद्र सिंह की आज शादी होनी है। बारात रवाना होने से पहले घर में खाना बनाने का काम चल रहा था और साथ ही महिलाओं और बच्चों द्वारा टेंट के पास में खाना खाया जा रहा था। कंदोई के पास में टेंट में रखे सिलेण्डर में गैस रिसाव के बाद आग लग गई। जब तक उसे बुझाया जाता तब तक वह बेकाबू हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि पास में रखा एक अन्य सिलेण्डर भी आग की चपेट में आकर सुलगने लगा। देखते ही देखते सिलेण्डरों में विस्फोट हो गया। वृताधिकारी राजूराम के अनुसार प्रथम दृष्टया दो गैस सिलेण्डरों में विस्फोट होना सामने आ रहा है। शादी समारोह में महिलाओं और बच्चों की संख्या ज्यादा थी। तकरीबन 52 लोग आग की चपेट में आकर झुलसे हैं। सभी को पहले सेतरावा और शेरगढ़ चिकित्सालय भेजा गया। जहां से जोधपुर रैफर किया गया है। एमजीएच में उनका उपचार किया जा रहा है। शहर विधायक मनीषा पंवार, शेरगढ़ की विधायक मीना कंवर भी एमजीएच पहुंचे है।

जिला कलैक्टर हिमांशु गुप्ता ने बताया कि इस दुर्घटना में कुल 54 जने आगजनी में झुलसे हैं। जिनमें से 2 बच्चों की मृत्यु हो गई। इस दुर्घटना में घायल 52 जनों में 16 पुरुष, 27 महिलाएं तथा 9 बच्चे शामिल हैं। सभी घायलों का जोधपुर के महात्मा गांधी अस्पताल में ईलाज चल रहा है। दुर्घटना के तत्काल बाद इन सभी को शेरगढ़ के अस्पताल में लाया गया जहां से आवश्यक प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल जोधपुर के लिए रेफर किया।

# भारत जोड़ो यात्रा में दिखी मिनी भारत की तस्वीर

## एलन स्टूडेंट के बीच पहुंचे राहुल, हर प्रांत के विद्यार्थियों ने किया स्वागत

■ स्टूडेंट को राहुल ने आई लव यू बोल फ्लाईंग किस किया

**कोटा,** (निसं)। जगपुरा व अनन्तपुरा से यात्रा शुरू करने के बाद कुछ ही देर में करीब साढ़े सात बजे राहुल गांधी एलन साकार कैम्पस के बाद झालावाड़ रोड़ पर एकत्रित एलन स्टूडेंट्स के बीच पहुंचे। यहां एलन द्वारा हर प्रांत के विद्यार्थियों को एकत्रित किया गया था। उनके हाथों में अपने-अपने राज्यों की तख्तियां थी। करीब पांच हजार विद्यार्थी सुबह 6 बजे से यहां खड़े हुए थे। राहुल की नजर जैसे ही विद्यार्थियों पर पड़ी, उन्होंने तुरंत स्टूडेंट्स के बीच जाने का इशारा किया और काफिला मुड़ गया। सड़क किनारे जमा स्टूडेंट्स के बीच एकदम मंच पर पहुंचने के बाद विद्यार्थियों ने जोरदार स्वागत किया।

मंच पर एलन के निदेशक नवीन माहेश्वरी ने राहुल गांधी को माइक थमाया। राहुल ने विद्यार्थियों से भारत जोड़ो के नारे लगवाए। उन्होंने सबसे पहले विद्यार्थियों को भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने पर धन्यवाद दिया और कहा कि आप सभी इस देश का भविष्य हो, आपके हाथ में यह देश है।

हम सभी को आप पर गर्व है। आई... लव यू...... यह कहते हुए उन्होंने फ्लाइंग किस विद्यार्थियों को किया। जवाब में विद्यार्थियों ने भी जोरदार उत्साह दिखाया और राहुल को धन्यवाद दिया। इस दौरान मंच पर एलन के सीनियर वाइस प्रसीडेंट सीआर चौधरी, कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल भी मौजूद रहे। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के गुरुकृपा प्रोडक्शंस द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत तैयार की गई फिल्म वीरांगना के गीत 'तू बढ़ता चल.....' को भारत जोड़ो यात्रा के अधिकृत गीतों में शामिल किया गया है। भारत जोड़ो के अधिकृत पोर्टल पर कई वीडियो इस गीत के साथ जारी किए गए थे।

# कोटा कचोरी खिलाकर भारत जोड़ो पदयात्रियों का स्वागत

**कोटा,** (निसं)। राहुल गांधी की यात्रा गुरूवार को अनंतपुरा से शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया, कांग्रेस ओबीसी मोर्चा द्वारा भी विज्ञान नगर फ्लाईओवर के नीचे महिला कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर भारत जोड़ो यात्रा का स्वागत किया गया। यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के निर्देश पर व कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष रविन्द्र त्यागी के मार्गदर्शन में भारत जोड़ो यात्रा के साथ चल रहे यात्रियों का कोटा की कचोरी खिलाकर अतिथि सत्कार किया गया।

जिलाध्यक्ष विनोद पारेता ने बताया कि राहुल गांधी कोटा आए ये हम सभी का सौभाग्य है । कोटा में उनका स्वागत किया पुष्पवर्षा कर किया गया, इसके साथ ही लोक कलाकारों द्वारा अपने गीतों के माध्यम से भी राहुल गांधी का अभिवादन किया गया, साथ ही कच्ची घोड़ी नृत्य, कालबेलिया नृत्य व सेहरिया लोक कला की प्रस्तुति दी गई। पारेता ने बताया कि इस दौरान एक हजार कचोरियों का वितरण किया गया।

मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनोद पारेता ने बताया कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के तहत महिलाओं ने हाथों में महंगाई, महंगा गैस सिलेंडर की तख्तियां थी साथ ही वह पुरजोर तरीके से नारेबाजी कर केन्द्र की सरकार को उखाड़ फैंकने का आव्हान कर रही थी।

# ठेहट की हत्या की पोस्ट करने वाले तीन पकड़े

**बीकानेर,** (कासं)। सीकर में राजू ठेहट की हत्या के षड़यंत्र में शामिल श्रीडूंगरगढ़ के दो और बीकानेर के एक आरोपी को सीकर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में श्रीडूंगरगढ़ बिग्गा के गणेश ओझा और राकेश ओझा है। वहीं बीकानेर रीको औद्योगिक क्षेत्र में रहने वाले शकील खान पुत्र शमशुदीन शेख को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि श्रीडूंगरगढ़ से गिरफ्तार दोनों आरोपी रोहित गोदारा की फेसबुक आईडी को मैनेज कर रहे थे। बीकानेर से गिरफ्तार शकील खान ने हरियाणा के शूटर जतिन मेघवाल को 40 हजार रुपए ई-मित्र केंद्र से भेजने में मदद की थी।


बीकानेर में भी संदिग्धों से पूछताछ सीकर पुलिस के साथ-साथ बीकानेर पुलिस भी रोहित गोदारा के नजदीकी गुर्गों से पूछताछ कर रही है। पिछले चार दिनों में 80 संदिग्ध लोगों से की गई पूछताछ में पांच युवकों पर पुलिस की नजरें टिकी हुई हैं । जिनकी भूमिका संदिग्ध प्रतीत हो रही है। सीकर में राजू ठेहट की हत्या करने के लिए हरियाणा के शूटर को बीकानेर से आर्थिक मदद एक बार नहीं, बल्कि कई बार की गई है। इसके पुख्ता प्रमाण मिलने के बाद बीकानेर पुलिस अब उन सभी की तलाश में जुट गई है, जिन्होंने हत्यारों को बीकानेर से रुपए भेजे थे। बुधवार को बीकानेर पुलिस को इस बात की सूचना मिली कि हत्यारों को एक बार नहीं, बल्कि कई बार रुपए बीकानेर से भेजे गए हैं। सीकर और बीकानेर पुलिस अब उन आरोपियों की खोजबीन करने में जुटी है, जिन्होंने बीकानेर से हत्यारों को आर्थिक मदद भेजी थी।

# मतगणना स्थल पर मिली बीयर की खाली बोतल

**चूरू,** (कासं)। सरदारशहर विधानसभा उप चुनाव अंतर्गत पड़े मतों के गणना स्थल राजकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद शराब आदि पहुंच गई। मजे की बात तो यह है कि आज यहां सूखा दिवस था। यहां भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं मानदंडों की अवहेलना की गई।

ऐसे में कई सवाल खड़े हो रहे हैं। यहां रात्रि के समय किसी ने बीयर आदि पीकर खाली बोतल गणना स्थल पर ही कोने में डाल दी। इस घटना से यहां संबंधित अधिकारियों की सतर्कता की पोल खुलकर सामने आ गई है। इतनी सुरक्षा व्यवस्था एवं सूखा दिवस होने के बाद भी मतगणना शुरू होने से पहले ही बीयर का वहां पहुंच जाना बड़े ही आश्चर्य की बात है।

# 467 बीघा चरागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया



एसडीएम रामकुमार वर्मा व तहसीलदार सहदेव मंडा सहित पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया।

■ अतिक्रमी रामरतन रूपाहेली द्वारा राजकार्य में बाधा डालने पर पुलिस ने गिरफ्तार किया

**मालपुरा,** (निसं)। राघव प्रताप सिंह बनाम सरकार द्वारा उच्च न्यायालय में दायर याचिका पर न्यायालय द्वारा जारी आदेशों की पालना में बीते 5 दिन में सिंधोलिया व रूपाहेली में उपखण्ड व राजस्व प्रशासन ने 467 बीघा चरागाह को अतिक्रमण मुक्त कराया।

तहसीलदार सहदेव मंडा ने बताया कि, न्यायालय के आदेशों की पालना एवं एसडीएम रामकुमार वर्मा के निर्देशों पर 5 गिरदावर व 1 दर्जन पटवारियों की संयुक्त टीम बना लाम्बाहरिसिंह थाना व आरएससी जवानों के जाप्ते की मौजूदगी में सिंधोलिया में 4 दिन तक लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करते हुए जेसीबी मशीनों की सहायता से 275 बीघा चरागाह से अस्थाई अतिक्रमण व चरागाह पर बोई गई फसल को नष्ट कर चरागाह को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

गुरूवार को रूपाहेली चरागाह में जेसीबी मशीनों की सहायता से 192 बीघा चरागाह से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू की गई। एसडीएम व तहसीलदार की मौजूदगी में एक अतिक्रमी रामरतन गुर्जर निवासी रूपाहेली द्वारा जेसीबी रूकवा राजकार्य में बाधा डालने पर लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। अतिक्रमी को गिरफ्तार किये जाने की कार्यवाही के दौरान अतिक्रमी की मां अचेत हो गई। प्रशासन के भारी जमावडे व बुल्डोजरों के आगे दर्जनों अतिक्रमियों ने स्वयं ही अपने अतिक्रमण हटाने शुरू कर दिये।

एसडीएम रामकुमार वर्मा ने बताया कि, पहले चरण में अस्थाई अतिक्रमण व बोई गई फसल हटाने की कार्यवाही कर पक्के मकानों को चिन्हित किया गया है। जिन्हें नोटिस जारी कर अन्य स्थान पर आवास की व्यवस्था कर दूसरे चरण में पक्के अतिक्रमणों को ध्वस्त किया जायेगा। जिनकी सूची गिरदावर पटवारी द्वारा तैयार की जा रही है। न्यायालय के आदेशों पर रूपाहेली व सिंधोलिया के चरागाह मुक्त हो जाने के बाद चान्दसेन पंचायत में अतिक्रमण हटाये जायेंगे।

# उत्कर्ष टीचिंग टैलेंट हंट शो के विजेताओं का स्वागत



टीचिंग टैलेंट हंट शो के विजेताओं के साथ निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत भी नजर आए।

**जोधपुर,** (का.सं.)। विद्यार्थियों के भाग्य निर्माता शिक्षक को भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मिले इस विचार को लेकर उत्कर्ष के संस्थापक व निर्देशक डॉ निर्मल गहलोत ने 10 प्रकार की केटेगरी में प्रतिभावान व ऊर्जावान शिक्षकों को पहचान दिलाने के लिए जुलाई 2022 में एक नए नवाचार रूप में उत्कर्ष टीचिंग टैलेंट हंट के साथ शुरुआत की थी।

जिसमें हजारों हुनरमंद शिक्षकों ने ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से अपने आवेदन हम तक पहुंचाएं और उन्हीं में से विभिन्न चरणों में से गुजरने के बाद 10 विषयों के 5-5 शिक्षकों का चयन किया गया। जिन्होंने प्रत्येक रविवार को "उत्कर्ष क्लासेस जोधपुर के यूट्ययूब चैनल" पर आप सभी के समक्ष लाइव पढ़ाया। उन्हीं 5 शिक्षकों में से लाइव वोटिंग व जूरी मेंबर्स की वोटिंग को मिलाकर अंतिम 11 विजेताओं का चयन किया गया।

इन्हीं 11 विजेताओं का दिनांक 7 दिसंबर, 2022 को उत्कर्ष के जोधपुर स्थित कॉरपोरेट ऑफिस के 13 कैफ़े में भव्य सम्मान समारोह और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम रखा गया। जिसमें उन 11 विजेताओं रविंद्र (करेंट अफेयर्स) श्रवण (इकोनॉमिक्स)मुकेश (साइंस) राघवेंद्र (हिस्ट्री) बलराम (जियोठाफी) शंकर (साइंस)संगीता (हिंदी) सुरेंद्र (रिजनिंग) शेखर (इंग्लिश) केके कृष्णा (मैथ) एंड किंजल को मोमेंटो व 51000 रुपये की प्रोत्साहन राशि भेंट की गई थी।

डॉ गहलोत ने बताया कि इन सभी प्रतिभाओं ने अपने हुनर का लोहा पूरे हिंदुस्तान के सामने मनाया है और अब यह सभी अपने - अपने क्षेत्र में और भी बेहतर से बेहतरीन कर सकेंगे। साथ ही, उत्कर्ष ऐसी प्रतिभाओं को आगे भी एक उचित मंच प्रदान करने के लिए इस दिशा में कार्य करेगा। इस अवसर पर भारत में करेंट अफेयर्स सबसे लोकप्रिय एजुकेटर कुमार गौरव सर व रिजनिंग के विषय विशेषज्ञ एवं विद्यार्थियों में लोकप्रिय अक्षय गौड़ सर सहित सभी सदस्य भी मौजूद रहे।

# वाहन की टक्कर से पैंथर की मौत

**भीलवाड़ा,** (निस)। जिले के मांडलगढ़ क्षेत्र से गुजर रहे नेशनल हाइवे 27 पर मेनाल वन रेंज के वॉच टावर के नजदीक बीती रात वाहन की टक्कर से मादा पैंथर की मौत हो गई। वन विभाग ने पैंथर का शव पोस्टमार्टम के बाद दाह-संस्कार करवा दिया। मांडलगढ़ के क्षेत्रीय वन अधिकारी दशरथ सिंह राठौड़ ने बताया कि मांडलगढ़ वन रेंज सर्किल के मेनाल क्षैत्र में वॉच टॉवर के नजदीक एनएच-27 पर बीती रात करीब 10 बजे वाहन की टक्कर से पैंथर की मौत हो गई। इसकी सूचना अनजान व्यक्ति से वन विभाग को दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जहां पैंथर का शव मिला। पैंथर किसी वाहन की चपेट में आ गया था। इस पैंथर की लम्बाई पूंछ सहित करीब 6 फीट और उम्र करीब दो से तीन वर्ष के बीच की थी। मादा पैंथर का शव अंबा की बावडी नर्सरी ले जाया गया, जहां उसका पोस्टमार्टम करवाया गया। इसके बाद क्षेत्रीय वन अधिकारी दशरथ सिंह की मौजूदगी में पैंथर का दाह-संस्कार किया गया।

# भारत जोड़ो यात्रा का निमंत्रण देने पहुंचे जितेंद्र सिंह व टीकाराम जूली



निमंत्रण देने के दौरान विधायक खैरिया ने लोगों को सम्बोधित किया।

■ कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक लोगों को लेकर यात्रा में शामिल होने का किया आव्हान

**किशनगढ़बास,** (निसं)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह, मंत्री टीकाराम जूली सहित कांग्रेस नेता निमंत्रण देने विधायक दीपचंद खेरिया के यहां पहुंचे और उपस्थित कार्यकर्ताओं को 19 दिसंबर को अलवर जिले के मालाखेड़ा में पहुंच रही राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पहुंचने का निमंत्रण दिया।

विधायक दीपचंद खेरिया के किशनगढ़ बास कार्यालय पर पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह, राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली, जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा, कृष्ण मुरारी गंगावत, जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर का किशनगढ़ बास प्रधान बीपी सुमन, कोटकासिम प्रधान विनोद कुमारी सहित सरपंच, एमपीएस, जिला परिषद सदस्य, पार्षद एवं कार्यकर्ताओं ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

दोनो नेताओं ने कहा कि आपसी मतभेदों को भुलाकर अधिक से अधिक लोगों को लेकर पहुंचे। विधायक दीपचंद खैरिया ने कार्यकर्ताओं को निमंत्रण देने के लिए आए पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह मंत्री टीकाराम जूली को कार्यकर्ताओं की ओर से भरोसा देते हुए कहा किशनगढ़ बास क्षेत्र का एक-एक कार्यकर्ता अपने साथ क्षेत्र के लोगों को लेकर भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होगा।

# बैंक मैनेजर से 50 लाख ठगने वाले तीन गिरफ्तार



पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**बहरोड़/नीमराना,** (निसं)। बहरोड़ में बैंक ऑफ बड़ौदा के मैनेजर से धोखाधड़ी कर 50 लाख रुपए ऐंठने वाली गैंग का खुलासा करते हुए पुलिस ने महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि, एक दिसंबर को बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा बहरोड के मैनेजर से कमल कुमार यादव की फर्म जय अंबे ऑटोमोबाइल की फर्जी आईडी एवं कूट रचित लेटर पैड तैयार कर विभिन्न खातों में 49,50,157 रुपए आरटीजीएस करा कर ठगी करने के तीन आरोपियों को पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी के निर्देशन में एडिशनल जगराम मीणा एवं बहरोड़ पुलिस उप अधीक्षक आनंद राव के सुपरविजन में बहरोड़ थाना अधिकारी वीरेंद्र पाल सिंह द्वारा गठित टीम ने गिरफ्तार किया है। जिसमें सुधा पुत्री आरती कुमार उर्फ अरविंद कुमार राठौड़ निवासी बिलासपुर कैंप मोलरबंद बदरपुर दक्षिणी दिल्ली तथा शशि कुमार पुत्र ऋषि कुमार राजपूत निवासी राजपुर पोस्ट धर्मशाला थाना परैया जिला गया बिहार हाल रोड नंबर 15 इंद्रपुरी पटना बिहार एवं अजीत सिंह पुत्र वीरेंद्र यादव निवासी मझंवा पोस्ट सरसर थाना सिवान मुफासिल जिला सिवान बिहार हाल मकान मालिक राजेश कुमार फुलवारी शरीफ थाना फुलवारी पटना जिला बिहार को सिवान बिहार से दस्तयाब किया जाकर गिरफ्तार करते हुए अनुसंधान एवं अन्य आरोपीगण की तलाश में कार्यवाही जारी है।

# फायरिंग कर कार लूट ले गए बदमाश

**पावटा,** (निसं)। हथियारबंद बदमाशों ने बुधवार रात को राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रागपुरा फ्लाई ओवर के नीचे फायरिंग की वारदात को अंजाम देते हुए बंदूक दिखाकर ढाणी भोमिया वाली तन पावटा निवासी पिंटू यादव से एक कार छीन ली।

शहर में पिछले छह महिनों में दर्ज की गई यह चौथी घटना है, जबकि उनमें से दो का पुलिस ने पर्दाफाश किया था। वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर संजीव चौधरी ने प्रागपुरा थाना पुलिस कर्मियों के साथ घटनास्थल का दौरा किया। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पीड़ित पिंटू यादव ने पुलिस को बताया कि वह मारुति सुजुकी स्विफ्ट कार से रघुनाथपुरा एक होटल से खाना खाकर अपने दोस्तों के साथ लौट रहा था। रास्ते में प्रागपुरा फ्लाई ओवर के नीचे पावटा की ओर से आए दो तीन बदमाशों ने गाड़ी रोककर उनकी कनपटी पर पिस्तौल तान दी। गाड़ी की चाबी देने पर आरोपी अपने साथियों को कार में बैठाकर उसे लेकर फरार हो गया। पीडित पिंटू यादव ने कहा कि उसका व दोस्त का दो मोबाइल फोन कार में रखे थे। वही पीडित पिंटू यादव ने बताया कि घटना की सूचना देने थाने में पहुंचा तो पुलिस प्रशासन ने रिपोर्ट लेने से इनकार कर दिया जिसकी सूचना उसने अपने परिजनों को दी। परिजनों ने पुलिस द्वारा पीडित से ही पूछताछ व पिटाई करने का आरोप लगाते हुए पीडित के परिजनों सहित नेता रामनिवास यादव, पूर्व सरपंच मदन, पूर्व जिला पार्षद ललित व ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

# भाजपा जन आक्रोश से घबराकर, कांग्रेस ने राहुल का कार्यक्रम बदलाः सोनी

## कांग्रेस कुशासन में अपराधी मस्त, सरकार राहुल के आवभगत में व्यस्तः सुनीता व्यास



कोटा में जन आक्रोश रैली में भाजपा समर्थक महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

■ अन्नदाता किसानों पर लाठीचार्ज पूरी कांग्रेस को भारी पड़ेगाः संदीप शर्मा

**कोटा,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी कोटा शहर जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, जन आक्रोश कार्यक्रम के जिला संयोजक जगदीश जिंदल, जिला सहसंयोजक व लाडपुरा संयोजक लक्ष्मण सिंह खींची, कोटा उत्तर संयोजक लव शर्मा, कोटा उत्तर प्रभारी गौरव शर्मा, कोटा दक्षिण प्रभारी पूर्व विधायक अनिल जैन, कोटा दक्षिण संयोजक अनिल गोयल, पूर्व उपमहापौर सुनीता व्यास, विस्तारक अभियान संयोजक मोतीलाल मीणा के नेतृत्व में गुरूवार को कोटा के तीनों विधानसभा में जन आक्रोश यात्रा रैली पूरी जोर शोर के साथ निकाली गई। कई जगह चौपाले, नुक्कड़ सभायें कर आमजन को संबोधित किया गया।

कोटा उत्तर विधानसभा क्षेत्र में जन आक्रोश यात्रा रैली गांधी चौक से प्रारम्भ होकर अग्रसेन चौराहा, चार खंभा, सब्जीमण्डी, श्रीपुरा, गंधी जी की पुल होते हुए कैथूनीपोल थाने के सामने जाकर समाप्त हुई। जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के जन आक्रोश यात्रा रैली से घबराकर राहुल गांधी के कार्यक्रम को आनन फानन में बदला गया। राहुल को किस का डर सता रहा था, जो आनन फानन में सभी कार्यक्रम को बदल दिया गया। राहुल गांधी ने जो किसानों से, युवाओं से, आमजन से जो चुनावी झूठे वायदे किये थे अब उसका कोई जवाब नहीं हैं इनके पास। लेकिन सच से भागने से काम नहीं चलेगा। जवाब तो देना ही होगा। राहुल कोटा शहर में आये कोटा की आमजनता के हित के लिये ना कुछ बोले और नाहीं कुछ करने का आश्वासन देकर गये। किसी सरकार का नैतिक पतन पहली बार देख रहा हूं कि राहुल गांधी की रैली को देखकर ऐसा प्रतीत होता हैं कि पूरी सरकार, पूरे राज्य की पुलिस फोर्स को राहुल गांधी की आवभगत में लगा दिया गया है।

जिला महामंत्री चंद्रशेखर नरवाल ने अपने संबोधन में कहां कि कांग्रेस ने चार साल में यदि कोई उपलब्धि हासिल कि हैं तो वह यह हैं कि कांग्रेस कुशासन में राजस्थान अपराध में, महिला अत्याचार में, भ्रष्टाचार में, बेरोजगारी में, महंगाई में पूरे देश में नंबर वन की गिनती में आ रहा है। कार्यक्रम कोटा उत्तर संयोजक लव शर्मा ने कहा कि चुनाव के समय कांग्रेस ने आम जनता से जो वादे किए थे वह सब झूठे निकले कांग्रेस ने आम जनता से विश्वासघात किया।

अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष साहिल मिर्जा ने अपने संबोधन में कहां कि कांग्रेस पार्टी ने मुस्लिम समाज को सिर्फ वोट बैंक माना है। आज तक मुस्लिम समाज को भाजपा व संघ का दुष्प्रचार करके इनके नाम से डराती आयी है। मेरा सभी मुस्लिम समाज से आग्रह हैं कि कांर्ग्रेस पार्टी व आप पार्टी के बहकावे में ना आवे तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व पर भरोसा करें। कार्यक्रम में जिलामंत्री हरिहर, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष साहिल, गोपाल कृष्ण, मण्डल अध्यक्ष रमेश, अनिल, विजय सिंह, राहुल, जय प्रकाश, दीपक, श्याम, सतिश, प्रेम, दिपेश, नीतू सक्सेना, अल्का मेवाड़ा, राकेश वैष्णव, अनूप शर्मा, रोली जैन सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# न्यायिक अधिकारी के घर की छत पर सुभाष मेहरा ने किया था आत्मदाह : पुलिस आयुक्त

## हत्या की आशंका को नकारते हुए पुलिस ने अपनी जांच में कहा कि ''एफएसएल रिपोर्ट में छत पर किसी अन्य व्यक्ति से संघर्ष, झगड़े या मारपीट का कोई साक्ष्य नहीं मिला।''

-कार्यालय संवाददाता-

- **पुलिस के मुताबिक न्यायिक अधिकारी कृष्ण स्वरूप चलाना की छत आसपास के मकानों से ऊंची है, सुभाष ने छत पर जहां आत्मदाह किया, वहां जाने के लिए सीढ़ियों के दरवाजे के अलावा कोई और रास्ता नहीं है। छत के दरवाजे की कुंडी अंदर से बंद थी, जिसे सुभाष के परिजनों की मौजूदगी में खुलवाया गया था।**
- **न्यायिक अधिकारी ने भी पुलिस को बताया कि मृतक सुभाष मेहरा एनडीपीएस कोर्ट में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था। वह सायंकालीन कोर्ट डाक व पत्रावली का बस्ता लेकर उनके घर आता था, कई बार देर होने पर छत पर बने कमरे में रूक जाता था।**

**जयपुर** । भांकरोटा स्थित नेहरू नगर में न्यायिक अधिकारी के घर पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुभाष मेहरा (34) की मौत के मामले में पुलिस ने अपनी जांच रिपोर्ट तैयार कर ली है। राजस्थान हाईकोर्ट ने भी इस मामले में संज्ञान लेते हुए पुलिस को सही व निष्पक्ष जांच के आदेश दिये थे।

पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक की गई पुलिस जांच में सामने आया है कि एनडीपीएस मामलों की विशेष कोर्ट में पदस्थापित कर्मचारी सुभाष ने 9-10 नवंबर की रात में खुद पर थिनर उडेलकर आत्मदाह किया था। न्यायिक अधिकारी कृष्ण स्वरूप चलाना के घर की छत पर जहां उसने आत्मदाह किया, वहां पर पहुंचने के लिए सीढ़ियों के दरवाजे के अलावा कोई रास्ता नहीं है। इस मकान की छत भी आसपास के अन्य मकानों से ऊंची है। पुलिस ने एफएसएल से जो जांच करवाई है, उसकी रिपोर्ट में भी घटनास्थल पर किसी अन्य व्यक्ति से कोई संघर्ष, झगड़े या मारपीट का कोई साक्ष्य सामने नहीं आया है। मृतक सुभाष की मां व जीजा अनिल व भाई सुनील की मौजूदगी में पुलिस ने छत पर अंदर की तरफ से बंद दरवाजे की कुंड़ी को कारपेंटर की मदद से खुलवाया था।

आनंद श्रीवास्तव बताया कि न्यायिक अधिकारी कृष्ण स्वरूप चलाना ने पुलिस पूछताछ में बताया कि मृतक सुभाष मेहरा एनडीपीएस कोर्ट में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था। वह सायंकालीन कोर्ट डाक व पत्रावली का बस्ता लेकर उनके घर आता था, कई बार देर होने पर छत पर बने कमरे में रूक जाता था। क्योंकि उसका अपने परिवारजनों के पास आना-जाना कम था। मृतक सुभाष के चार बहन और एक भाई है, लेकिन वह सिर्फ रामगंज में मेहरों की नदी निवासी सबसे बड़ी बहन अल्का के पास ही आता-जाता था।

पुलिस कमिश्नर से बताया कि 10 नवंबर को जैसे ही नेहरू नगर स्थित प्लॉट-24 में युवक के आत्मदाह की सूचना मिली तो मौके पर पहुंची टीम ने वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी करवाई थी। न्यायिक अधिकारी के तीन मंजिला भवन की ऊपरी छत पर स्थित ममटी के पास खिड़की से झांक कर देखने पर मृतक की जली हुई लाश दिखाई दी थी।

पुलिस की जांच में सामने आया है कि मृतक सुभाष के पिता सैशन कोर्ट में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे, वर्ष 2011 में उनकी हार्ट अटैक से मृत्यु के बाद सुभाष को अनुकंपा नियुक्ति मिली थी। वह गत 11 वर्ष से सरकारी सेवा में था। सुभाष जून-2022 से विशिष्ठ न्यायाधीश (एनडीपीएस कैसेज़) जयपुर महानगर प्रथम में कार्यरत था।

पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव का कहना है कि राजस्थान हाईकोर्ट ने इस घटना पर संज्ञान लेते हुए गत 11 नवंबर को पुलिस के निर्देश दिये थे कि मामले की जांच पूरी तरह से सही और निष्पक्ष करे। साथ ही जल्द से जल्द जांच पूरी करके रिपोर्ट पेश करे। हाईकोर्ट के आदेश की पालना में जल्द ही जांच रिपोर्ट संबंधित कार्यपालक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश की जायेगी।

## न्यायिक कर्मचारियों का सामूहिक अवकाश जारी

- **सुभाष मेहरा की मौत के मामले में प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों के 17 हजार से अधिक कर्मचारी गुरुवार को भी सामूहिक अवकाश पर रहे।**

**जयपुर,** (का.सं.)। न्यायिक अधिकारी के घर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुभाष मेहरा की मौत के मामले में प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों के 17 हजार से अधिक कर्मचारी गुरुवार को भी सामूहिक अवकाश पर रहे। कर्मचारियों के सामूहिक अवकाश के चलते जयपुर की अदालतों में 21 दिन एवं अन्य जिलों की अदालतों में 9 दिन काम बंद है। कर्मचारी सामूहिक अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन व नारेबाजी कर रहे हैं। आंदोलन की रणनीति बनाने के लिए संघर्ष समिति की शुक्रवार को बैठक होगी।

जयपुर सेशन कोर्ट परिसर से गुरुवार को कर्मचारियों ने खासा कोठी सर्कल तक रैली निकाली। कर्मचारियों ने मांगें नहीं माने जाने तक आंदोलन जारी रखने का फैसला किया है। कर्मचारियों में अब तक मामले में एफआइआर दर्ज नहीं करने को लेकर नाराजगी है।

दूसरी ओर पुलिस आयुक्तालय ने गुरुवार को स्पष्टीकरण जारी किया है। जिसमें कहा है कि मामले कि जांच पुलिस आयुक्त की देखरेख में चल रही है। अब तक की जांच में कर्मचारी के आत्महत्या करना ही सामने आया है। गौरतलब है कि एनडीपीएस मामलों की विशेष कोर्ट में पदस्थापित कर्मचारी सुभाष मेहरा ने 10 नवंबर को न्यायिक अधिकारी के घर पर आत्मदाह कर लिया था। न्यायिक कर्मचारियों का कहना है कि सुभाष की हत्या हुई है। इसलिए एफआइआर दर्ज करने के साथ सीबीआई जांच की जाए।

# राहगीर से मोबाइल छीनने वाला बदमाश गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपी से छह मोबाइल व बाइक बरामद की

**जयपुर** (कासं)। मुरलीपुरा थाना पुलिस ने गुरूवार को राहगीरों से मोबाइल छीनने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से 6 मोबाइल और एक मोटर साइकिल बरामद की है।

डीसीपी वंदिता राणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नूर मोहम्मद कायमखानी निवासी जेपी कॉलोनी भट्टा बस्ती है। उन्होंने बताया कि मोबाइल स्नैचर को पकड़ने के लिए थानाधिकारी हवासिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम को गठन किया गया। टीम की उपनिरीक्षक गीता, हैड कांस्टेबल पवन काजला, प्रकाश चंद, कांस्टेबल तेजाराम और पूरणमल ने सतत निगरानी व सूचना एकत्रित कर आरोपी नूर मोहम्मद कायमखानी निवासी जेपी कॉलोनी भट्टा बस्ती को डिटेन किया। पूछताछ में आरोपी के कब्जे से 4 दिसम्बर को इलाके में राहगीर से लूटा गया एक मोबाइल व वारदात में काम ली गई बाइक बरामद की। इसके बाद पुलिस ने आरोपी से अन्य स्थानों पर छीने गए 5 मोबाइल और जब्त किए। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशे का आदी है। नशे के शौक को पूरा करने के लिए अपने साथी के साथ मिलकर राहगीरों से मोबाइल छीनने की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी कलर पेंट का काम करता है। पूछताछ में उसने आधा दर्जन मोबाइल छीनने की वारदात करना कबूल की है। आरोपी का पूर्व में भी भट्टा बस्ती, कोतवाली, शास्त्री नगर, मुरलीपुरा और झोटवाड़ा में मोबाइल छीनने की 5 वारदातों का सजायाबी रिकॉर्ड पाया गया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में भी जुटी है।



**मुरलीपुरा थाना पुलिस ने गुरूवार को राहगीरों से मोबाइल छीनने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया।**

## एक किलो अफीम समेत तस्कर पकड़े

**जयपुर** (कासं)। जयपुर शहर में पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो अवैध मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया है और जिनके पास से भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ अफीम जब्त की गई है। फिलहाल आरोपी तस्करों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) वन्दिता राणा ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ तस्कर प्रकाश विश्नोई निवासी चितलवाना जिला जालोर और विष्णु बिश्नोई झंवर जिला जोधपुर को थाना इलाके में स्थित एनएच 48 पर देवलिया कट के पास नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से 1 किलो 37 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम और वारदात में प्रयुक्त कार जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपित प्रकाश बिश्नोई हार्डकोर अपराधी व एच.एच है जिसके खिलाफ ढाई दर्जन से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज है। फिलहाल आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ अफीम की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## पडौसी महिला ने दो मासूम बच्चियों पर उडेला गर्म पानी

- **झुलसी बच्चियों को एसएमएस अस्पताल के बर्न वार्ड में इलाज के बाद छुट्टी मिली**

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में दो बच्चियों पर गरम खोलता हुआ पानी डालने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मालवीय नगर क्षेत्र की कॉलोनी में दो बच्चियां खेल रही थी। तभी एक विवाहिता ने दो नाबालिग बच्चियों को घर बुलाकर पहले मारपीट की, फिर उन पर खोलता हुआ पानी डाल दिया। इस घटना से 7 वर्षीय वंशिका और 5 वर्षीय काव्या बुरी तरीके से झुलस गई। झुलसी हालत में दोनों बच्चियां अपने घर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। बच्चियों के शरीर पर जगह-जगह से फफोले उठे हुए थे। जिसके बाद दोनों को जयपुरिया अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों बच्चियां को एसएमएस अस्पताल के बर्न वार्ड में रैफर कर दिया गया। बर्न वार्ड में प्राथमिक उपचार के बाद बच्चियों को छुट्टी दे दी है। इस संबंध में पीड़ित परिवार की ओर से मालवीय नगर थाने में कॉलोनी की ही रहने वाली 30 वर्षीय वीणा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

परिजनों का आरोप है कि वीणा ने जानबूझकर दोनों बच्चियों पर खोलता हुआ पानी डाल दिया। बच्चियां बुरी तरीके से झुलस गई। पुलिस ने बताया कि मुकदमा दर्ज हो जाने के बाद बीना से पूछताछ की गई व उसे कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। इस दौरान वीणा के परिवार के लोगों ने मानसिक बीमार होने की बात कही। जिसके आधार पर वीणा को जमानत मिल गई है, लेकिन मामला अभी अनुसंधान में चल रहा है।

गर्म पानी से जलाने के बाद अब बच्चियां बहुत ज्यादा डरी हुई है। बताया जा रहा है कि वंशिका और काव्या एक ही घर में रहते हैं। वंशिका के पिता दिलीप का कहना है कि घर के सामने ही वीणा रहती है। वीणा काफी समय से ससुराल को छोड़कर घर पर रह रही है। उसकी खुद की भी 8 साल की एक बेटी है। उसने जानबूझकर खोलता हुआ गर्म पानी हमारी बेटियों पर डाला है, जिससे बेटियां बुरी तरीके से झुलस गई। आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

## जयंती महोत्सव

**जयपुर** । रसिक माधुरी शरण का 124 वीं जयंती महोत्सव शुक्रवार को सुभाष चौक पानों का दरीबा स्थित सरस निकुंज में महंत अलबेली माधुरीशरण के सान्निध्य में मनाया जाएगा। सुबह 10.30 बजे ठाकुर जी का अभिषेक आरती और मध्यान्ह 12.30 बजे से मंगलाचरण के बाद दादागुरू की बधाईयां, नृत्यगान, बधाईउछाल के कार्यक्रम होंगे। शाम को आरती व रात नौ बजे से जागरण, बधाई गान और विशेष गुरू महिमा का बखान होगा।

# तेज रफ्तार बस की टक्कर से 3 भाई-बहनों की मौत

## जोबनेर के आसलपुर तिराहे पर हुआ हादसा, आरोपी चालक बस छोड़कर भागा

**जयपुर** (कासं)। जयपुर ग्रामीण जिले के जोबनेर थाना इलाके में बेकाबू निजी बस की चपेट में आने से तीन सगे भाई बहनों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान बस चालक मौके पर बस को छोडकर भाग गया। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया।

एएसआई लेखराम ने बताया कि हादसा थाना इलाके में स्थित आसलपुर तिराहे के पास हुआ था। जहां शादी समारोह में भाग लेने के लिए बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रहे पप्पू राम गुर्जर(45), बनवारी लाल गुर्जर(25) और बाली देवी (30) को बेकाबू बस ने तीनों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे तीनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। इस दौरान चालक मौके से भाग गया। वहीं बस में कुछ गुस्साएं लोगों ने सवारी उतरने के बाद तोड़फोड़ की। बस में सवार सभी लोगों को दूसरी बस से करौली भेज दिया हैं।

वहीं बडी संख्या में लोग सड़क पर उतरे और रास्ता जाम कर मुआवजे की मांग की। जानकारी मिलने पर एसडीओ जोबनेर मौके पर पहुंचे और परिवार के लोगों से समझाइश की। इसके बाद परिजनों के मौजूदगी में मृतकों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया गया।

## जवाहर नगर में छात्रा से छेड़छाड़

**जयपुर** । जवाहर नगर इलाके में खाना लेने जा रही एक छात्रा से अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने ने बताया मूलतया दिल्ली निवासी 23 वर्षीया युवती इलाके में रह कर पढ़ाई कर रही है। बुधवार शाम करीब 7 बजे युवती घर के पास ही स्थित होटल पर खाना लेने जा रही थी। तभी मोनीलेक अस्पताल के पास अज्ञात बाइक सवार ने उसे पकड़ लिया और अश्लील हरकत करने लगा, चिल्लाने पर वह भाग छूटा।

## यातायात पुलिस को मिलेंगे 25 नए इन्टरसेप्टर वाहन

- **डिजिटल जीपीएस, वाईफाई और इंटरनेट तकनीक से लैस यह इंटरसेप्टर एक कि.मी. दूर से ही वाहनों की गति माप लेंगी**
- **यह नए इंटरसेप्टर दिन में 250 मीटर और रात में 100 मीटर से ज्यादा ओवरस्पीडिंग वाहनों का स्वचालित नंबर प्लेट पहचान सहित, चित्र व वीडियो लेकर एनआईसी-आईटीएमएस ई-चालान जारी कर सकेंगे**

**जयपुर** । यातायात पुलिस के लिये उपलब्ध कराई जा रही इंटरसेप्टर वाहनों का अवलोकन गुरूवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किया।



अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वी. के. सिंह ने बताया कि यह 25 इंटरसेप्टर आधुनिक 2022 डिजिटल जीपीएस, वाईफाई, इंटरनेट तकनीक से लैस है। इसमें उच्च गुणवत्ता एचडी कैमरा सहित, 1 किलोमीटर दूरी से वाहनों की गति मापने की क्षमता का स्पीड लेजर गन उपलब्ध है। दिन में 250 मीटर और रात में 100 मीटर से अधिक ओवरस्पीडिंग वाहनों का स्वचालित नंबर प्लेट पहचान सहित, चित्र-वीडियो लेकर एनआईसी-आईटीएमएस ऑनलाइन ई-चालान जारी करने में सक्षम है। इसमेलेजर ट्रैक गति कैमरा के अतिरिक्त, 360 डिग्री का कैमरा रिकॉर्डर, ब्रेथ अल्कोहल एनलाइजर, टिंट मीटर, एलईडी साइनेज, एलईडी लाइट बार और उच्च क्षमता का सायरन और पीए सिस्टम उपलब्ध है। वाहनों पर यह सिस्टम तैयार किया है। यह इंटरसेप्टर कुछ ही दिनों में ट्रेनिंग के पश्चात सभी जिलों में उतारी जाएंगे।

# महेन्द्र मीणा हत्याकाण्ड में लिप्त एक महिला सहित दो और लोग गिरफ्तार

## गिरफ्तार दोनों लोगों ने हत्या के आरोपियों को फरार कराने में मदद की थी

**जयपुर,** (कासं)। राजधानी की प्रताप नगर थाना पुलिस और सीएसटी व डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए प्रताप नगर में हुए महेन्द्र मीणा हत्याकांड के मामले में आरोपियों को फरार कराने में मदद करने पर एक महिला सहित दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में बुधवार को भी फरार दो बदमाशों को गिरफ्तार किया था।

डीसीपी डॉ. राजीव पचार ने बताया कि 1 नवंबर को प्रताप नगर इलाके में गोदावरी अपार्टमेंट में आपसी रंजिश को लेकर गैंगवार हुई थी। इस दौरान फायरिंग में एक गैंग के सरगना महेन्द्र मीणा की गोली लगने से मौत हो गई थी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। आरोपियों को पकड़ने के लिए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अवनीश शर्मा और सुलेश चौधरी के निर्देशन में प्रताप नगर थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम बनाई गई। पुलिस ने मामले में आरोपियों की मदद करने वाले अमरचंद देवन्दा

**आरोपी अमरचंद और सुनीता**

(25) निवासी देवन्दों की ढाणी महेशवास मौजमाबाद जयपुर और सुनीता मीणा (42) निवासी मेडी गांव वजीरपुर सवाई माधोपुर को राउंड अप किया गया। पूछताछ में सामने आया कि अमरचंद ने वारदात की पूरी जानकारी होने पर भी लखीमपुर खेरी उत्तरप्रदेश में विनीत मेडी, महेश नांगल और बच्चा नांगल को एक रात शरण देकर अपने यहां छुपाया।

- **आरोपी अमरचंद ने लखीमपुर खेरी उत्तरप्रदेश में विनीत मेडी, महेश नांगल और बच्चा नांगल को एक रात शरण देकर अगले दिन अपनी कार से दूसरे स्थान पर पहुंचाया था।**

फिर अगले दिन अपनी कार से दूसरे स्थान पर पहुंचाया। साथ ही पैसे की व्यवस्था की। वहीं सुनीता मीणा ने आरोपियों से बात कर अपने जेठ के लडके विवेक के साथ कपड़े पैसे और अन्य आवश्यक सामान उपलब्ध कराया। वहीं इस संबंध में महिला से पूछताछ की गई तो उसने जांच में सहयोग नहीं किया। आरोपियों ने वारदात में प्रयुक्त हथियारों को घटना के बाद विवेक के साथ घर पर भेजा था। जिन्हें छुपाने की कोशिश की गई। पुलिस के सर्च में हथियार मिलने पर वजीरपुर थाने में मामला दर्ज किया गया।

## सार-समाचार

### अवनीश्वर महादेव मंदिर की स्थापना



**जयपुर,** (का.सं.)। बीलवा कलां स्थित अवनी होम्स परिसर में सभी निवासियों के सहयोग से अवनीश्वर महादेव मंदिर की स्थापना की गई जिसमें शिव परिवार, राधा कृष्णजी हनुमानजी, दुर्गा माता, चौथ माता, प्रेतराज बालाजी एवं शीतला माता की मूर्तियां स्थापित कि गई। राजस्थान उच्च न्यायालय के अधिवक्ता मुनेश चन्द शर्मा ने बताया की मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा का पंचदिवसीय कार्यक्रम ग्यारह विद्वान पन्डितों द्वारा पूरे विधि विधान से किया गया जिसमें कलश यात्रा, हवन, श्रगांर, आरती, शिव भगवान की बारात एक हाथी चार घोड़ों व गाजेबाजे के साथ निकाली गई, तथा भंडारे में लगभग तीन हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं द्वारा प्रसादी ग्रहण की गई। शाम को राजस्थानी कलाकार शालू सोनी द्वारा भक्ति गानों से सम्पूर्ण परिसर को भक्तिमय बना दिया जिसमें सभी भक्तगण गानों पर जमकर झूमे नाचे कार्यक्रम में परिसर के अलावा आस पास की कॉलोनीयों के निवासियों ने भी भाग लिया।

### योग साधना भवन का लोकार्पण कल

**जयपुर** । जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में 10 दिसंबर को नवनिर्मित योग साधना भवन का लोकार्पण होगा। कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे ने बताया कि प्रदेश में पहली बार विभिन्न आधुनिक सुविधाओं से युक्त योग साधना भवन का निर्माण विश्वविद्यालय परिसर में हुआ है। इसके निर्माण पर सरकार ने 5 करोड रुपए खर्च किए हैं। राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत साधना भवन का लोकार्पण करेंगे। समारोह में संस्कृत शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला, सांसद रामचरण बोहरा और विधायक गंगा देवी भी मौजूद रहेंगे। प्रो. दुबे ने बताया कि प्रदेश में पहली बार बनने जा रही नवग्रह और नक्षत्र वाटिका का शिलान्यास भी समारोह में होगा। उन्होंने बताया कि उच्च तकनीकी और वैज्ञानिक आधार पर बनने वाली नवग्रह एवं नक्षत्र वाटिका का निर्माण नारद पुराण में बताई विधि के अनुसार होगा। इन वाटिकाओं में 9 ग्रहों, 27 नक्षत्रों एवं 12 राशियों के अनुसार पेड-पौधे लगाए जाएंगे। नवग्रह वाटिका में 9 कुंडो, 16 स्तंभों व 4 द्वारों से युक्त वैदिक यज्ञशाला का शास्त्र विधि से निर्माण किया जाएगा। आम लोगों को सौर मंडल की वैदिक अवधारणा से जोडने के लिए 45 मिनट का शो भी दिखाया जाएगा। वाटिका में लगभग 100 चित्रों से ग्रहों, नक्षत्रों, राशियों, प्राचीन ज्योतिर्विज्ञान से सम्बद्ध विभिन्न विषयों के प्रदर्शन की योजना भी विश्वविद्यालय बना रहा है। वाटिकाओं के निर्माण पर विश्वविद्यालय की निजी आय से करीब 2 करोड रुपए खर्च होंगे। इस दौरान कुलसचिव दुर्गेश राजोरिया, शास्त्री कोसलेंद्रदास और सहायक कुलसचिव डॉ. जेएन विजय उपस्थित रहे।

### बघेरिया का जन्मोत्सव मनाया



**जयपुर।** हेप्पी क्लब द्वारा स्वेज फार्म पार्क में अपने वयोवृद्ध सदस्य बृज किशोर बघेरिया का जन्म दिवस उत्सव धूमधाम से मनया गया। क्लब के अध्यक्ष रतनलाल मिश्रा और अन्य सदस्यों ने बघेरिया के सुखी, सम्पन्न, स्वस्थ, दीर्घायु जीवन की कामना की। गुरुवार को आयोजित इस समारोह के अवसर पर देवीसिंह नरूका ने बघेरिया की पत्नी सावित्री बघेरिया ने समाज के कमजोर वर्ग के करीब 70 बच्चों को जुराबें, मिठाई व अन्य उपहार भेंट किये।

### उत्तराखंड में भ्रूण प्रत्यारोपण प्रशिक्षण

**जयपुर** । पांच दिवसीय भ्रूण प्रत्यारोपण प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्तराखंड में लाइवस्टॉक डेवलपमेंट बोर्ड, देहरादून द्वारा राज्य के पशु चिकित्सकों के लिए 19 दिसम्बर से 23 दिसंबर तक आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षण में चयनित पशु चिकित्सकों को पशुपालन निदेशालय द्वारा देहरादून भेजा जायेगा। गौरतलब है की भ्रूण प्रत्यारोपण एक ऐसी तकनीक है जिसके द्वारा एक दाता मादा पशु से भ्रूण एकत्र किए जाते हैं और प्राप्तकर्ता मादा पशु को स्थानांतरित कर दिए जाते हैं, जो शेष गर्भावस्था के लिए सरोगेट मां के रूप में काम करती हैं। इस तकनीक के माध्यम से कम अनुवांशिक क्षमता वाली मादा पशुओं को प्रजनन के लिए तैयार किया जाता है। तकनीक के बारे में अधिक जानकारी देते हुए पशुपालन विभाग के अतिरिक्त निदेशक फार्म एवं सम्पदा डॉ. नवीन मिश्रा ने बताया की इस तकनीक के माध्यम से पशुओं की आनुवांशिक क्षमता में सुधार होने के साथ प्रजनन क्षमता को भी बढ़ाया जा सकता है, जिससे पशुपालक को आर्थिक एवं मानसिक सम्बल मिल सकेगा। उन्होंने कहा की विभाग राज्य में शीघ्र ही भ्रूण प्रत्यारोपण केंद्र खोलने की कार्ययोजना पर तीव्र गति से कार्य कर रहा है।

### आयरलैंड में व्यापारिक संभावना पर चर्चा

**जयपुर** । आयरलैंड के बिजनस, एंप्लायमेंट व रिटेल मंत्री डेमिन इंग्लिश टीडी ने आल राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री एसोसिएशन (आरतिया) पदाधिकारियों से जूम के जरिए राजस्थान और आयरलैंड के बीच व्यापारिक संभावनाओं पर संवाद किया। जूम मीटिंग का आयोजन फैडरेशन आफ इंडियन कम्युनिटी इन आयरलैंड (फिकी) ने किया था। फिकी के चेयरपर्सन जसवीर सिंह पुरी ने प्रारंभ में स्वागत किया, निदेशक कुलदीप जोशी ने आरतिया का परिचय दिया और बताया कि राजस्थानी कारोबारियों के लिए आयरलैंड के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े निवेश की संभावना है। आरतिया के एडवाइजर स्ट्रेटेजी ज्ञान प्रकाश ने निवेश योग्य सात प्रमुख क्षेत्रों का प्रजेंटेशन देकर बताया कि राजस्थान के कारोबारियों के लिए सात प्रमुख क्षेत्रों एजुकेशन, स्किल डेवलपमेंट, हैल्थ एवं वैलनेस, टूरिज्म एवं कल्चर, रिन्यूएबल एनर्जी, एग्रिकल्चर और रियल एस्टेट मे कारोबारी विस्तार की संभावना है। डेमिन इंग्लिश टीडी और उनके सहयोगियों डिप्टी हैमर इगिस और डेक्लान बर्गिस ने आरतिया के प्रजेंटेशन को ध्यान से सुना और आरतिया प्रतिनिधिमंडल को आयरलैंड विजिट कर कारोबारी सहयोग का रोड मैप बनाने के लिए आमंत्रित किया।

### दो लोगों को जान से मारने की धमकी

**जयपुर** (कासं)। कालवाड़ इलाके में जमीनी विवाद के चलते दो लोगों को जान से मारने की धमकी मिली है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। जांच-अधिकारी एएसआई विजय सिंह ने बताया रायथल थाना कालाडेरा निवासी श्याम लाल यादव ने रिपोर्ट दी है कि अंसल सुशांत सिटी के पास स्थित करीब 5 बीघा जमीन पर लालाराम के साथ पार्टनरशिप में ली हुई है। इस जमीन को खाली करने के लिए बीएल यादव, लक्की रानोली और शक्ति रानोली व्हाट्सप्प कॉल पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

### दो हजार रु.का इनामी बदमाश दबोचा

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर पुलिस ने दो हजार रूपए के इनामी अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। थानाधिकारी दिलीप सोनी ने बताया गिरफ्तार आरोपित शमसाद शेख (48) गांव फरासूत थाना बैरागाछी जिला अररिया, बिहार का रहने वाला है। इस पर दो हजार रूपए का इनाम घोषित है। आरोपित पूर्व में जयपुर में रहकर मजदूरी करता था। घटनाक्रम के मुताबिक 30 जनवरी 2021 को आरोपित कावेरी पथ पर स्थित शराब के ठेके पर शराब पी रहा था, जहां वरुण पथ निवासी किशन चंद उर्फ़ भंवर से उसकी कहासुनी हो गई। इसके बाद आरोपित शमसाद ने किशन के सिर पर पत्थर दे मारा, जिससे उसकी मौत हो गई।



## World Techno Day

There is just something so compelling about the driving rhythm that reaches right down into the depths of the soul, and brings out that base animal nature. For some, techno is just music that gets their heart rate up. For others it's a shamanistic dive into the psychedelic lights and writhing body that brings about an altered state, irrespective of any chemical influence.World Techno Day is dedicated to bringing more people into the world of techno music.

राष्ट्रदूत
FRIDAY
9 December 2022
A-B

#LIFESTYLE

# Indoor Plants That Don't Need a Lot of Sunlight

These overlooked house plants can survive in the dark, almost.



We've talked a lot about hard-to-kill houseplants, especially when it comes to really dark homes that don't get tons of natural light. You probably know about cast iron plants, the ZZ, and the sansevieria. But here are a handful of often overlooked plants that you might not know do well in low light, and don't remind you of the doctor's office.

### Begonias

These plants offer a wide range of leaf colours and shapes and, if you get a Rex Begonia, it will live quite happily without any direct light. Just make sure you don't overwater it. Soak it and let it dry out, and repeat.

### Swedish Ivy

Plectranthusaustralis has an old fashioned look that sort of reminds us of grandma. And fun fact: it's actually neither Swedish, nor an ivy. Also called Creeping Charlie, it's a fast-growing trailing plant that works well in hanging planters. It's an ideal plant for beginners, because it thrives in a range of soil, watering, and light conditions.






### Mint

Mint will normally grow in a bog, so as long as you keep it moist and it gets a little bit of light, you should be able to harvest mint for tea, fruit salads, and cocktails. It also has the added advantage of giving off a nice scent indoors.


### Moss Terrariums

If you seriously have very little light, consider creating a moss terrarium. It just needs moisture and glances of light. Position it near a window where it can get reflected light and it should thrive. If you don't know where to start, consider a kit to get you going, or buy a beautiful one that's already constructed. The moss terrariums from Doodle Birdie on Etsy are remarkably beautiful and ready to go.




### Maidenhair Ferns

Maidenhair Ferns are fantastic because they have frilly, fun leaves that are different from the usual thick leaves of indoor plants. Most ferns do well inside with low light (and ferns look great in terrariums).





Amazing Folk Dances.



Le Meridien, Jaipur

# Band Baja Baraat & Jaipur



Sadhana Garg
*Journalist & social entrepreneur*

Kukas, once a slumbering Industrial town set up by RIICO today is a hub of upscale lux hotels that have become centres of destination weddings. There are around 22 Hotels in this quaint township with a scenic ambience. 10 miles from Amber one can find a hotel for any segment, be it ultra-luxury, luxury or even mid-segment.

Beside finding the right life partner these days choosing the right venue for the wedding is the most vital decision that impacts a couple's life. A venue for a wedding has become the single largest expense and yet is most variable. Gone are the days when dowry given to the bride was a major item on a wedding spreadsheet. That expense has been replaced by the choice of a venue. If it is a "destination wedding" then so much heftier. Best summed up by a popular saying in the event management jargon- "the sizzle costs more than the steak."

As first planned city of the country, Jaipur celebrates its 294th foundation day every year in 18th November. With time it has also earned for itself the reputation of the most favoured wedding destination not only in the country but globally as far as the NRI's go. In fact says an event manager "It's not only the Desi Indians from abroad who have made Jaipur their venue for the wedding in the family but from time to time even the foreigners have come to Rajasthan to tie the knot. Hollywood actress Liz Hurley and Arun Nayar the textile tycoon and later Priyanka Chopra and Nick Jonas settled for Mehrangarhh Fort in Jodhpur. Katty Perry and Russel Brand went to Aman-i- Khas a resort near Ranthambore Tiger Reserve.

#WEDDING-WIRE

The seriously rich celebrities in settling for a fit for a princess kind of a wedding were following a trend that had long been kick-started by the Indian money bags. According to a conservative estimate in Jaipur alone around 300 weddings with a kitty of 2 crores and above are held in a wedding season.

Kukas, once a slumbering Industrial town set up by RIICO today is a hub of upscale lux hotels that have become centres of destination weddings. There are around 22 Hotels in this quaint township with a scenic ambience. 10 miles from Amber one can find a hotel for any segment, be it ultra-luxury, luxury or even mid-segment.

The maximum number of wedding held in Jaipur are from NCR, points out Arshad Hussain past President of Federation of Rajasthan Event Managers. Kukas has earned many brownie points- firstly it's located on the Delhi-Jaipur Highway making it easy to commute. The traffic snarls are missing and the motorable road is good. The air is clean. Jaipur, in spite of being expensive, works out cheaper than having a wedding in the NCR. The Kukas hotels with their sprawling properties and gardens surrounded by the Aravalli range create a luxurious heritage ambience. Fairmont, the only hotel in the country of its flagship brand is preferred due to its ultra-luxurious hospitality and interiors that transport a client to the days of fairy tale fort living. JW Marriott is second to none in its bookings for destination weddings.

The most recent addition to the Kukas hospitality bandwidth is ITC's I30 rooms luxury proposed property spread over 30 acres, under its brand "Momentos".

Hitherto ITC Rajputana in the midst of a busy city zone without a large garden layout had been missing out on big ticket weddings. No wonder Anil Chadha, Chief Executive, ITC Hotels termed the move as growth story driven by an asset right strategy. "After 'Mementos Udaipur' earlier this month to 'Mementos Jaipur', this is the second addition to the ITC inventory. It is hoped it too will figure as a venue for a big fat Indian wedding. Shiv Vilas and Le Meridian are some of the other hotels -though somewhat second in the rung. As per the norms of the hospitality sector Jaipur is a complete package. There are enough built heritage sites that offer royal settings for a wedding event just as the pink city is a shopper's paradise. The rich cultural living traditions and its communities of heritage performers further add the right regal flavour to a couple's most memorable fanfare. Be it Kacchi ghodi, Kalbeliya, Ghoomar dancers, Bhavai, Gair, Chari dances, folk artiste or maand that were once being pushed beyond the pale of civilisation have due to the Indian wedding found new means to stay alive by performing at a wedding wherein ceremonies are spread over at least two -three days. The guest on their part are only too happy to be in step with the rhythm and regal verve of rich culture of Rajasthan. Who can deny that the colourful presence of these artistes adds to the lavish enjoyment of the weddings that have with time at worst become vulgar display of wealth and at best a resplendent pageantry.

> In the city, Rambagh Hotel built in the Indo Saracenic style and once the residence of Maharaja Sawai Man Singh and his world famous third wife Maharani Gayatri Devi is now a sprawling palace hotel. An ultimate in luxury and experiential hospitality it is with the Taj group making it one of the premier palace hotels in the world. Much smaller to Rambagh in number of rooms and size is Rajmahal Hotel. Fabled to have been built in 1729 for a Sisodia princess it later became the residence of the British Residents.



Destination wedding in Jaipur.

The 20 camels hired by Katy Perry -Russell Brand wedding to be part of the procession or "baraat" as we know it is a case in point.

In the city, Rambagh Hotel built in the Indo Saracenic style and once the residence of Maharaja Sawai Man Singh and his world famous third wife Maharani Gayatri Devi is now a sprawling palace hotel. An ultimate in luxury and experiential hospitality it is with the Taj group making it one of the premier palace hotels in the world.

Much smaller to Rambagh in number of rooms and size is Rajmahal Hotel. Fabled to have been built in 1729 for a Sisodia princess who wished to distance herself from the intrigues of the Zenana at the City palace it later became the residence of the British Residents and later also of their royal Highnesses of Jaipur. It was then that it earned the sole distinction of having hosted Queen Elizabeth and Prince Philip and Jacqueline Kennedy on another occasion as private guests.

Both the hotels and Jai Mahal Palace Hotel are popular choices for any wedding extravaganza. The laid out Mughal gardens lending themselves to a picture perfect recreation of the old world charm- a USP of city hotels that as Arshad said "Delhi might be the capital of India but Jaipur has become the destination wedding capital of the world."

The big fat Indian wedding market is of about 300 lakh corers of which Rajasthan bags 50 percent and of that only half is accounted for as "organised sector" or simply put pays taxes to the government" divulges an industry insider on conditions of anonymity.

Post Covid as the New Normal becomes a thing of the past and the "shaadi economy" reboots, cash registers ring with the band, baja and baraat back in the Pink city.

writetoarbit@rashtradoot.com







Jai Mahal Palace, Jaipur.

#LITERATURE FEST

# Of Books, Art & Fun!

The Pink City witnessed the best of books, art and performances at the first ever 'Kukdukoo - kid's literature festival'. With a stellar line up of author sessions, immersive stories, clown and mime performance, art and creative writing workshops, the event was conceptualized to promote children's creativity and interest in literature and arts.





Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*

An initiative taken by two young and enterprising fathers, who believe that every child deserves an equal opportunity, Kukdukoo – India's popular literature festival for children had its first stint in the Pink City recently. Held at the city's multi arts and cultural centre, Jawahar Kala Kendra, the 2-day event was a celebration of childhood through literature and arts.

Especially curated for children between the ages 2.5 years to 12 years and their parents, the festival intrigued the kids and instilled a deep seated love for books, reading, stories, art forms and much more. With a series of immersive and multi-disciplinary experiences including author sessions, several shows and performances such as clown, mine, story-drama, creative writing workshops, the event worked as a great weekend family getaway for spending time creatively. The book fair, food and shopping display were also a crowd puller.



The event witnessed the presence of prominent personalities including award-winning and acclaimed authors, artists and performers from all over the country. Authors like Seema Chari, Varsha Seshan, Ajit Narayan, Adittya Mubayi, Madhirima Vidyarthi attended the show along with acclaimed storytellers like Lopamudra Mohanty, Simi Srivastava, Seema Wahi Mukherjee, Shalini Bansal, Garima Arya,among others. Similarly, well known performing artists like Walter Peter (renowned Indian clowning artist), Kunal Motling (Indian Charlie Chaplin), Purple Mangoes (renowned clown company), were also a part of the event.

Telling more about the objective of the event, Avishek Roy, Co-Founder, Kukdukoo, said, "We need a directional change to move our young children away from gadgets and other distractions and develop the love for books, stories, art and creativity. This is a conscious and directed effort to bring to our young children, much-needed exposure to literature, creativity, art and our cultural heritage."

Echoing Roy's thoughts, Mr. Jugmendra Baliyan shares "With this fest, our intention is simple and clear - to keep the kids engaged while also igniting their minds through the nuances, finesse and appreciation for literature and art."

With an idea to spread the love of reading and stories, nurture young art enthusiasts, and indulge young kids in various fun and educational activities, all at one platform, Kukdukoo came into being in the year 2019 and gained popularity as a well-known platform for kids' festival.



#COVID-19


# Where Did Omicron Come From?

BA.1 Omicron variant evolved gradually, during which time the virus increasingly adapted to existing human immunity.

First discovered a year ago in South Africa, the SARS-CoV-2 variant later dubbed "Omicron" spread across the globe at incredible speed. It is still unclear exactly how, when and where this virus originated. Now, a study published in the journal Science* by researchers from Charité - Universitätsmedizin Berlin and a network of African institutions shows that Omicron's predecessors existed on the African continent long before cases were first identified, suggesting that Omicron emerged gradually over several months in different countries across Africa.

Since the beginning of the pandemic, the coronavirus has been constantly changing. The biggest leap seen in the evolution of SARS-CoV-2 to date was observed by researchers a year ago, when a variant was discovered that differed from the genome of the original virus by more than 50 mutations. First detected in a patient in South Africa in mid-November 2021, the variant later named Omicron BA.1 spread to 87 countries around the world within just a few weeks. By the end of December, it had replaced the previously dominant Delta variant worldwide.


Since then, speculations about the origin of this highly transmissible variant have cantered around two main theories: Either the coronavirus jumped from a human to an animal where it evolved before infecting a human again as Omicron, or the virus survived in a person with a compromised immune system for a longer period of time and that's where the mutations occurred. A new analysis of COVID-19 samples collected in Africa before the first detection of Omicron now casts doubt on both these hypotheses.




The analysis was carried out by an international research team led by Prof. Jan Felix Drexler, a scientist at the Institute of Virology at Charité and the German Centre for Infection Research (DZIF). Other key partners in the European-African network included Stellenbosch University in South Africa and the Laboratory of Viral Hemorrhagic Fever (LFHB) in Benin.

The scientists started by developing a special PCR test to specifically detect the Omicron variant BA.1. They then tested more than 13,000 respiratory samples from COVID-19 patients that had been taken in 22 African countries between mid-2021 and early 2022. In doing so, the research team found viruses with Omicron-specific mutations in 25 people from six different countries who contracted COVID-19 in August and September 2021 - two months before the variant was first detected in South Africa.

To learn more about Omicron's origins, the researchers also decoded, or "sequenced," the viral genome of some 670 samples. Such sequencing makes it possible to detect new mutations and identify novel viral lineages. The team discovered several viruses that showed varying degrees of similarity to Omicron, but they were not identical. "Our data show that Omicron had different ancestors that interacted with each other and circulated in Africa, sometimes concurrently, for months," explains Prof. Drexler. "This suggests that the BA.1 Omicron variant evolved gradually, during which time the virus increasingly adapted to existing human immunity." In addition, the PCR data led the researchers to conclude that although Omicron did not originate solely in South Africa, it first dominated infection rates there before spreading from south to north across the African continent within only a few weeks.



THE WALL





BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर बिजनेसमैन की बहू कंचन व पोती

## 'लड़की नहीं लड़का चाहिए, तू कलंक है हमारे परिवार के लिए'

■ मामला दर्ज होने के बाद विवाहिता का ससुर ओमप्रकाश अपने पिता मोहन सोनी के साथ गायब

**हनुमानगढ़,** (निसं)। लड़की नहीं, लड़का चाहिए। तू परिवार के लिए कलंक है। 5 लाख रुपए दहेज के अपने घरवालों से लाकर दे, तभी तुझे घर में घुसने देंगे। इतना कहते-कहते कंचन फफक-फफक कर रोने लगती है। कभी वो सामने पति के आलीशान घर को देखती है तो कभी अपनी मासूम ढाई साल की बेटी को। जिस बिजनेसमैन परिवार की बहू को इस आलीशान घर में होना चाहिए, वो सड़क किनारे ठिठुर रही है। सर्द रात में खुले आसमान के नीचे मां-बेटी को पड़ोसियों ने देखा तो रहा नहीं गया। उन्होंने कंबल और बिस्तर दिए। कंचन ने यह भी लेने से इनकार कर दिया। पड़ोसियों ने बेटी का हवाला देकर समझाया तब कंचन ने कंबल और बिस्तर रखे।

हनुमानगढ़ के टोपरियां के रहने वाले कंचन के पिता आदराम ने अपनी बेटी के साथ हो रहे अन्याय की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। आदराम की ओर से दी गई रिपोर्ट के अनुसार, कंचन की शादी करीब 4 साल पहले गोलूवाला सिहागान के वार्ड 1 निवासी प्रवीण पुत्र ओमप्रकाश सोनी के साथ हुई थी। 1 साल पहले ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे घर से निकाल दिया था, जिसके बाद से वो पीहर में ही रह रही है। 8 दिसंबर को कंचन की ननद की शादी है। पति से मिलने और शादी में शामिल होने के लिए कंचन अपनी ढाई साल की बेटी भाविका के साथ शाम को गोलूवाला आई थी। ससुराल पक्ष की महिलाओं ने उसे घर में घुसने नहीं दिया। कंचन को धक्के मारकर और बाल पकड़कर घर से बाहर निकाल दिया गया।

बड़े बिजनेसमैन की बहू कंचन इसी घर के सामने धरने पर बैठी है। उसके साथ उसकी ढाई साल की बेटी भी है। घर में ननद की शादी की तैयारियां चल रही हैं।

गोलूवाला थाना प्रभारी भजनलाल लावा ने बताया कि कंचन के पिता की रिपोर्ट के आधार पर दहेज के लिए मारपीट करने की धाराओं में ओमप्रकाश सोनी की मां शांति देवी, बहन कमला, पत्नी मंजू देवी, बेटी ईशु के खिलाफ नामजद और एक अज्ञात महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामला दर्ज होने के बाद विवाहिता का ससुर ओमप्रकाश सोनी अपने पिता मोहन सोनी के साथ घर से गायब हो गया है। इनकी किराना और आढ़त की दुकानें हैं, जो बंद बताई जा रही हैं।

कंचन अपनी ढाई साल की बेटी के साथ खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर है। उसने भी ठान लिया है कि जब तक उसे न्याय नहीं मिलेगा, धरना खत्म नहीं करेगी।

ससुराल में घर के बाहर धरने पर बैठी कंचन ने रोते हुए कहा- उसका पति उसके साथ रहने को राजी है। ससुराल पक्ष के लोग उससे बात तक नहीं करने दे रहे हैं। पुलिस ने उसे जरूर सुरक्षा दी है। एक महिला कॉन्स्टेबल और पुरुष कॉन्स्टेबल पूरी रात मेरी सुरक्षा में तैनात रहे। प्रशासन उसकी कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। जब तक मुझे न्याय नहीं मिलेगा, मैं यहां से नहीं हटने वाली। चाहे कितने भी दिन यहां बैठना पड़े।

कंचन ने कहा- मैं पिछले एक महीने से ननद की शादी में शामिल होने की कोशिश कर रही हूं। मुझे शामिल नहीं होने दे रहे हैं। ये लोग बोल रहे हैं कि उनको मुझसे खतरा है। मैं कोई आतंकवादी हूं, मैं कोई फूलन देवी हूं, जो इनको खतरा है। मेरे बैग में कोई हथियार है। मैं तो हंसी-खुशी अपनी ननद की शादी में शामिल होना चाहती हूं। बोल रहे हैं कि तेरे पिता को बोल हमें 5 लाख रुपए देंगे तो ही तुझे शादी में शामिल करेंगे, वरना नहीं करेंगे। इन्होंने मेरे सारे जेवर यहां तक कि मेरा मंगलसूत्र भी छीन लिया है। गांव के प्रमुख लोगों ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला खत्म करने की कोशिश की, लेकिन विवाद और बढ़ गया। कंचन पूरी रात खुले आसमान के नीचे रही।

# हाईकोर्ट ने पर्याप्त स्टाफ व संसाधन नहीं होने पर राज्य सरकार से मांगा जवाब

## मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरणों से जुड़ा था मामला

■ 'दो सप्ताह में हलफनामा और आवश्यक सामग्री पेश कर बताएं कि अपने प्रशासनिक आदेश से राज्य मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण के लम्बित प्रकरण को अन्य न्यायालयों में क्षेत्राधिकार और श्रवनाधिकार बताकर उन्हें हस्तांतरित कर सकता है?'

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय की खंडपीठ के मुख्य न्यायाधीश पंकज मिथल और न्यायाधीश दिनेश मेहता ने कहा है कि दो सप्ताह में हलफनामा और आवश्यक सामग्री पेश कर बताएं कि अपने प्रशासनिक आदेश से राज्य मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण के लम्बित प्रकरण को अन्य न्यायालयों में क्षेत्राधिकार और श्रवनाधिकार बताकर उन्हें हस्तांतरित कर सकता है। उन्होंने राज्य सरकार को भी न्यायालय के 23 नवंबर के आदेश की पालना में यह विगत वार बताने का निर्देश दिया है कि राज्य में स्थापित 31 दावा अधिकरण में पर्याप्त स्टाफ और संसाधन उपलब्ध है।

जिला अभिभाषक संघ, बांसवाड़ा की ओर से जनहित याचिका पर बहस करते हुए अधिवक्ता अनिल भंडारी ने कहा कि राज्य के दावा अधिकरणों में न तो समुचित स्टाफ है और न ही समुचित संसाधन और सुविधाएं हैं।उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के प्रशासनिक आदेशों से श्रम न्यायालय जोधपुर महानगर और अन्य जगहों पर भी मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण के लम्बित प्रकरण पारिवारिक न्यायालय, श्रम न्यायालय और अपर जिला न्यायालयों में क्षेत्राधिकार देकर हस्तांतरित कर दिए गए है लेकिन अधिकांश जगह लेखाधिकारी, स्टेनोग्राफर और अन्य स्टाफ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं किए जा रहे है,जिससे दुर्घटना दावों का निस्तारण अत्यधिक देरी से हो रहा है। सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता और अतिरिक्त महाधिवक्ता संदीप शाह ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश की पालना में मोटर दावा अधिकरणों में अधिकांश जगह लेखाधिकारी और स्टेनोग्राफर नियुक्त कर दिए गए हैं। हाईकोर्ट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डा सचिन आचार्य ने कहा कि हाईकोर्ट के प्रशासनिक आदेशों से ही मोटर दावा अधिकरणों के काफी मामले अन्य न्यायालयों को क्षेत्राधिकार देते हुए हस्तांतरित किए गए हैं।

मुख्य न्यायाधीश पंकज मिथल और न्यायाधीश दिनेश मेहता की खंडपीठ ने हाईकोर्ट को कहा कि वे दो सप्ताह में हलफनामा और आवश्यक सामग्री पेश कर बताएं कि क्या वे मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण के क्षेत्राधिकार के प्रकरण अन्य न्यायालयों को अपने प्रशासनिक आदेश से उन्हें प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने राज्य सरकार को भी इसी अवधि में अपने पूर्व आदेश की पालना में हलफनामा और तालिका पेश कर यह अवगत कराएं कि 31 मोटर दावा अधिकरणों में पर्याप्त स्टाफ और समुचित संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध है।

# सरदारशहर उप चुनाव में कांग्रेस के अनिल 26852 मतों से जीते

■ क्या बेनीवाल के प्रत्याशी के कारण कांग्रेस की जीत आसान हुई?

**चूरू/ सरदारशहर,** (कासं)। चूरू जिले के सरदारशहर विधानसभा उप चुनाव अंतर्गत पड़े मतों की गणना गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मतगणना के बाद इंडियन नेशनल कांग्रेस के अनिल कुमार शर्मा 26852 मतों से निर्वाचित घोषित किए गए। रिटर्निंग अधिकारी बिजेंद्र सिंह ने निर्वाचित उम्मीदवार को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

रिटर्निंग अधिकारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि ईवीएम तथा पोस्टल बैलेट मतों की गणना के बाद घोषित आखिरी परिणाम के अनुसार इंडियन नेशनल कांग्रेस के अनिल कुमार शर्मा को 91357 मत, भारतीय जनता पार्टी के अशोक कुमार को 64505 मत, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के लाल चंद मूंड को 46753 मत, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया मार्क्ससिस्ट के सांवर मल मेघवाल को 2071 मत, इंडियन पीपल्स ग्रीन पार्टी के परमाना राम को 928 मत, निर्दलीय उमेश सहू को 331, निर्दलीय प्रेम सिंह को 189 मत, निर्दलीय विजय पाल सिंह खुशनामा जनादेश को 311 मत, निर्दलीय सुभाष चंद्र को 968 मत, निर्दलीय सुरेंद्र सिंह राजपुरोहित को 647 मत मिले। कुल 2 लाख 9 हजार 837 मतों में से 1777 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया।

मतगणना के अंतिम दौर से पहले ही दूसरे स्थान पर रहे भाजपा के अशोक कुमार और तीसरे स्थान पर रहे राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के लाल चंद मूंड एक साथ मतगणना स्थल से बाहर चले गए। यहां भाजपा उम्मीदवार अशोक कुमार के चेहरे पर काफी मायूसी दिखाई दी। इस दौरान मतगणना स्थल पर पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद, उप जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश गौतम, सीईओ पीआर मीणा, एसडीएम निखिल कुमार, तहसीलदार धीरज झाझड़िया सहित प्रशासन, पुलिस और निर्वाचन से जुड़े विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## दो बदमाश पकड़े

**अजमेर,** (कास)। अजमेर पुलिस ने आर्म्स एक्ट में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों पश्चिम बंगाल हाल शीशा खान निवासी तैयब (26) पुत्र शरकत मोहम्मद को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से धारदार चाकू बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपी थाना क्षेत्र में किसी वारदात की फिराक में थे। रामगंज थाना पुलिस की टीम ने तारागढ़ रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। जिसके पास तलाशी में धारदार चाकू बरामद हुआ। चाकू के बारे में वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। दूसरी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के हजारीबाग स्थित मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा जिसके पास तलाशी में चाकू बरामद हुआ। जिससे पूछताछ की गई तो वह भी संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। बाद में उसके खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए शीशा खान निवासी मोहम्मद तस्लीमुद्दीन (29) को गिरफ्तार किया गया।

# जेडीए भूखण्डों का ई-नीलामी कार्यक्रम जारी

**जोधपुर,** (कासं)। आयुक्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण नवनीत कुमार द्वारा प्राधिकरण की आय के स्त्रोतों को बढाने, आय में वृद्धि करने तथा आमजन व शहर के महत्वपूर्ण विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आयुक्त नवनीत कुमार के निर्देशानुसार प्राधिकरण द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं के आवासीय एवं व्यवसायिक भूखण्डों का ई-नीलामी कार्यक्रम माह दिसम्बर-जनवरी 2022-2023 जारी किया जा चुका है। सोमवार, 19 दिसम्बर से ई-नीलामी कार्यक्रम अनुसार भूखण्डों की नीलामी के लिए आवेदकों ने धरोहर राशि जमा करावाने के साथ ऑनलाईन बिड लगायी जा सकती है।

जोधपुर विकास प्राधिकरण की योजनाओं में भूखण्डों के क्रय के लिए आमजन, व्यवसायियों, उद्योगपतियों इत्यादि में भारी उत्साह तथा महत्वकांक्षी योजनाओं के प्रति रूझान एवं आकर्षण बढा है। जेडीए नीलामी शाखा प्रभारी केवलचन्द गहलोत ने बताया कि 19 दिसम्बर से 27 जनवरी 2023 तक जारी ई-नीलामी कार्यक्रम के अन्तर्गत जेडीए की महत्वकांक्षी विवेक विहार आवासीय योजना के विभिन्न सेक्टर, राज्य कर्मचारी आवासीय योजना, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय विहार आवासीय योजना, मण्डलनाथ आवास योजना, दंतोपथ ठेगडी नगर योजना, सुन्दरसिंह भण्डारी नगर आवासीय योजना आवासीय योजना, अरणा विहार योजना, झरणा विहार योजना, आनन्द विहार योजना के विभिन्न आवासीय भूखण्डों को नीलामी के जरिये विक्रय किया जाएगा।

इसी प्रकार माह दिसम्बर-जनवरी 2022-2023 ई-नीलामी कार्यक्रम अनुसार प्राधिकरण ने परिवहन नगर आंगणवा/ट्रांसपोर्ट नगर योजना, खसरा संख्या 269 कुडी भगतासनी मुख्य पाली रोड, ब्लॉक ए चौखा एवं अपनाघर राधाकृष्णपूरम योजना ग्राम चौखा में स्थित व्यवसायिक भूखण्डों की भी नीलामी की जाएगी। भूखण्डों के लिए ईएमडी राशि जमा करवाने की प्रारंभिक तिथि 19 दिसम्बर रखी गयी है तथा ऑनलाईन बिड लगाने की अन्तिम तिथि योजनावार विभिन्न भूखण्डों के लिए अलग-अलग निर्धारित की गई है। ई-नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें प्राधिकरण की वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

**कैम्प में पट्टों का वितरण किया:-**जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त नवनीत कुमार एवं सचिव जयनारायण मीणा द्वारा गुरूवार को प्रशासन शहरों के संग अभियान के अन्तर्गत बांकिया बेरा मगरा पुंजला में प्राधिकरण द्वारा आयोजित जोन 6 के शिविर स्थल का दौरा करते हुए शिविर के दौरान सम्पादित किए जाने वाले कार्यों का निरीक्षण किया गया। शिविर के दौरान राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सोलंकी, महापौर उत्तर कुंती देवड़ा परिहार, जेडीए आयुक्त नवनीत कुमार एवं सचिव जयनारायण मीणा, उपायुक्त जोन 6 श्रवण कुमार द्वारा आमजन को पट्टों का वितरण किया गया।

उपायुक्त जोन 6 श्रवण कुमार ने बताया कि गुरूवार को शिविर के दौरान आमजन के भारी रूझान के कारण 150 से अधिक आवेदनों का निस्तारण करते हुए पट्टों का वितरण किया गया। इसी प्रकार आज शुक्रवार दिनांक 9 दिसम्बर को भी जोन 6 के विभिन्न खसरों हेतु बांकिया बेरा मगरा पुंजला में ही शिविर का आयोजन रखा गया है। गुरूवार शिविर के दौरान जनप्रतिनिधि, विशिष्टजन सहित भारी संख्या में आवेदक मौजूद रहे।

# ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान का आगाज




ईआरसीपी के पदाधिकारियों ने जनमत हस्ताक्षर पत्र का विमोचन किया।

**हिण्डौन सिटी,** (कासं.)। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिए किसान नेता रामनिवास मीना के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान ईआरसीपी में शामिल पूर्वी राजस्थान के सभी 13 जिलों में चलाया गया है। किसान नेता रामनिवास मीना ने बताया कि अभियान पूरा होने पर सभी हस्ताक्षर पत्रों को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजकर ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने का आग्रह किया जाएगा।

ईआरसीपी किसान विकास समिति के प्रदेश मीडिया प्रभारी दीनदयाल सारस्वत ने बताया कि समिति के प्रदेशाध्यक्ष भामाशाह रामनिवास मीना ने ईआरसीपी के प्रति आमजन में जागरूकता लाने एवं राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिए पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों में जनमत हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है। इस जनमत हस्ताक्षर पत्र का विमोचन करते हुए प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना ने आमजन को यह कहते हुए समर्पित किया है कि चंबल का पानी खेतों तक लाने के लिए 13 जिलों के निवासी सभी लोग अपनी महत्ती भूमिका निभाएं। उन्होंने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना विकास समिति से जुडे कार्यकर्ता से गांव स्तर पर आमजन तक पहुंचने का आग्रह किया।

कार्यकतर्ता ईआरसीपी के बारे में विस्तार से जानकारी देने के साथ जनमत पत्र पर निवेदन पूर्वक हस्ताक्षर कराएंगे। किसान विकास समिति के महिला प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष संगीता गुर्जर ने कहा कि जनमत हस्ताक्षर अभियान में 13 जिलों की महिलाएं भी बड़ी भूमिका निभाएंगी। उन्होंने बताया कि किसान विकास समिति से जुडी महिला कार्यकर्ता गांव और ढ ाणियों में जाएंगी और सभी को ईआरसीपी के बारे में जानकारी देकर हस्ताक्षर कराएंगी। जनमत हस्ताक्षर पत्र को आमजन के लिए समर्पित किए जाने के दौरान किसान विकास समिति के प्रदेश संयोजक अमर सिंह नीमरोट, प्रदेश महामंत्री भरत सिंह डागुर, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह गुर्जर, प्रदेश मीडिया प्रभारी दीनदयाल सारस्वत, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष हरिमोहन गुर्जर, धवान के पूर्व सरपंच कैलाश मीना आदि पदाधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के तत्वावधान में महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउण्डेशन पोलो मैदान, एयरफोर्स रोड, पाबूपुरा में चल रहे 23वें जोधपुर पोलो सीजन में गुरुवार को उम्मेद भवन पैलेस कप अरीना पोलो ( 4 गोल ) टूर्नामेंट के तीसरे दिन दो मैच खेले गये। पहला मैच दोपहर 3 बजे ब्लैक बक्स व मेयो कॉलेज के बीच व व दूसरा मैच उम्मेद भवन पैलेस व इण्डियन नेवी के बीच खेला गया। एक गोल की शुरुआती बढत के साथ खेलते हुए मेयो कॉलेज की टीम ने ब्लैक बक्स को नौ के मुकाबले दस गोल कर एक गोल के अन्तर से हराया जबकि दो गोल की शुरुआती बढत के साथ खेलते हुए उम्मेद भवन टीम ने इण्डियन नेवी को तीन के मुकाबले दस गोल कर सात गोल के अन्तर से हराया। जोधपुर पोलो एवं इस्क्स्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के सचिव जंगजीत सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट में गुरूवार दोपहर 3 बजे खेले गये मैच में काले टी-शर्ट में ब्लैक बक्स टीम की ओर से खेलते हुए धनन्जय सिंह ने पहले चक्कर में तीन गोल दागे।

# शहीद डॉ. जितेंद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण



गांव सलेमपुर कला में प्रतिमा अनावरण के अवसर पर मौजूद परिजन।

**हलैना,** (निस)। भारत-पाकिस्तान की सीमा पर शहीद हुए गांव सलेमपुर कला निवासी बीएसएफ कमांडेंट डॉ जितेन्द्र सिंह स्मारक का लोकार्पण व शहीद की प्रतिमा का अनावरण भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया मुख्य आतिथ्य तथा शहीद के पिता समंदरसिंह की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम के भाजपा के जिलाध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र सिंह, प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश मंत्री महेंद्र जाटव, डांग विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष जवाहरसिंह बेढम, सांसद रंजीता कोली पूर्व सांसद बहादुर सिंह कोली, पूर्व जिला प्रमुख राजवीर सिंह, पूर्व जिला प्रमुख द्वारकाप्रसाद गोयल, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहन रारह, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ पवन धाकड़, पंचायत समिति बयाना के प्रधान मुकेश कोली, पंचायत समिति वैर के पूर्व प्रधान पंकज बिजवारी विशिष्ट अतिथि रहे। मुख्य अतिथि डॉ. सतीश पूनिया और अन्य अतिथियों ने शहीद की धर्मपत्नी रेनू सिंह शहीद के पिता समंदर सिंह शहीद की माता सुमित्रा सिंह शहीद की धर्म पति के भाई रतन सिंह आदि का शॉल और दुपट्टा ओढ़ कर कर सम्मान किया। बीएसएफ के जवानों ने शहीद डॉ. जितेंद्र सिंह को गॉड ऑफ ऑनर दिया और परिजनों का सम्मान किया।

## नहर से मिला पानी, किसान खुश

**कामां,** (निस)। कामां क्षेत्र के कनवाड़ा ग्राम पंचायत, छिछरवाड़ी ग्राम पंचायत सहित सुनहरा ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले दर्जनों गांवों में माइनर का पानी पहुंचने पर किसान खुश नजर आए।

किसानों ने मंत्री जाहिदा खान एवं ग्राम पंचायत सरपंचो का आभार व्यक्त किया। कनवाड़ा ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र गुर्जर ने बताया कि कनवाड़ा, छिछरवडी, सुनहरा तीनों ग्राम पंचायत के दर्जनों गांवों में जलस्तर भी काफी नीचे चला गया था। करीब पांच माह पहले मंत्री जाहिदा खान को किसानों की समस्या से अवगत कराया था। जिसके बाद मंत्री जाहिदा खान ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को पैमाइश कर किसानों की समस्या के लिए माइनर निकालने के लिए निर्देश दिए।

छिछरवाडी ग्राम पंचायत सरपंच अशोक सैनी और कनवाड़ा ग्राम पंचायत सरपंच ने सामूहिक तौर पर सिंचाई विभाग अधिकारियों के मार्गदर्शन में जेसीबी से इन्दौली से लेकर मुल्लाका मार्ग तक माइनर को खुदवाया गया। जिसमें बुधवार शाम को गुडगांवा कैनाल नहर से पानी पहुंचने के बाद किसानों की खुशी का ठिकाना ही नहीं रहा। पूर्व जिला पार्षद सदस्य चंदन सिंह पहलवान के नेतृत्व में किसानों ने पीसीसी सदस्य और पूर्व प्रधान जलीस खान सहित कनवाड़ा सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र गुर्जर का फूल माला पहना एवं साफा बांधकर स्वागत किया।

# नौंवे दिन भी जारी रहा न्यायिक कर्मचारियों का आंदोलन, नहीं लौटे काम पर

## झुंझुनूं जिलाध्यक्ष मूंड की संदेहास्पद मौत की जांच को लेकर चल रहा आंदोलन



जिलाध्यक्ष मूंड की हत्या मामले में जांच की मांग को लेकर साथी वकीलों ने प्रदर्शन किया।

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ जिला शाखा झुंझुनूं के बैनर तले चल रहा प्रदर्शन नौंवे दिन भी जारी रहा। बृहस्पतिवार को धरने की अध्यक्षता न्यायिक कर्मचारी द्वारकाप्रसाद वर्मा, स्टेनोग्राफर द्वारा की गई। जिला शाखा झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष सुभाषचंद्र मूंड ने बताया कि जयपुर मुख्यालय पर पदस्थापित साथी कर्मचारी सुभाष मेहरा की न्यायिक अधिकारी के आवास पर संदेहास्पद मृत्यु की जांच के संबंध में प्रदेश स्तर पर चल रहे आंदोलन में सम्मिलित होते हुए झुंझुनूं मुख्यालय सहित खेतड़ी, चिड़ावा, पिलानी, बुहाना, सूरजगढ़, उदयपुरवाटी, नवलगढ़ के न्यायिक कर्मचारीगण ने बृहस्पतिवार को भी सामूहिक अवकाश पर रहकर कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर धरने पर बैठे तथा जब तक कर्मचारी संघ की मांगें नहीं मान ली जाती। तब तक जिला शाखा झुंझुनूं के कर्मचारीगण सहित संपूर्ण राजस्थान के न्यायिक कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहकर धरना प्रदर्शन करेंगे तथा मांगें पूरी नहीं होने की स्थिति में धरनास्थल पर सर्वसम्मति से निर्णय लेकर आंदोलन को तेज करने के लिए प्रभावी निर्णय लिए जाकर आंदोलन को आगे बढाया जाएगा।

कर्मचारी संघ अध्यक्ष द्वारा आगे जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान मंत्रालयिक कर्मचारी संघ झुंझुनूं एवं राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ झुंझुनूं द्वारा भी उक्त धरने को प्रतिदिन समर्थन दिया जा रहा है तथा अभिभाषक संघ झुंझुनूं द्वारा भी समर्थन किया गया तथा कर्मचारीगण की मांगे मानने के लिए बृहस्पतिवार को भी समस्त अभिभाषकों द्वारा कार्यस्थगन रखा गया तथा न्यायालयों में अपनी उपस्थिति नहीं दी गई।

धरने में धरनास्थल पर बाबूलाल सैनी, ताराचंद सैनी, महेंद्रसिंह, राजेशकुमार, सुरेंद्रकुमार, रामजीलाल, शीशराम, सुधीरकुमार, संजय मीणा, विक्रमसिंह पूनियां, जितेंद्रकुमार सैनी, सुरेश कुमार पूनियां, सुनिल यादव, अशोक जोशी, राजकुमार सैन, धर्मेंद्र कुमार, मोहम्मद रफीक, नरेश कुमार, अरुणसिंह शेखावत, झंडूराम, अमरचंद, प्रमोद कुमार, अशोककुमार सैनी, जयवीरसिंह, रविकुमार सैनी, कपिल शर्मा, गिरधारीसिंह शेखावत, गुलजार अली, मुकेश कुमार, राजेंद्रसिंह शेखावत, विकासकुमार, शुभम, सद्दाम हुसैन, विजयपाल, करणपालसिंह, रोहित शर्मा, सुभाषचंद्र सोनी, रामसिंह झाझड़िया, विशाल सुरोलिया, हजारीलाल चंदेल सहित महिला कर्मचारीगण में रजनी चौधरी, निर्मला, अनिता, अंजना यादव, वेद कौर, सुनिता, किरण कुमारी, प्रज्ञा आदि न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे। न्यायिक कर्मचारीगण के सामूहिक अवकाश पर रहने एवं अभिभाषक संघ झुंझुनूं द्वारा कार्यस्थगन रखे जाने के कारण न्यायालयों का समस्त कार्य प्रभावित हुआ तथा पक्षकारान को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ा। अगर कर्मचारी संघ की मांगे नहीं मानी जाती हैं तो शुक्रवार को भी धरना जारी रहेगा।

## संक्षिप्त

### चोरी की बाइक सहित एक जना पकड़ा

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** जिला पुलिस भिवाड़ी क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरों के बढ़ते आतंक पर काबू पाने के लिए एसपी शान्तनु कुमार सिंह भिवाड़ी निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगराम मीणा नीमराणा एवं किशनगढ़ बास वृताधिकारी जयप्रकाश बेनीवाल के पर्यवेक्षण में ततारपुर थाना अधिकारी शेरसिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने शातिर मोटरसाइकिल चोरों एवं अपराध पर अंकुश लगाने के दौरान हिस्ट्रीशीटर आरोपी बंटी सिंह पुत्र गुरजीत सिंह निवासी कोलाण की ढाणी बेहरोज को मुखबिर की सूचना पर चोरी की मोटरसाइकिल सहित पेहल मोड़ पर पकड़ लिया।

### चार घंटे बिजली बंद रहेगी

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा शहरी क्षेत्र में शुक्रवार को 4 घंटे विद्युत कटोती रहेगी। विद्युत निगम सहायक अभियंता कदम वशिष्ट ने बताया कि शहरी क्षेत्र में विद्युत लाईनों में आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते धानोता रोड, हथाई मौहल्ला, छोटा मौहल्ला, नीलघर मस्जिद क्षेत्र, मोरियो की गली सहित इन क्षेत्रों से जुड़े आवासीय कॉलोनियों में आज प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत कटौती रहेगी।

# चाकसू में गांव-गांव व ढाणी-ढाणी पहुंची जन आक्रोश रैली

**चाकसू, (निसं)।** भाजपा की जन आक्रोश यात्रा गांव-गांव पहुंच रही है इस दौरान लोगों की समस्याएं सुनने के साथ सरकार की विफलताएं भी गिना रही है।

राज्य सरकार के विरोध में जन आक्रोश यात्रा चौथे दिन उपखंड क्षेत्र के अजमेरीपुरा से शुरू होकर कोथून बड़ली, आनंदरामपुरा बड़ली एवं

■ राज्य सरकार को जमकर घेरा, ग्रामीणों को गिनाई सरकार की नाकामियों

थुनीअहिरान होती हुई ग्राम पंचायत सवाई माधोसिंहपुरा पहुंची, जिसका गांवों में लोगों ने स्वागत किया साथ ही समस्याएं भी बताई, साथ रैली भी निकाली। चौपाल कार्यक्रम में राज्य सरकार के खिलाफ आरोप पत्र एवं ब्लैक पेपर जारी किए, जिसमें सरकार की नाकामियों के बारे में बताया गया। भाजपा की जन आक्रोश यात्रा गांव-गांव, ढाणी-ढाणी में पहुंचने पर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है यात्रा को आमजन का समर्थन मिल रहा है।

चौपाल कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा रेलवे स्टेशन से तामड़िया तक स्वीकृत सड़क पुनर्निर्माण का काम लंबे समय से रुका हुआ होने को लेकर विधानसभा प्रभारी गणेश सिंह राजावत बोले की चुले का रोष परिंडे कर मत फोड़ों हमारे समय में इस क्षेत्र की सारी सड़कों का निर्माण हुआ है। उपरोक्त सड़क का कार्य वर्तमान विधायक की कार्यशैली के कारण रुका हुआ पड़ा फिर भी समस्या को लेकर सांसद और उच्च अधिकारियों को अवगत करा कर आवागमन सुगम करवाया जाएगा।



जन आक्रोश रैली में शामिल कार्यकर्ताओं का ग्रामीणों ने स्वागत किया।

पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण बैरवा एवं प्रमिला कुंडरा,रामअवतार बैरवा, पूर्व अनुसूचित जनजाति उपाध्यक्ष विकेश खोलिया रमेश चंद चौधरी ओबीसी मोर्चा देहात अध्यक्ष नवरतन नाराणिया कैलाश नागरवाल भाजपा देहात अध्यक्ष भुनाराम गुर्जर सहित कई पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पैदल चलकर आमजन से मुलाकात की साथ ही उनकी समस्याएं सुनकर कांग्रेस सरकार की नाकामियों को गिनाया।

इस जन आक्रोश यात्रा में युवा मोर्चा देहात अध्यक्ष हरिराम चौधरी, उपाध्यक्ष बाबू लाल ठेलावत, प्रह्लाद बजडोली, किसान मोर्चा अध्यक्ष अशोक यादव, तिलक राज परीक, पार्षद सुरेश सैनी, दिनेश शर्मा विनोद राजोरिया एवं मांगी लाल बैरवा सहित कई स्थानीय बीजेपी कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी शामिल हुए।

## गुजरात में भाजपा जीत पर पटाखे फोड़े

**टोंक, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी को गुजरात विधानसभा चुनाव में प्रचण्ड बहुमत मिलने पर गुरूवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने घंटाघर पर पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता के नेतृत्व में आतिशबाजी पटाखे चलाकर एवं एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई।

भाजपा के पण्डित दीनदयाल शहर मंडल की ओर से गुजरात विधानसभा चुनाव में पार्टी को प्रचण्ड बहुमत हासिल होने पर पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता की उपस्तिथि में आतिशबाजी की गई। कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद, अमित शाह जिंदाबाद, जेपी नड्डा जिंदाबाद के जोशीले नारे लगाकर जोश भर दिया। कार्यकर्ताओं ने राहगीरों को लड्डू बांट कर खुशी मनाई।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष शेलेन्द्र जैन, रामअवतार धाभाई, विष्णु चावला, सीताराम अंकल, गुलाब सेठ, गुड्डू खटीक, महेन्द्र चौधरी, रामगोपाल बाज्या, मनोज वाल्मिकी, राहुल गुर्जर, आदित्य मीणा, पंकज सैनी, प्रियवीर राठौड, पुष्पेंद्र जैन, रामबाबू गुप्ता, जय नारायण वर्मा, सोनू चावला, तारीक अजीज, अमजद, नफीस मंत्री, रमेश गढवाल, विश्वजीत, भवानी सैनी, चेतन जैन, विनोद पोरवाल, कुंदन, दानिश, गिरधारी नकवल, काली एवं सुरेश शर्मा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता साथ थे।

## सार-समाचार

### पेड़ों की कटाई रोकने की मांग



**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत काचरोदा क्षेत्र में हो रही पेड़ों की अवैध कटाई को रोकने के लिए पंचायत समिति सदस्य नेमीचन्द कुमावत ने स्थानीय सरपंच पुष्पा देवी को एक ज्ञापन सौंपा। उक्त ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत काचरोदा के अटल सेवा केन्द्र के निकट बालाजी सड़क पर कई वर्षों पहले काफी संख्या में शीशम सहित अन्य पेड़ लगाकर एक नर्सरी लगवाई गई थी। इसकी देखभाल की संपूर्ण जिम्मेदारी पंचायत प्रशासन के अधीन आती है। इसके चलते पंचायत की बोर्ड मीटिंग के दौरान भी सरपंच, सेक्रेटरी को उक्त पेड़ों की कटाई के लिए कई बार अवगत कराया जा चुका है। परंतु प्रशासन के द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। साथ ही ज्ञापन में आगे बताया कि, उपरोक्त स्थित से साफ जाहिर होता है कि पेड़ों की अवैध कटाई करवाने में पंचायत प्रशासन भी सम्मिलित है। उक्त स्थिति के चलते अवैध कटाई करने वालों के हौसले बुलंद हो रहे है।

### विवाह सम्मेलन की बैठक 11 को

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के निकट स्थित धार्मिक स्थल भन्दे बालाजी परिसर में 26 जनवरी बसन्त पंचमी को आयोजित होने वाले प्रजापति समाज के 9 वें सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर प्रजापति विकास एवं विवाह समिति की एक विशेष आमसभा का आयोजन समाज की धर्मशाला में 11 दिसंबर को 11 बजे समिति के अध्यक्ष कन्हैया लाल मारवाल आसलपुर की अध्यक्षता में आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए समिति के कोषाध्यक्ष धन्ना लाल प्रजापति ने बताया कि बैठक के दौरान विभिन्न बिन्दुओं को लेकर चर्चा एवं विचार विमर्श किया जाएगा। जिनमें से मुख्यत: विवाह सम्मेलन मे जोड़ो को अधिक से अधिक जोडना, भामाशाहों द्वारा सहयोग राशि की घोषणा करना, विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए कमेटीयां गठित करना आदि पर विचार किया जायेगा।

### युवक की संदिग्ध मौत

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर थाना इलाके के पालड़ी गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक हंसराज थानागाजी के डेरा गांव का रहने वाला था जो पालडी स्थित अपने बड़े भाई के ससुराल आया था। मृतक के शरीर पर मारपीट की चोट के निशान भी मिले हैं। इधर, मृतक के परिजनों ने हत्या की आंशका जताते हुए पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली थी कि पालडी गांव स्थित एक मकान में चोर होने के शक पर एक जने को बांध रखा है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा रस्सी से बंधे युवक को खोलकर विराटनगर स्थित अस्पताल ले कर गई। अस्पताल में चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### मुनी विनित नन्दी के चरण स्थापित

**मालपुरा, (निसं)।** आचार्य पदम नन्दी महाराज के शिष्य आचार्य इन्द्र नन्दी महाराज के सानिध्य में अग्रवाल सेवा सदन डिग्गी में गुरूवार को नवीन छत्री में चरण स्थापित का कार्यक्रम आयोजित किया गया। विमल कुमार झोला एवं विमल कठमाणा ने बताया कि पंडित सुरेश शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ नवीन छत्री मे समाधिस्थ मुनी विनित नन्दी महाराज के चरण स्थापित करने का सौभाग्य चौथमल, लालचन्द, बेनिप्रसाद, ज्ञानचंद एवं ताराचंद जैन लाम्बाहरिसिंह परिवार व झिराणा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के तहत पंचामृत अभिषेक,वास्तु विदान,पूजन एवं हवन के साथ छत्री मे चरण स्थापित किये गये। इस दौरान अग्रवाल समाज चौरासी अध्यक्ष हुकम चन्द जैन, सुकुमाल झण्डा, महावीर प्रसाद जैन, नेहा जैन, दिक्षा जैन, अमित जैन, गोविन्द प्रसाद सहित जैन धर्मावलम्बी मौजूद रहे।

### मतदाता सूची प्रकाशन को लेकर बैठक

**चाकसू, (निसं)।** गुरुवार को उपखंड कार्यालय सभागार में उपखंड अधिकारी अशोक कुमार रिणवा की अध्यक्षता में प्रस्तावित आगामी वर्ष 2023 के 5 जनवरी को विधानसभा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होने को लेकर मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों एवं बीएलओ को संबोधित करते हुए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एवं एसडीएम ने बताया कि 17 एवं 18 व 19 आयु वर्ग के मतदाताओं का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए एवं प्रचार-प्रसार के लिए मीटिंग का आयोजन किया गया। निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार चाकसू विधानसभा क्षेत्र में 9 नवम्बर 2022 से ही मतदाता सूची का प्रारुप प्रकाशित किए जाने से ही आरंभ हुआ जिसका अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी 2023 को होने जा रहा है।

### विवाहिता ने आत्महत्या की

**चाकसू, (निसं)।** गृह क्लेश से तंग आकर विवाहिता ने खेत में बने कुएं में छलांग लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मामला चाकसू थाना अंतर्गत ग्राम हिंगोनिया की मीणों की ढाणी का है। थानाधिकारी भूरी सिंह ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने कुएं से महिला के शव को निकलवा कर मोर्चरी भिजवाया और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्रथम दृष्टि मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। वहीं मृतका के पिता लल्लू राम ने 304 बी के तहत मामला दर्ज करवाया है। पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द कर जांच शुरू कर दी है।

### नवीन सिरीज हेतु आवेदन करें

**अलवर, (निसं)।** जिला परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ललित कुमार गुप्ता ने बताया कि दुपहिया वाहनों के पंजीयन की नवीन सिरीज आरजे02-एलबी प्रारंभ होनी है। अत: नवीन सिरीज में इच्छित पंजीयन संख्या (यथा 0001 से 0009, 0100) आदि प्राप्त करने हेतु आवेदक ऑनलाईन पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है।

## दो बोलेरो की भिड़ंत में कई जने घायल

**राजगढ़, (निसं)।** राजगढ़ मंडावर मार्ग पर माचाड़ी के समीप दो बोलेरो गाड़ी की टक्कर में करीब 1 दर्जन भर लोग घायल हो गए।

इनमें गंभीर घायल बालक निठारी निवासी दीपक 12 वर्ष एवं एदलपुर निवासी रवि उर्फ सुभाष को रायगढ़ चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद अलवर रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दो गाड़ियों में करीब दर्जन भर लोग सवार थे। इनमें एक गाड़ी निठारी से इसवाना जा रही थी वहीं दूसरी गाड़ी उमरेन से मंडावर महुआ शादी में जा रहे थे। अचानक दोनों गाड़ी में टक्कर हो गई जिससे मौजूद लोगों ने गाड़ियों में से घायलों को निकाल एंबुलेंस की मदद से राजगढ़ चिकित्सालय पहुंचाया। हादसे की सूचना पर राजगढ़ थाना पुलिस भी चिकित्सालय में पहुंची।

## हरियाणा से डंपर चोरी करने वाले को पकड़ा

**खैरथल, (निसं)।** खैरथल थाना पुलिस ने नाकाबंदी कर हरियाणा से चोरी कर आ रहे हाईवा डंपर को चालक सहित पकड़ लिया।

खैरथल के थानाधिकारी भगवान सहाय शर्मा ने बताया कि पड़ोसी प्रांत हरियाणा के झज्जर जिले के दुजाना थाना क्षेत्र गांव बीरधना में एक हाईवा डंपर के चोरी होने की घटना के बारे में सूचना पीसीआर भिवाड़ी से प्राप्त हुई। जिसमें इस डंपर के खैरथल की आने की जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही तुरंत प्रभावी नाकाबंदी कर डंपर को डिटेन किए जाने के साथ चालक इमरान पुत्र इरफान खान निवासी अडबर थाना नुंह को भी डिटेन कर संबोधित हरियाणा पुलिस को सुपुर्द किया गया।

## 'गाय, नदी व माता का सम्मान करें'

**बौंली, (निसं)।** इस संसार में गाय, नदी व माता की बहुत दुर्दशा हो रही है। गाय माता जहां भूखे पेट झूंटे प्लास्टिक व अन्य नकारा चीजों से अपना जीवन यापन कर रही है एवं जिन नदियों को हम गंगा, जमुना, सरस्वती व अन्य नदियों को माता कह कर पुकारते हैं उन्हें भी हमने प्रदूषित कर दिया है एवं वह मां जिन्होंने हमें जन्म दिया है उसका भी अनादर आम बात हो गई है। गाय नदी व माता का सम्मानजनक ध्यान रखें भक्तजन।

यह विचार बौंली नगर के जगत शिरोमणि जी की धर्मशाला में चल रही साप्ताहिक श्रीमद भगवत कथा के दौरान छठवें दिन उपस्थित महिला पुरुष श्रद्धालुओं को कथा वाचन के दौरान बरसाना धाम से पधारी साध्वी जया प्रिया दीदी ने प्रकट किए। साध्वी जया प्रिया दीदी ने कृष्ण लीला का वर्णन करते हुए गाय व ग्वाल, बालों को ब्रह्मलोक ले जाने एवं कालिया नाग के यमुना नदी छोड़ने का भी वृतात सुनाया। कथा वाचन का गुरुवार को समापन हो जाएगा शुक्रवार को महापसाद जी के साथ पूर्णाहुति होगी। कथा में बौंली नगर के प्रबुद्ध नागरिक महिला पुरुष अपने सभी कार्य छोड़कर कथा श्रवण करने नित्य पहुंचते थे।

## टोंक स्थापना महोत्सव में पूर्ण सहयोग देंगे: चिन्मयी गोपाल

**टोंक, (निसं)।** जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल से टोंक स्थापना महोत्सव को लेकर टोंक स्थापना महोत्सव समिति के सदस्यों ने जिला प्रमुख सरोज बंसल के नेतृत्व में भेंट की।

जिला कलेक्टर ने बनास एवं टोंक महोत्सव को लेकर विस्तृत चर्चा कर सहयोग का आश्वासन दिया। जिला कलेक्टर को हनुमान सिंहल की लिखी टोंक का इतिहास किताब भी भेंट की गई। समिति के अध्यक्ष सुजीत सिंहल ने बताया कि जिला कलेक्टर की टोंक के विकास और इस प्रकार के सद्भावना आयोजन को लेकर गहरी प्रतिबद्धता देखने को मिली। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने बीसलपुर महोत्सव के जरिये बीसलपुर एवं ऐतिहासिक नगरी नगरफोर्ट को पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनाने के लिए मांडकला महोत्सव आयोजित किये जाने के अपने प्रयासों को भी शेयर किया। जिला प्रमुख सरोज बंसल ने टोंक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 24 दिसंबर 946 इस्वी में ख्वाजा राम



टोंक स्थापना महोत्सव समिति के सदस्यों ने जिला प्रमुख सरोज बंसल के नेतृत्व में जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल से भेंट की।

सिंह ने टोंक की बुनियाद रखी।

इस पर कभी रजिया सुलतान की हुकूमत रही तो कभी सोलंकियों का शासन रहा। कभी मुगल बादशाह अकबर का कब्जा रहा तो कभी पृथ्वीराज चौहान के अधीन रहा। इस शहर की विरासत और धरोहरों से लगाव को बनाये रखने के लिए ही टोंक स्थापना दिवस का महोत्सव मनाया जाता है और इसको धूमधाम से मनाये जाने के लिए किसी भी प्रयास में कमी नहीं आनी चाहिए। टोंक स्थापना महोत्सव समिति के नरेश बंसल ने महोत्सव को जन-जन का महोत्सव बनाने की अपील की। गोरधन हिरोनी ने तीन दिवसीय कार्यक्रमों की जानकारी जिला कलेक्टर को दी। प्रवीण सोलंकी ने प्राचीन गढ के इतिहास से अवगत कराया।

## जनसुनवाई में समस्याओं का निस्तारण किया

**पावटा, (निसं)।** पंचायत समिति पावटा सभागार में जनसुनवाई गुरुवार को आयोजित हुई। एसडीएम राजवीर सिंह ने बताया कि , इस जनसुनवाई में आमजन की पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, सफाई व्यवस्था, खाद्य सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं आदि से जुडी हुई विभिन्न समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाएगा।

■ एसडीएम राजवीर सिंह ने की जनसुनवाई

जनसुनवाई में ब्लॉक स्तरीय कर्मचारी अधिकारी मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए उनका निस्तारण किया। गौ सेवको व ग्रामीणों ने पावटा खार नदी मे बने अस्थाई डंपिंग यार्ड को लेकर ज्ञापन सौंपा जिस पर उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह ने मौके पर मौजूद पावटा प्रागपुरा नगरपालिका ईओ मनीषा यादव को डंपिंग यार्ड के लिए चिंहित जगह पर चारदिवारी कर कचरा निस्तारण के निर्देश दिये। वही लाडाकाबास पूर्व सरपंच द्वारा चारागाह भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने व फैक्ट्रियों द्वारा बनाये जा रहे अवैध रास्तो को बंद करने, किसानो को दिन मे थ्री फेस बिजली देने की मांग की गई।

राजनौता सरपंच प्रतिनिधि दीपक ने मंदिर की जमीन पर अवैध रास्ता काटने को लेकर अवगत करवाया। वही द्वारिक पुरा सरपंच रोहित बायला ने अवैध रूप से चल रहे ऋेशरो से हो रहे प्रदूषन के बारे मे अवगत करवाया। जिस पर एसडीएम राजवीर सिंह यादव द्वारा कुछ समस्याओ का मौके पर ही निस्तारण किया गया व बाकी समस्याओ का शीघ्र समाधान करने का आश्वाशन दिया। मौके पर विकास अधिकारी राकेश वर्मा, नायब तहसीलदार बाबूलाल कुमावत, ईओ मनीषा यादव, सी बीईओ मुरलीधर यादव, एईएन कपिल शर्मा सहित अधिकारी कर्मचारी व सरपंच गण मौजूद रहे।

## नाबालिक को बरामद करने की मांग

**टोंक, (निसं)।** सलमानी समाज वैलफेयर सोसायटी टोंक के अध्यक्ष नूर मोहम्मद के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भवानी सिंह राठौड़ को पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन देकर कोतवाली में दर्ज मामले में नाबालिग बालिका को बरामद करने की मांग की है। समाज के एहसान बाबा, नदीम, असलम, जफर, रिजवान, मोहसीन, इमरान आदि ने बताया कि दो नवम्बर को नाबालिग बालिका के पिता ने पुलिस थाना कोतवाली में अपनी नाबालिग पुत्री की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया गया था, जिसे एक माह बीत जाने के बाद भी पुलिस ने बरामद नहीं किया है। साथ ही पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी है कि बालिका को शीघ्र बरामद नहीं किया गया तो सलमानी समाज को मजबूरन धरने पर बैठना पडेगा।

## श्मशान भूमि को रिकॉर्ड में आवंटित करने की मांग

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत चैनपुरा एवं रेलवे स्टेशन कॉलोनी वासियों ने शमशान भूमि को सर्व राजस्व रिकार्ड में समाज श्मशान भूमि आवंटन करने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत चैनपुरा में रेलवे स्टेशन के पास स्थित सिवायचकभूमि का उपयोग स्थानीय निवासियों द्वारा कई वर्षो से श्मशान के रूप में लिया जा रहा है। परंतु राजस्व रिकॉर्ड में यह भूमि शमशान के नाम से दर्ज नहीं है। जिसकी वजह से यहां पर कोई भी सुविधाएं स्थापित नहीं की गई है। जिससे बरसात के समय में दाह संस्कार के लिए ग्रामीणों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। उन्होंने उपखंड अधिकारी से उक्त भूमि का आवंटन सर्व समाज के शमशान भूमि के रूप में करने की मांग की है। जिससे शमशान तक जाने के लिए सडक सहित कई सुविधाएं स्थापित की जा सके। जिससे ग्रामीणों को राहत होगी। उन्होंने बताया कि उक्त भूमि को रिकॉर्ड में शमशान भूमि आवंटन करने की मांग को लेकर कई बार पंचायत प्रशासन में प्रस्ताव लेकर उपखंड अधिकारी एवं जिला कलेक्टर को भी ज्ञापन देकर दिया गया है। ज्ञापन देने वालों में वार्ड पंच रामप्रसाद बैरवा, राजेंद्र सिंह, लालचंद मीणा, राम सिंह, कैलाश चंद, रामदयाल, केदार गुर्जर, कैलाश वर्मा, अनोख, तीजा, नरेंद्र बैरवा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की मांग

**पावटा, (निसं)।** पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार और मुलभुत सुविधाओं की समस्याओं को लेकर गुरुवार को नगरपालिका के पार्षदों ने वाइस चेयरमैन अशोक सैनी, नरपत सिंह शेखावत के नेतृत्व में नगरपालिका परिसर में अधिशाषी अधिकारी मनीषा यादव को ज्ञापन सौंप समस्या समाधान करने के साथ भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की मांग की।

पार्षदों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। इधर अधिशाषी अधिकारी मनीषा यादव ने वाइस चेयरमैन व पार्षदों की समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। अशोक सैनी, नरपत सिंह शेखावत ने बताया कि नगरपालिका में भ्रष्टाचार फैला हुआ है, इसके लिए कई बार पार्षद लामबंद होकर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन भी दे चुके हैं। पेयजल व्यवस्था फेल





पावटा प्रागपुरा नगरपालिका के पार्षदों ने वाइस चेयरमैन अशोक सैनीनेतृत्व में अधिशाषी अधिकारी मनीषा यादव को ज्ञापन दिया।

पडी हुई है, सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। रात में कॉलोनियों में अंधेरा रहता है, लाइटें खराब पड़ी हुई है। ना ही वार्डों में सड़कों का निर्माण करवाया जा रहा है। पार्षदों ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगरपालिका में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर फैला हुआ है।

शहर में काम का ठेकेदारों को आयुक्त पेमेंट तो कर देता है बाकी पार्षद अपने वार्डों की समस्या लेकर

■ मूलभूत समस्यों के समाधान करने के साथ भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की मांग की

जाते हैं तो बजट का अभाव बता देते हैं। वाइस चेयरमैन अशोक सैनी, नरपत सिंह शेखावत ने बताया कि पावटा प्रागपुरा नगरपालिका द्वारा मोबाइल टॉवर लगाने के लिए जारी फर्जी एनओसी प्रकरण की जांच व संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पालिका से हटाने, एक सप्ताह में पालिका की बोर्ड मीटिंग करवाने, पालिका क्षेत्र में सड़क निर्माण, पोल लाइट पालिका में चलने वाली गाडी, डीजल सहित विभिन्न कार्यो में खर्चा किस किस मद से हुआ उसका लेखा-जोखा पालिका गठन से अभी तक, पालिका में पूर्व में भी धरना दिया गया था उन मांगों पर कार्रवाई करने, नरेगा में फर्जी हाजरी की जांच कर उक्त कर्मचारी पर कार्रवाई कर तुरंत हटाने, हाल ही पालिका में स्ट्रीट पोल लाइट व पार्षद बोर्ड प्रकरण ज्यों भ्रष्टाचार की मिसाल है जिसकी पूर्व ईओ व जेईएन के द्वारा स्वीकार किया गया था व उक्त फर्म को नोटिस भी जारी किया गया था उक्त फर्म को ब्लैक लिस्ट कर टेंडर को निरस्त किये जाने व कार्य में की जा रही घोर लापरवाही को रोक सही स्टीमेट बनाकर कार्य करवाये जाने, पालिका क्षेत्र के मुख्य मार्गों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने सहित विभिन्न मांगो को लेकर कार्यवाही की मांग की।

इस दौरान पार्षद राजू शर्मा, श्याम सिंह शेखावत, मुकेश कवर, शर्मिला देवी, सलोनी देवी, कमली देवी, मणि देवी महेंद्र कुमार गिरधारी लाल पूजा देवी संजय सेन सुनीता देवी सहित अन्य पार्षद मौजूद रहे।

## न्यायिक कर्मचारियों ने वाहन रैली निकाली

**टोंक, (निसं)।** राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ जिला शाखा टोंक के न्यायिक कर्मचारियों ने न्यायिक कर्मचारी सुभाष मेहरा की मौत के मामले में कोई कार्यवाही नहीं होने पर गुरुवार को जिलाध्यक्ष रतिराम चौधरी के नेतृत्व में शांति पूर्वक वाहन रैली निकाली गई।

संघ के जिलाध्यक्ष रतिराम चौधरी ने बताया कि, न्यायिक कर्मचारी सुभाष मेहरा सहायक कर्मचारी, न्यायालय एन.डी.पी.एस. मामलात, जयपुर महानगर-प्रथम की 10 नवंबर को पीठासीन अधिकारी कृष्ण स्वरूप चलाना (एन.डी.पी.एस.जज) कमला नेहरू नगर, भांकरोटा, अजमेर रोड स्थित निवास पर रहस्यमय हत्या हुई है। जिसके सम्बन्ध में एफ.आई.आर. दर्ज कराने तथा निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सजा दिलाने के संबंध में न्यायक्षेत्र जयपुर द्वारा 18 नवंबर से चल रहे सामूहिक अवकाश के समर्थन में 30 नवंबर से सम्पूर्ण प्रदेश के समस्त





न्यायिक कर्मचारी सुभाष मेहरा की मौत के मामले में कोई कार्रवाई नहीं होने पर वाहन रैली निकाली।

न्यायालयों में सामूहिक अवकाश का आंदोलन चल रहा है, जिसके क्रम में टोंक न्यायक्षेत्र के समस्त कर्मचारी भी 30 नवम्बर से सामूहिक अवकाश पर है। किन्तु आज तक न तो एफ.आई.आर. दर्ज की गई है और ना ही दोषियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही अमल में लाई गई है, जिससे सम्पूर्ण राजस्थान सहित टोंक न्यायक्षेत्र के कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है और सामूहिक अवकाश के साथ कार्य बहिष्कार जारी है।



निश्चित रूप से यह भारतीय टीम सही दिशा में आगे नहीं बढ़ रही। मैंने पिछले कुछ समय में टीम में वो जज्बा नहीं देखा। मैंने पिछले दो वर्षों में उनमें 'जोश' नहीं देखा। - मदनलाल

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, भारतीय टीम के बारे में।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** रहीम स्टर्लिंग



इंग्लैंड के स्ट्राइकर रहीम स्टर्लिंग ब्रिटेन में अपना पारिवारिक मामला निपटाने के बाद फिर टीम से जुड़ जायेंगे। चेल्सी के फॉरवर्ड को अपने परिवार के साथ होने के लिये कतर में इंग्लैंड टीम को छोड़कर जाना पड़ा था जिससे वह रविवार को सेनेगल के खिलाफ राउंड 16 मैच में नहीं खेल पाये थे जिसमें टीम 3-0 से जीती थी। लेकिन अब वह शनिवार को अल बायत स्टेडियम में फ्रांस के खिलाफ होने वाले क्वार्टरफाइनल मैच से पहले गेरेथ साउथगेट की टीम से जुड़ने के लिये रवाना होंगे।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट मैच में लगातार पगबाधा आउट होने का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के डब्लू वाटसन के नाम है। वाटसन सात पारियों में लगातार पगबाधा आउट हुए थे।

## लाबुशेन, हेड के शतक से ऑस्ट्रेलिया मजबूत

### वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन को तीन विकेट के नुकसान पर 330 रन बनाये

एडिलेड, 8 दिसंबर। ऑस्ट्रेलिया ने मार्नस लाबुशेन (120 नाबाद) और ट्राविस हेड (114 नाबाद) के शतकों की बदौलत वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को तीन विकेट के नुकसान पर 330 रन बना लिये। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। डेविड वॉर्नर 29 गेंदों पर चार चौकों के साथ 21 रन बनाकर आउट हो गये, जिसके बाद उस्मान ख्वाजा और लाबुशेन ने ऑस्ट्रेलियाई पारी को आगे बढ़ाया। ख्वाजा ने सीरीज का अपना दूसरा अर्द्धशतक जमाते हुए 129 गेंदों पर नौ चौकों के साथ 62 रन बनाये और लाबुशेन के साथ 95 रन की साझेदारी की। वेस्ट इंडीज ने हालांकि उस्मान ख्वाजा के साथ स्टीव स्मिथ को भी शून्य पर आउट कर दिया, लेकिन लाबुशेन और हेड विकेट पर टिके रहे। लाबुशेन ने शृंखला की तीसरी पारी में अपना तीसरा शतक जड़ते हुए 235 गेंदों पर 11 चौकों के साथ नाबाद 120 रन बनाये, जबकि पिछले मैच में 99 रन पर आउट होने वाले हेड ने भी 139 गेंदों पर 12 चौके लगाकर 114 रन बना लिये। दिन का खेल खत्म होने तक दोनों बल्लेबाज चौथे विकेट के लिये 199 रन जोड़कर विकेट पर मौजूद हैं। वेस्ट इंडीज के लिये पदार्पण करने वाले मार्किनो मिंडली लंच से पहले केवल दो ओवर ही फेंक सके और उन्हें मांसपेशी में खिंचाव के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा। इसके अलावा अल्ज़ारी जोसेफ़, जेसन होल्डर और डेवन थॉमस ने एक-एक विकेट लिया।

## सीए पर बरसे क्लार्क, कहा वॉर्नर को बनाया बलि का बकरा

मेलबर्न, 8 दिसंबर। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने देश के क्रिकेट बोर्ड पर दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि गेंद से छेड़खानी मामले के बाद डेविड वॉर्नर को 'बलि का बकरा' बनाया गया। उस प्रकरण के चार साल बाद वॉर्नर पर अभी भी कप्तानी को लेकर आजीवन प्रतिबंध लगा हुआ है जबकि उस मामले में वॉर्नर के समान ही दोषी रहे स्टीव स्मिथ वेस्टइंडीज के खिलाफ दिन रात के टेस्ट में कप्तानी कर रहे हैं। वॉर्नर ने नाराजगी में बुधवार को कप्तानी से आजीवन प्रतिबंध हटाने के लिये अपना आवेदन वापिस ले लिया। क्लार्क ने बिग स्पोटर्स ब्रेकफास्ट में कहा ,'' वह निराश और दुखी है । वह इस बात से और भी दुखी होगा कि स्टीव स्मिथ को टेस्ट कप्तानी का मौका दिया जा रहा है ।'' उन्होंने कहा मैं उसकी निराशा समझ सकता हूं । उसे कप्तानी से वंचित कर दिया गया । बोर्ड का रवैया भी अस्थिर रहा है। यह अविश्वसनीय है कि एक के लिये कुछ और नियम और दूसरे के लिये कुछ और । अगर बोर्ड को लगता है कि दक्षिण अफ्रीका में उस मामले में शामिल सभी लोगों को कप्तानी से परे रखा जायेगा तो यह उचित होता ।'' उन्होंने कहा लेकिन वॉर्नर पर प्रतिबंध बरकरार है और स्मिथ को कप्तान बना दिया गया है या कैमरून बेनक्रॉफ्ट को भी मौका मिल जाये तो फिर वॉर्नर को क्यो नहीं । उसे बलि का बकरा बनाया गया है ।''

## एआईएफएफ की पुरुष और महिला राष्ट्रीय टीम को मैच फीस देने की योजना

नयी दिल्ली, 8 दिसंबर। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के महासचिव शाजी प्रभाकरण ने कहा कि अगर एआईएफएफ अपने वित्तीय स्त्रोतों को बढ़ाने में सफल रहता है तो राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों (पुरूष और महिला) को जल्द ही मैच फीस दी जायेगी। इस महीने के अंत में भारतीय फुटबॉल विकास के लिये 'रोडमैप' के अंतर्गत कई पहल की घोषणा की जायेगी। प्रभाकरण ने कहा कि कार्यकारी परिषद राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों के लिये मैच फीस शुरू करने का फैसला करेगी। उन्होंने हालांकि एआईएफएफ की बजट संबंधित बाधाओं के कारण इसके लिये कोई समय सीमा नहीं दी लेकिन संकेत दिया कि यह मौजूदा कार्यकाल के दौरान ही किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ''हमारी पुरूष और महिला टीम के खिलाड़ियों को मैच फीस मिलनी चाहिए। हमें सिर्फ 'टोकन' राशि नहीं देनी चाहिए, इसकी आर्थिक अहमियत होनी चाहिए। प्रभाकरण ने कहा, ''अगर देश के लिये खेलने वाले एक खिलाड़ी आर्थिक रूप से कुछ हासिल नहीं कर रहा तो एक परिवार या समुदाय उसे एक सीमा के बाद कैसे मदद करेगा। हम कार्यकारी समिति में इस मामले पर चर्चा करेंगे। उन्होंने हालांकि यह स्वीकार किया कि एआईएफएफ का मौजूदा सालाना बजट 100 करोड़ रूपये से थोड़ा अधिक है जो तुरंत राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों को मैच फीस देने की इजाजत नहीं देगा। लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि महासंघ एक स्तर तक वित्तीय स्त्रोतों को बढ़ाने में सफल रहेगा जिससे इस पहल को लागू किया जा सकेगा।

## बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स : लु गुआंग से भी हारे प्रणय, सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर

बैंकॉक, 8 दिसंबर। भारत के एचएस प्रणय को गुरुवार को यहां ग्रुप ए के अपने दूसरे मैच में चीन के लु गुआंग जू से तीन गेम में हार का सामना करना पड़ा जिससे वह बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर बैडमिंटन फाइनल्स के सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गये। केरल के रहने वाले 30 वर्षीय प्रणय को 84 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 21-23, 21-17, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह इन दोनों प्रतिद्वंद्वियों के बीच दूसरा मुकाबला था। इससे पहले उनकी भिड़ंत इस साल फ्रेंच ओपन में हुई थी और उस मैच में भी चीनी खिलाड़ी ने बाजी मारी थी।

### विश्व कप फुटबॉल क्वार्टरफाइनल

## क्रोएशिया के विरुद्ध ब्राजील का पलड़ा भारी

अल रैयान, 8 दिसंबर। पांच बार की विश्व चैंपियन ब्राज़ील फीफा विश्व कप 2022 के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में शुक्रवार को पिछली बार की उपविजेता क्रोएशिया का सामना करेगी। दोनों टीमें अपने-अपने सुपर-16 मुकाबलों में एशियाई प्रतिद्वंदी को हराकर आ रही हैं। ब्राज़ील ने जहां अपने पिछले मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 4-1 से रौंदा, वहीं क्रोएशिया को शीर्ष-8 में पहुंचने के लिये संघर्ष करना पड़ा। लुका मोड्रिक की टीम ने आधिकारिक समय 1-1 के ड्रॉ पर समाप्त होने के बाद जापान को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से मात दी।

आमने-सामने के मुकाबलों में भी ब्राज़ील का पलड़ा क्रोएशिया पर भारी है। ब्राज़ील ने यूरोपीय प्रतिद्वंदी के खिलाफ चार में से तीन मैचों में जीत दर्ज की है जबकि एक मुकाबला ड्रॉ रहा है। इनमें से दो मुकाबले विश्व कप में खेले गये थे। दोनों टीमें 2018 विश्व कप में भी आमने-सामने आयी थीं जहां ब्राज़ील ने नेमार जूनियर और रोबर्टो फिरमिनो के गोलों की मदद से जीत का परचम लहराया था। क्रोएशिया को इस मुकाबले में नेमार के अलावा रिचार्लीसन और कासमीरो से भी सावधान रहना होगा। रिचार्लीसन ने जहां विश्व कप 2022 में तीन गोल किये हैं, वहीं कासेमीरो ने स्विट्ज़रलैंड के खिलाफ निर्णायक गोल जमाया था। मिडफील्ड के जुझारू खिलाड़ी कासेमीरो से निपटने के लिये क्रोएशिया के कप्तान मोड्रिक को खुद आगे आना होगा। रिचार्लीसन के आक्रामक खेल को रोकने के लिये क्रोएशिया 20 वर्षीय जोस्को ग्वर्डिओल पर निर्भर रहेगा। ग्वर्डिओल इस विश्व कप में क्रोएशियाई रक्षण के महत्वपूर्ण खिलाड़ी रहे हैं और उन्हें पार पाना रिचार्लीसन के लिये बड़ी चुनौती होगी।

क्वार्टरफाइनल में नेमार को बेअसर करने की जिम्मेदारी मार्सेलो ब्रोज़ोविक पर होगी। मोड्रिक, इवान राकिटिक और माटेओ कोवासिक से सजी क्रोएशियाई मिडफील्ड में ब्रोज़ोविक के बारे में कम बात की जाती है लेकिन वह अपनी कौशल की कमी की भरपाई अपने स्टैमिना से करते हैं। ब्रोज़ोविक ने जापान के खिलाफ 16.7 किमी की दूरी तय करते हुए 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाये गये 16.3 किमी के अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ा था। यदि वह नेमार पर लगाम लगाने में विफल रहते हैं, तो क्रोएशिया को ब्राजील के अंतहीन आक्रमण का सामना करना पड़ेगा।

## नीदरलैंड की चुनौती को पार करने उतरेगी अर्जेंटीना

लुसैल, 8 दिसंबर। लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना यहां लुसैल स्टेडियम पर फीफा विश्व कप 2022 के दूसरे क्वार्टरफाइनल में शनिवार को वर्जिल वैन डिज्क की नीदरलैंड का सामना करेगी। अर्जेंटीना ने अपने सुपर-16 मुकाबले में आस्ट्रेलिया को 2-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में कदम रखा, जबकि नीदरलैंड आसानी के साथ अमेरिका को 3-1 से मात देकर आ रही है। अर्जेंटीना ने टूर्नामेंट की शुरुआत सऊदी अरब के हाथों 1-2 से हारकर की थी लेकिन उसके बाद मेसी की टीम ने दमदार खेल दिखाते हुए लगातार तीन विजय हासिल की हैं।

नीदरलैंड ने अर्जेंटीना के खिलाफ खेले गये नौ में से चार मुकाबले जीते हैं, जबकि चार मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। फीफा विश्व कप में हालांकि दोनों टीमें बराबरी पर हैं। शीर्ष टूर्नामेंट में पांच बार भिड़ते हुए अर्जेंटीना और नीदरलैंड ने दो-दो मुकाबले जीते हैं जबकि एक मैच ड्रॉ रहा है। संभवतः अपना आखिरी विश्व कप खेल रहे मेसी इतिहास को पीछे छोड़कर नीदरलैंड को शिकस्त देना चाहेंगे। सऊदी अरब के हाथों उलटफेर का शिकार होने के बाद मेसी ने टीम का बेहतरीन नेतृत्व किया है और पिच के बीच में रहते हुए फॉरवर्ड पंक्ति के लिये कई मौके बनाये हैं। मेसी के नाम इस विश्व कप में चार मैचों में तीन गोल हैं। इसके अलावा उन्होंने अर्जेंटीना के लिये अब तक 10 मौके भी बनाये हैं। नीदरलैंड हालांकि टूर्नामेंट की सबसे मजबूत रक्षण वाली टीमों में से एक है और मेसी को गोल करने के लिये विपक्षी टीम के पेनल्टी क्षेत्र में ज्यादा समय बिताना होगा।

बॉक्स में वैन डिज्क की उपस्थिति निश्चित ही मेसी की सबसे चुनौतीपूर्ण बाधाओं में से एक होगी। नीदरलैंड के खिलाफ अब तक टूर्नामेंट में सिर्फ दो गोल हुए हैं, जिसमें वैन डिज्क की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। नीदरलैंड के बॉक्स में वैन डिज्क और मेसी के बीच दिलचस्प लड़ाई देखने को मिलेगी। शारीरिक क्षमता के मामले में 31 वर्षीय वैन डिज्क का पलड़ा 35 वर्षीय मेसी पर भारी है, लेकिन अर्जेंटीना को आगे लाने के लिये मेसी का बॉल को दिशा दिखाना ही काफी है।

## कप्तानी को लेकर घमंड नहीं : हीली

नवी मुंबई, 8 दिसंबर। आस्ट्रेलिया की कार्यवाहक कप्तान एलिसा हीली भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में अपनी टीम की अगुवाई करने को लेकर काफी उत्साहित हैं। हीली को भारतीय मैदान काफी रास आते हैं। उन्होंने चार साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला शतक भारत में ही बनाया था।

बल्लेबाजी का आगाज करने वाली इस विकेटकीपर ने ऑस्ट्रेलिया के 2018 के दौरे के दौरान वड़ोदरा में तीसरे वनडे में 115 गेंदों पर 133 रन बनाकर अपनी टीम को 97 रन से जीत दिलाई थी। हीली ने पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच की पूर्व संध्या पर कहा,'' मुझे यहां का दौरा करना बहुत पसंद है। यहां से मेरी कई अच्छी यादें जुड़ी हैं जिनमें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहला शतक जड़ना भी शामिल है। उन्होंने कहा,'' मैं वास्तव में एक अच्छी टीम के खिलाफ खेलने को लेकर उत्साहित हूं। हम लंबे समय बाद यहां एक दूसरे का सामना करेंगे। एक कप्तान के तौर पर यह मेरे लिए उत्साहजनक है।'' नियमित कप्तान मेग लैनिंग के निजी कारणों से अनिश्चित काल के लिए 'ब्रेक' लेने के कारण हीली को कप्तानी का जिम्मा सौंपा गया।

## विश्व कप से पहले मजबूत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगी भारत की परीक्षा

नवी मुंबई, 8 दिसंबर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिये श्रृंखला की तैयारियां इतनी आदर्श नहीं रही हैं लेकिन खिलाड़ी शुक्रवार से यहां मजबूत आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में मजबूत इरादे से मैदान पर उतरने के लिये प्रतिबद्ध होंगी।

दक्षिण अफ्रीका में टी20 विश्व कप शुरू होने में अभी दो महीने का समय है जिससे इन पांच मैचों के बाद हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम को अपनी स्थिति का अच्छी तरह अंदाजा हो जायेगा। श्रृंखला के शुरूआती मैच से तीन दिन पहले ही अचानक से मुख्य कोच रमेश पवार को बर्खास्त कर दिया गया और पूर्व भारतीय बल्लेबाज ऋषिकेश कानिटकर को बल्लेबाजी कोच के तौर पर सहयोगी स्टाफ की जिम्मेदारी सौंपी गयी। भारत ने अक्टूबर में एशिया कप जीतने में कामयाबी हासिल की, हालांकि टीम में ज्यादा ही प्रयोग किया गया जिसका खामियाजा उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ लीग मैच में मिली हार से उठाना पड़ा। हाल में भारत मजबूत आस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने में सफल रहा है लेकिन वह जीत तक नहीं पहुंच सका। ऐसा ही एक मुकाबला अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में हुई पिछली भिड़ंत रहा जिसमें उन्हें लक्ष्य का पीछा करते हुए हार मिली।

बल्लेबाजी क्रम स्थिर दिखता है जिसमें स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना के काफी रन जुटाने की उम्मीद है। उनकी सलामी जोड़ीदार शेफाली वर्मा की शार्ट गेंद के खिलाफ कमजोरी को देखते हुए आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज उन्हें दबाव में ला सकती हैं। शेफाली को अगले महीने होने वाले अंडर-19 विश्व कप में टीम की अगुआई की जिम्मेदारी दी गयी है।

## लिविंगस्टोन की जगह मार्क वुड दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में शामिल

मुल्तान, 8 दिसंबर। पाकिस्तान के मुल्तान की पिच को स्पिनरों के अनुकूल बनाने की कवायद को नजरअंदाज करते हुए इंग्लैंड ने शुक्रवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए तेज गेंदबाज मार्क वुड को अपनी टीम में शामिल किया है। इंग्लैंड ने रावलपिंडी में खेले गए पहले टेस्ट मैच में 74 रन से जीत दर्ज करने वाली टीम में केवल एक बदलाव किया है। वुड ऑलराउंडर लियम लिविंगस्टोन की जगह लेंगे जो पहले टेस्ट के दौरान चोटिल होने के कारण स्वदेश लौट गए थे।


इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने वुड को टीम में शामिल करने के बारे में गुरुवार को कहा,'' एक ऐसा गेंदबाज जो कि 150 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी करता हो उसे किसी भी टीम में शामिल करना बोनस जैसा होगा।'' वुड ने इस साल मार्च से कोहनी की चोट के कारण कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है।

## हॉकी विश्वकप से पहले भुवनेश्वर, राउरकेला में बिछी नयी पिचें

भुवनेश्वर, 8 दिसंबर। एफआईएच ओडिशा पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 से पहले यहां कलिंगा हॉकी स्टेडियम और राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में चार नयी पिचें बिछायी गयी हैं। हॉकी इंडिया ने यहां जारी विज्ञिप्त में कहा कि कलिंगा स्टेडियम में मुख्य पिच के साथ-साथ अभ्यास पिच को फिर से बिछाया गया है, जबकि राउरकेला में अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) द्वारा प्रमाणित बिल्कुल नयी पिचें बिछी हैं। पुरुष विश्व कप 2023 इस अत्यधिक प्रतिष्ठित आयोजन का 15वां संस्करण होगा। टूर्नामेंट के सभी मुकाबले राउरकेला में नवनिर्मित बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम और भुवनेश्वर के प्रतिष्ठित कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेले जायेंगे। अगले साल 13 से 29 जनवरी तक होने वाले प्रतिष्ठित कार्यक्रम में भारत सहित दुनिया भर की शीर्ष 16 टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट के लिये 16 टीमों को चार पूल में विभाजित किया गया है। भारत पूल-डी में इंग्लैंड, स्पेन और वेल्स के साथ है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ दिलीप टिर्की ने कहा, मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई कि एफआईएच द्वारा प्रमाणित सभी नयी पिचें उपयोग के लिये तैयार हैं। कलिंगा हॉकी स्टेडियम और बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम दोनों भाग लेने वाली टीमों और दर्शकों के लिये विश्व स्तरीय सुविधायें प्रदान करेंगे। हम इसके लिये ओडिशा राज्य सरकार के आभारी हैं, जिन्होंने यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है कि विश्व कप का यह संस्करण हर किसी के लिये यादगार हो। गौरतलब है कि भारत इससे पहले 2010 और 2018 में भी पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी कर चुका है।

## पारी की जीत से 8 विकेट दूर भारत-ए

सिलहट, 8 दिसंबर। भारत-ए ने दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन गुरुवार को पहली पारी 562/9 के स्कोर पर घोषित करके बंगलादेश-ए पर 310 रन की विशाल बढ़त बना ली। दिन का खेल खत्म होने तक बंगलादेश-ए ने दो विकेट के नुकसान पर 49 रन बना लिये, जबकि उसे भारत-ए के सामने लक्ष्य रखने से पहले 261 रन और बनाने हैं। बंगलादेश-ए ने दूसरे दिन 72 रन से पिछड़ने के बाद तीसरे दिन की अच्छी शुरुआत की और छठे ओवर में भारतीय कप्तान अभिमन्यू ईश्वरन को 157 रन पर आउट कर दिया। अभिमन्यू ने अपनी 248 गेंदों की पारी में 14 चौके और दो छक्के जड़े। जयंत यादव और सौरभ कुमार ने इसके बाद सातवें विकेट के लिए 86 रन जोड़कर भारत-ए को 500 रन के करीब पहुंचाया। सौरभ ने आक्रामक क्रिकेट खेलते हुए 39 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों के साथ 55 रन बनाये। जयंत और 10वें नंबर के बल्लेबाज नवदीप सैनी ने भी अर्द्धशतक जमाकर बंगलादेश-ए के आक्रमण को कमजोर कर दिया।



राजस्थान पोलो ग्राउंड पर खेले जा रहे भावनगर पोलो ट्रॉफी में गुरुवार को पहले मुकाबले में रजनीगंधा अचीवर्स ने कृष्णा पोलो को 6-5 से हराया। दूसरे मुकाबले में बेदला चांदना पोलो ने केरीसिल पोलो को साढ़े चार के मुकाबले सात गोल से हराया।

## विश्व कप से बाहर होने के बाद स्पेनिश कोच की छुट्टी

दोहा, 8 दिसंबर। स्पेनिश फुटबॉल महासंघ ने गुरूवार को कहा कि लुई एनरिक अब पुरूष राष्ट्रीय टीम के कोच नहीं रहेंगे और उनकी जगह लुई डि ला फुएंटे को कोच बनाने की घोषणा की। विश्व कप के राउंड 16 से बाहर होने के दो दिन बाद यह फैसला किया गया। मोरक्को ने नियमित और अतिरिक्त समय में गोलरहित स्कोर के बाद स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में 3-0 से हारकर विश्व कप से बाहर कर दिया था। महासंघ ने कोच का धन्यवाद किया लेकिन कहा कि यह 'नयी योजना शुरू करने' का समय था ताकि हाल के वर्षों में कोच द्वारा हासिल की गयी कामयाबी को बरकरार रखा जाये। महासंघ ने कहा कि खेल अधिकारियों की सिफारिशों के बाद यह बदलाव किया गया।

सेविला और एथलेटिक बिलबाओ के पूर्व लेफ्ट बैक ला फुएंटे ने स्पेन की अंडर-19 टीम को 2015 में यूरोपीय चैम्पियनशिप दिलाने में मदद की थी। उन्होंने अंडर 21 टीम को यूरो 2019 में जीत दिलायी थी। वह स्पेन की उस टीम के भी कोच थे जिसने तोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीता था। उन्होंने एक बार सीनियर टीम की कोचिंग भी की थी। स्पेन ने कतर में विश्व कप में अच्छी शुरूआत करते हुए कोस्टा रिका को 7-0 से हराया था लेकिन 'ला रोजा' की टीम अपने अंतिम तीन मैचों में जीत दर्ज नहीं कर सकी। उसने जर्मनी से 1-1 से ड्रा खेला और फिर उसे जापान से 1-2 से हार मिली।

## पहले टेस्ट के लिये चोटिल तमीम की जगह जाकिर को तलब किया

मीरपुर, 8 दिसंबर। बंगलादेश ने भारत के खिलाफ 14 दिसंबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिये चोटग्रस्त तमीम इकबाल की गैरमौजूदगी में ज़ाकिर हसन को टीम में शामिल किया है। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

जाकिर को भारत-ए और बंगलादेश-ए के बीच खेली जा रही अनौपचारिक टेस्ट मैच सीरीज के प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय स्क्वाड में शामिल किया है। ज़ाकिर ने पहले अनौपचारिक टेस्ट की दूसरी पारी में 173 रन बनाये, जिसकी बदौलत मेजबान टीम ने ड्रॉ खेला। इसके बाद विकेटकीपर-बल्लेबाज ने दूसरे मैच की पहली पारी में भी 46 रन का योगदान दिया।

गौरतलब है कि तमीम कमर में चोट लगने के कारण टीम से बाहर हैं। वह इस चोट के कारण तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में भी हिस्सा नहीं ले सके हैं। इसी बीच, अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम की टेस्ट टीम में वापसी हुई है। चोट के कारण वनडे सीरीज से बाहर रहने वाले तस्कीन अहमद को भी टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।

भारत और बंगलादेश के बीच पहला टेस्ट 14 दिसंबर से चटोग्राम में, जबकि दूसरा और अंतिम टेस्ट 22 दिसंबर से ढाका में शुरू होगा। मेजबान टीम पहले ही वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना चुकी है। पहले टेस्ट के लिए बंगलादेश टीम : महमूदुल हसन जॉय, नजमुल हसन शान्तो, मोमिनुल हक, यासिर अली चौधरी, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन (कप्तान), लिटन दास, नुरुल हसन, मेहदी हसन मिराज, तैजुल इस्लाम, तस्कीन अहमद, सैयद खालिद अहमद, इबादत हुसैन, शोरफुल इस्लाम, जाकिर हसन, रेजौर रहमान राजा, अनामुल हक बिजॉय।

## कानिटकर के साथ काम करने को लेकर उत्साहित है हरमनप्रीत

### मैंने हमेशा रमेश सर के साथ काम करने का आनंद लिया है। हम उनके अधीन एक टीम के रूप में विकसित हुए हैं और बहुत कुछ सीखा है। उन्हें बतौर स्पिन-गेंदबाजी कोच एनसीए में स्थानांतरित करना बीसीसीआई का फैसला है। ऋषि सर हमारे साथ हैं।

**कानिटकर शांत हैं और हमें किसी ऐसे व्यक्ति की आवश्यकता थी जो हमें मैदान पर शांति प्रदान कर सके। हमने अतीत में देखा है कि कभी-कभी महत्वपूर्ण स्थिति में, लड़कियों को किसी शांत व्यक्ति के समर्थन की आवश्यकता होती है जो उनके विचारों के माध्यम से उनका मार्गदर्शन कर सके। श्रीलंका में इसका अनुभव करने के बाद जब हमें पता चला कि वह ऑस्ट्रेलिया शृंखला के लिये टीम के साथ होंगे तो हमें काफी अच्छा महसूस हुआ**

मुंबई, 8 दिसंबर। भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने नवनियुक्त बल्लेबाजी कोच ऋषिकेश कानिटकर की तारीफ करते हुए गुरुवार को कहा कि टीम को उनके साथ तालमेल बैठाने में कोई समस्या नहीं होगी। कानिटकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 शृंखला के दौरान टीम की देखरेख करेंगे। गौरतलब है कि बीसीसीआई ने पुनर्गठन मॉड्यूल पर काम करते हुए पूर्व कोच रमेश पवार को बतौर स्पिन-गेंदबाजी कोच राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में स्थानांतरित कर दिया है। इसी के साथ महिला टीम के कोच के रूप में पवार का दूसरा कार्यकाल भी समाप्त हो गया। हरमनप्रीत ने पहले टी20 मैच की पूर्व संध्या पर कहा, मैंने हमेशा रमेश सर के साथ काम करने का आनंद लिया है। हम उनके अधीन एक टीम के रूप में विकसित हुए हैं और बहुत कुछ सीखा है। उन्हें बतौर स्पिन-गेंदबाजी कोच एनसीए में स्थानांतरित करना बीसीसीआई का फैसला है। ऋषि सर हमारे साथ हैं। हम श्रीलंका में उनके साथ बहुत अच्छा अनुभव रहा। वह काफी अनुभव लेकर आये हैं और हम केवल आगे की ओर देख रहे हैं। हमारी टीम सही हाथों में हैं।

हरमनप्रीत ने कहा, कानिटकर शांत हैं और हमें किसी ऐसे व्यक्ति की आवश्यकता थी जो हमें मैदान पर शांति प्रदान कर सके। हमने अतीत में देखा है कि कभी-कभी महत्वपूर्ण स्थिति में, लड़कियों को किसी शांत व्यक्ति के समर्थन की आवश्यकता होती है जो उनके विचारों के माध्यम से उनका मार्गदर्शन कर सके। श्रीलंका में इसका अनुभव करने के बाद जब हमें पता चला कि वह ऑस्ट्रेलिया शृंखला के लिये टीम के साथ होंगे तो हमें काफी अच्छा महसूस हुआ।

हाल ही में भारतीय पुरुष टीम के साथ न्यूजीलैंड दौरे पर गये कानिटकर ने श्रीलंका में बल्लेबाजी सलाहकार के रूप में महिला टीम के साथ काम किया था। भारत ने उस दौरे पर टी20 शृंखला 2-1 से जीती, जबकि एकदिवसीय सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। तीसरे वनडे में 124 रन पर छह विकेट गंवाने के बावजूद भारत हरमनप्रीत और पूजा वस्त्राकर की 97 रन की साझेदारी के दम पर 255 रन बनाने में कामयाब रहा। हरमनप्रीत ने कहा, उन्होंने हमें बल्लेबाजी इकाई के रूप में अपने लक्ष्य हासिल करने में मदद की। श्रीलंका में कुछ मैच ऐसे थे जहां हमने शुरुआती विकेट खो दिये थे, लेकिन फिर भी हम 250 रन बनाने में सक्षम थे। जिस तरह से वह हमारे सामने चीजें पेश कर रहे थे, उससे हर कोई खुश था।

बीसीसीआई ने फिलहाल यह पुष्टि नहीं की है कि महिला टीम में पवार की जगह कौन लेगा, लेकिन हरमनप्रीत का मानना है कि टीम कानिटकर की निगरानी में दो महीने बाद होने वाले महिला विश्व कप के लिये अच्छी तैयारी कर रही है।

हरमनप्रीत ने कहा, नये कोच के साथ काम करना मुश्किल होता, लेकिन हम पहले ही ऋषि सर के साथ काम कर चुके हैं इसलिए मुझे नहीं लगता कि कोई समस्या होगी। एक नये कोच के साथ आपको यह बताना होगा कि हम कैसे काम कर रहे हैं और हम कैसे आगे बढ़ना चाहते हैं। ऋषि सर पहले से ही इसके बारे में जानते हैं और यह ज्यादा बदलने वाला नहीं है। हम पिछले तीन महीनों में जिस तरह से खेलते आये हैं, उसी तरह से खेलना जारी रखना चाहते हैं और मुझे नहीं लगता कि हम जिस तरह से खेलते हैं उसमें हम ज्यादा बदलाव करेंगे। भारत ने ऑस्ट्रेलिया टी20 शृंखला के लिये अनुभवी ऑलराउंडर स्नेह राणा के साथ-साथ फिनिशर की भूमिका निभाने वाली दयालन हेमलता और किरण नवगिरे को टीम से बाहर रखा है। दूसरी ओर, सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाली वामहस्त तेज गेंदबाज अंजलि सरवानी को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। हरमनप्रीत ने कहा कि राणा के लिये टीम के दरवाजे बंद नहीं हुए हैं, लेकिन घरेलू कलाकारों को उनके प्रदर्शन के लिये पुरस्कृत किया गया है।

उन्होंने कहा, अगर आप अंजलि की बात करें तो उन्होंने सबसे ज्यादा विकेट लिये और अन्य खिलाड़ियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। चयन आपके प्रदर्शन पर निर्भर करता है और जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है वे टीम में हैं। स्नेह राणा और सभी अच्छे खिलाड़ी हैं। आने वाले टूर्नामेंट में जब भी वे अच्छा करेंगे तो टीम में वापस आयेंगे। हम उन पर नजर रख रहे हैं। ऐसा नहीं है कि अगर आज वो टीम में नहीं हैं तो हम उन्हें नज़रअंदाज़ कर रहे हैं। वे व्यवस्था का हिस्सा हैं और जब वे अच्छा प्रदर्शन करेंगे तो वापसी करेंगे।

हरमनप्रीत ने यह भी पुष्टि की कि अगले महीने होने वाले अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में भारत का प्रतनिधित्व करने के लिये चुनी गयीं शेफाली वर्मा और ऋचा घोष ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोई मैच नहीं खेलेंगी। दोनों खिलाड़ी अगले महीने दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के विरुद्ध होने वाली त्रिकोणीय टी20 शृंखला में भी नहीं खेलेंगी।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 9 फरवरी से

मुंबई, 8 दिसंबर। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की शृंखला नागपुर में नौ फरवरी से शुरू होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बीसीसीआई ने भारत के घरेलू सत्र 2023 की घोषणा करते हुए बताया कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चार मैच नागपुर (9-13 फरवरी) के अलावा दिल्ली (17-21 फरवरी), धर्मशाला (1-5 मार्च) और अहमदाबाद (9-13 मार्च) में खेले जायेंगे। गौरतलब है कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया में आयोजित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2020-21 में मेज़बान टीम को 2-1 से हराया था। फरवरी में शुरू होने वाली शृंखला भारत की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों के लिये भी महत्वपूर्ण होगी। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया तीन एकदिवसीय मैचों के साथ अपना भारत दौरा समाप्त करेगा। यह वनडे मुकाबले क्रमशः मुंबई (17 मार्च), विशाखापटनम (19 मार्च) और चेन्नई (22 मार्च) में आयोजित होंगे। इससे पहले भारत साल की शुरुआत में सीमित ओवर शृंखलाओं के लिये श्रीलंका और न्यूजीलैंड की मेजबानी भी करेगा। श्रीलंका के भारत दौरे की शुरुआत तीन जनवरी से तीन टी20 मैचों के साथ होगी, जिसके बाद दोनों टीमें तीन एकदिवसीय मैचों में एक दूसरे का सामना करेंगी।



भारत जोड़ो यात्रा के कोटा चरण में राहुल गांधी ने कोटा के कोचिंग छात्रों को संबोधित किया। इस दौरान मंच पर खड़े शांति धारीवाल को सुरक्षाकर्मी धक्का देकर पीछे ले जाते नज़र आए।

# बूंदी जिले के गुड़ली में 9 तारीख को विश्राम करेंगे भारत जोड़ो यात्री

## भारत जोड़ो यात्रा के विश्राम के बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट बयाना में एक सामुहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए

- **12 दिसम्बर को राहुल गांधी के साथ महिला यात्री पैदल चलेंगी, यात्रा के विश्राम के बाद पायलट पहुंचे बयाना, तो गहलोत लौटे जयपुर।**

जयपुर, 8 दिसम्बर (का.प्र.)। राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा के चौथे दिन राहुल गांधी, सचिन पायलट सहित अन्य कांग्रेस नेता 6 घंटे में 23 किमी चलकर गुडली तक पहुंचे। कोटा से शुरू हुई यह यात्रा बूंदी जिले में प्रवेश कर गई है और केशोरायपाटन विधानसभा क्षेत्र में पहुंच गई है। शाम को यात्रा को विराम दे दिया गया। यहां से राहुल गांधी हेलीकॉप्टर से रणथम्भौर पहुंच गए। वहां वे सोनिया गांधी से मिलेंगे। पूर्व कार्यक्रम के अनुसार 9 दिसंबर को यात्रा का विश्राम रहेगा। अब दस दिसंबर को बूंदी जिले के गुडली से यात्रा की शुरुआत होगी।

इससे पहले चौथे दिन शुरू हुई यात्रा में कोटा में भारी भीड़ के कारण कई बार भगदड़ की स्थिति नजर आई। कई बार लोग राहुल का सुरक्षा घेरा तोड़ते हुए उनके पास पहुंच गए। यात्रा में राहुल गांधी कोचिंग जा रहे स्टूडेंट्स से भी मिले। उन्होंने बच्चों से कहा कि आप ही देश का भविष्य हो... लव यू।

गुरुवार सुबह करीब 6.15 बजे कोटा के सूर्यमुखी हनुमान मंदिर यात्रा की शुरुआत हुई है। कोटा जिले में यात्रा के कार्यक्रम में बदलाव करके छोटा कर दिया गया। अब बूंदी जिले के केशोरायपाटन में राहुल गांधी की यात्रा का कैंप बनाया गया है, जहां पर दो दिन नाइट स्टे होगा। इधर सोनिया गांधी भी आज सुबह जयपुर होते हुए सवाई माधोपुर पहुंच गई है जहां राहुल गांधी भी पहुंच गए हैं सोनिया अपने परिवार के साथ 9 दिसम्बर को अपना जन्मदिन मनाएंगी।

यात्रा के चौथे दिन विश्राम के बाद पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट बयाना विधानसभा क्षेत्र में एक सामूहिक विवाह सम्मेलन में हिस्सा लेने चले गए और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी कुछ ही देर बाद केशोरायपाटन होते हुए हेलीकॉप्टर से जयपुर आ गए, जहां उन्होंने पुलिस अधिकारियों की बैठक ली।

पहले 10 दिसंबर को महिलाओं को राहुल गांधी के साथ पैदल चलना था पर अब कार्यक्रम में बदलाव करके महिलाओं के लिए 12 दिसंबर रिज़र्व रखा गया है। राहुल गांधी ने महाराष्ट्र से यह पैटर्न शुरू किया था कि यात्रा में हर प्रदेश में 1 दिन महिलाओं के लिए रिजर्व रखा जाएगा। मध्य प्रदेश में भी 1 दिन महिलाओं के लिए रखा गया था।

# ठाकरे परिवार की सम्पत्ति की जांच करेगी मुंबई पुलिस

मुंबई, 8 दिसंबर (वार्ता)। बॉम्बे उच्च न्यायालय को गुरुवार को महाराष्ट्र सरकार ने सूचित किया कि मुंबई पुलिस ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच शुरू की है।

सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) और प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) को इसकी जांच करने का निर्देश देने की मांग करने वाली एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान यह बयान दिया गया।

न्यायमूर्ति संजय गंगापुरवाला और न्यायमूर्ति आर.एम. लड्ढा की खंडपीठ के समक्ष लोक अभियोजक अरुणा पई ने बयान देते हुए कहा कि शहर पुलिस के आर्थिक कार्यालय विंग ने इस संबंध में प्रारंभिक जांच की है।

मुंबई निवासी गौरी भिडे की ओर से एक जनहित याचिका दायर की गई है जो एक व्यवहार और सॉफ्ट स्किल सलाहकार हैं तथा उनके पिता अभय दूसरे याचिकाकर्ता हैं। इस मामले में केंद्र और राज्य सरकारों, सी.बी.आई., ई.डी., उद्धव, उनकी पत्नी रश्मि और पुत्रों आदित्य तथा तेजस को प्रतिवादी बनाया गया है।

# शांति धारीवाल को एहसास हो गया होगा कि, आलाकमान कौन होता है?

## धारीवाल ने 25 सितम्बर के घटनाक्रम के बाद कहा था, कौन होता है आलाकमान, यहां जो कुछ है अशोक गहलोत हैं

- **कोटा में शक्ति प्रदर्शन के बावजूद धारीवाल को पहले तो राहुल गांधी के सुरक्षा घेरे से पकड़कर बाहर कर दिया गया, बाद में मंच से धक्का देकर सुरक्षाकर्मियों ने पीछे कर दिया, उनके बेटे का भी हाथ पकड़कर सुरक्षाकर्मियों ने बाहर निकला दिया।**
- **कहा जा रहा है कि, धारीवाल के जरिए एहसास करा दिया गया है कि, अनुशासनहीनता के मामले में कार्यवाही जल्द होने वाली है।**

जयपुर, 8 दिसम्बर (का.प्र.)। राजस्थान के नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने एक बार मीडिया के सवाल के जवाब में कहा था कि कौन होता है आलाकमान, राजस्थान में तो आलाकमान अशोक गहलोत ही है। लेकिन पिछले 2 दिनों से राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के कोटा चरण में जितने भी घटनाक्रम हुए, उसमें शांति धारीवाल को इस बात का एहसास अवश्य हो गया होगा कि कांग्रेस में आलाकमान कौन है।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा जब कोटा में प्रवेश कर रही थी, तो बुधवार को लाडपुरा की सभा में राहुल गांधी ने शांति धारीवाल का नाम तक नहीं लिया, ना ही उनसे रूबरू हुए। इतना ही नहीं उनके गृह क्षेत्र में भी उन्हें सभा में माइक तक नहीं पकड़ने दिया।

आलाकमान की ताकत की झलक शांति धारीवाल को गुरुवार को कई बार मिली, जब भारत जोड़ो यात्रा कोटा शहर से निकल रही थी। एक बार सुबह जब शांति धारीवाल राहुल गांधी के आगे बनाई गई डी में चल रहे थे, तो सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें पकड़कर डी के रस्से से बाहर निकाल दिया। इसके बाद जब कोटा में स्टूडेंट के साथ राहुल गांधी मुलाकात करने गए , तो मंच पर शांति धारीवाल भी चढ़े। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें पकड़कर पीछे धकेल दिया। शांति धारीवाल को कभी यह उम्मीद नहीं रही होगी कि कोटा में किसी मंच पर उनके साथ ऐसा भी हो सकता है। जब यात्रा आगे बढ़ रही थी तो धारीवाल के पुत्र अमित धारीवाल भी राहुल गांधी के पीछे आ गए, तो सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें पकड़ा और एक तरफ धक्का मारते हुए बाहर निकाल दिया। जबकि धारीवाल इस यात्रा में अपने पुत्र के होर्डिंग लगाकर उसे राजनीतिक मंच पर लांच करने का प्रयास कर रहे थे।

यह कोई साधारण घटनाक्रम नहीं है, बल्कि ऐसी सच्चाई है जो सबके सामने नज़र आ रही है। दरअसल राजनीतिक चर्चाओं में बताया जा रहा है कि जिस तरह से 25 सितंबर का घटनाक्रम हुआ और उस घटनाक्रम में शांति धारीवाल का सरकारी आवास ही काम नहीं आया, बल्कि खुद धारीवाल ने खुलकर तत्कालीन प्रभारी अजय माकन पर आरोप भी लगाए। इसके बाद धारीवाल सहित महेश जोशी और धर्मेंद्र राठौड़ को नोटिस जारी हुए, लेकिन इन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। यहां तक पिछले दिनों तत्कालीन प्रभारी अजय माकन ने राजस्थान का प्रभार तक छोड़ दिया और अपने पत्र में जोशी, धारीवाल, और राठौड़ पर कार्यवाही नहीं होने पर रोष जताया। उसके बाद लग रहा था कि इस मामले को लेकर आलाकमान कोई सख्त कदम उठाएगा। हालांकि उस समय तो ऐसा कुछ भी नज़र नहीं आया कि आलाकमान 25 सितंबर के घटनाक्रम और तत्कालीन प्रभारी अजय माकन की नाराजगी के बाद में इन नेताओं को लेकर किस तरह का रवैया अपना रहा है। लेकिन कोटा में शांति धारीवाल को आलाकमान ने अपनी ताकत का एहसास करा दिया है।

आलाकमान के मानस का संकेत तो तभी मिल गया था जब भारत जोड़ो यात्रा के संबंध में समिति बनाई गई, तो शांति धारीवाल, महेश जोशी और धर्मेंद्र राठौड़ को स्थान नहीं दिया गया और दूसरा संकेत तब मिला जब कोटा, जिसे धारीवाल का गढ़ कहा जाता है, राहुल गांधी ने धारीवाल को कोई तवज्जो नहीं दी, गहलोत के तमाम प्रयासो के बाद भी और धारीवाल शक्ति प्रदर्शित करके भी राहुल गांधी की नजरों में नहीं आ पाए।

## गुजरात में शर्मनाक...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जायेगा। मुख्यमंत्री की नियुक्ति में प्रियंका की चलने की संभावना है क्योंकि हिमाचल प्रदेश को वे ही संभाल रही थी। अगले चन्द दिन में इसका निर्णय होने की संभावना है क्योंकि गांधी परिवार इस समय रणथंभौर में है। गुजरात में भाजपा ने भारी बहुमत से अभूतपूर्व विजय हासिल की है। इस जीत का श्रेय आप पार्टी को भी मिलना चाहिये क्योंकि उसने कांग्रेस के वोटों में सैंध लगाकर भाजपा की मदद की है। उधर ओवेसी ने कांग्रेस के मुस्लिम वोट काटे हैं।

लेकिन ये सब कारण भी भाजपा की जबरदस्त जीत की सफाई नहीं माने जा सकते। दरअसल, कांग्रेस ने चुनाव में मेहनत ही नहीं की थी।

यह प्रश्न पूछा जा रहा है कि क्या अशोक गहलोत की गौतम अडानी से नजदीकी तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ उनकी मीटिंग भी कांग्रेस पार्टी के इस खराब प्रदर्शन का एक कारण थे।

जाहिर है, ये दिलचस्प प्रश्न अपना जवाब माँग रहे हैं।

## 'कश्मीरी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

किसी स्वतंत्र जांच एजेंसी से कोर्ट की निगरानी में जांच करवायी जाए और तत्कालीन राज्य सरकार द्वारा एफ.आई.आर्स. पर कानूनी कार्रवाई ना करने के कारणों की पड़ताल के लिए एक जांच आयोग गठित किया जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने तत्कालीन चीफ जस्टिस जे.एस. खेहर और जस्टिस डी.वाय. चन्द्रचूड़ से युक्त एक बैंच ने व्यवस्था दी थी कि हम भारत के संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत इस याचिका पर सुनवाई से सिर्फ एक कारण से इंकार करते हैं कि वर्तमान याचिका में संदर्भित घटनाओं का संबंध वर्ष 1989-90 से है और तब से लेकर अब तक 27 साल गुजर चुके हैं। कोई नतीजा नहीं निकलेगा क्योंकि इतने समय बाद साक्ष्य मिलने की संभावना नहीं है।



भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी से ईस्टर्न राजस्थान नहर के मुद्दे पर चर्चा करती कांग्रेस नेता आरती मीना।

# भारत जोड़ो यात्रा में शरदो गुर्जर पारम्परिक गुर्जर परिधान में शामिल हुईं

- **शरदो गुर्जर करौली कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष हैं।**

हिण्डौन सिटी, 8 दिसम्बर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की राजस्थान में होकर निकल रही भारत जोड़ो यात्रा में कोटा में गुरुवार को करौली महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष शरदो गुर्जर को शामिल होने का मौका मिला। जिलाध्यक्ष राजस्थानी संस्कृति के पारम्परिक गुर्जर परिधान लहंगा लुगड़ी पहने हुए शरदो गुर्जर सभी के आकर्षण का केन्द्र बनी रहीं।

शरदो गुर्जर ने राहुल गांधी एवं राजस्थान सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट से वार्ता की और कई बिंदुओं पर चर्चा की। हिंडौन देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता प्रमोद तिवाड़ी ने बताया कि राहुल गांधी की राजस्थान में 5 दिसंबर से झालावाड़ जिले से शुरू हुई यात्रा में 4 दिन से करौली जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे पूर्व विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, वरिष्ठ कांग्रेसी कन्हैया लाल शर्मा करौली, उधो सिंह एडवोकेट, भूपेंद्र भारद्वाज, बहादुर सिंह गुर्जर ताली सहित कई कार्यकर्ता कोटा पहुंचे। करौली जिले के ये कांग्रेसी कोटा की सड़कों पर राहुल गांधी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हुए नजर आए। पैदल यात्रा में गुरुवार को करौली महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष शरदो गुर्जर यात्रा में शामिल हुई और लोगों को कांग्रेस के पक्ष में एकजुट करते देखी गईं।

# आरती मीना ने राहुल गांधी से मुलाकात की

- **भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होकर प्रदेश कांग्रेस सेवा दल की महासचिव आरती मीना ने पूर्वी राजस्थान नहर और चुनाव में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा भी की।**

करौली, 8 दिसम्बर (नि.स.)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल महासचिव और पूर्व जिला परिषद सदस्य आरती मीना ने कोटा में यात्रा के दौरान कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की।

कांग्रेस नेता आरती मीना ने राहुल गांधी से चर्चा करते हुए भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना का मुद्दा उठाया, साथ ही आने वाले समय में कांग्रेस संगठन एवं 2023 के विधानसभा चुनाव में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की। इसके बाद राहुल गांधी ने एक सभा मे पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना का उल्लेख किया और इसे योजना को जल्दी लागू करने की जरूरत बताई। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजस्थान में दो बार पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना बनाने की बात कह चुके हैं लेकिन अब ऐसी घोषणा नही कर रहे हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# भारत जोड़ो यात्रा में भाजपा कार्यकर्ता ने आत्मदाह का प्रयास किया

- **कोटा में हुए इस घटनाक्रम ने एक बार अप्रिय हालात बना दिए। पर पुलिस ने तुरंत आग बुझाकर युवक पर काबू कर लिया।**

कोटा, 8 दिसम्बर (का.प्र.)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया ,जब एक भाजपा कार्यकर्ता ने खुद को आग लगा ली। हालांकि, डीएसपी अंकित जैन ने अपनी शर्ट उतारकर आग बुझाकर हादसा होने से बचा लिया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि, यह कार्यकर्ता चार-पांच दिन पहले से ही यात्रा को रोकने की योजना बना रहा था, लेकिन किसी ने साथ नहीं दिया तो अकेले ही यात्रा को रोकने पहुंच गया।

सूत्रों का कहना है कि, किसी प्राइवेट हॉस्पिटल में प्राथमिक इलाज कराने के बाद खुफिया विभाग के अधिकारी उसे अपने साथ ले गए हैं।

ज्ञातव्य है कि, यात्रा कोटा के झालावाड़ रोड से आ रही थी,तभी कोटा के बोरखेड़ा में रहने वाला कुलदीप शर्मा यात्रा में घुस गया। पहले तो वह यात्रा के दौरान खूब चिल्ला रहा था, कोई कुछ समझता, उससे पहले ही उसने खुद का आग लगा ली।

घटना की जानकारी मिलने पर कुलदीप शर्मा के बड़े भाई अभिलाष घटनास्थल पर पहुंचे।

अभिलाष ने बताया कि कुलदीप फार्मासिस्ट है और भाजपा से जुड़ा हुआ है। वह ए बी वी पी में रह चुका है। कहा जा रहा है कि, राहुल गांधी द्वारा बार-बार सावरकर पर टिप्पणी करने से कुलदीप नाराज था। कुलदीप का पैर झुलस गया है। इंटैलिजैंस से जुड़े अधिकारी कुलदीप से पूछताछ कर रहे हैं।

# सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाने सवाई माधोपुर पहुंचा गांधी परिवार

- **9 दिसंबर को सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाने के लिए राहुल और प्रियंका भी सवाईमाधोपुर पहुंच गए हैं।**
- **सोनिया गांधी संभवतः थोड़ी देर के लिए भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगी।**

सवाई माधोपुर, 8 दिसम्बर (निस)। कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी अपना जन्मदिन मनाने के लिए गुरुवार को हेलीकॉप्टर से सवाई माधोपुर पहुंची हैं।

सोनिया गांधी का हेलीकॉप्टर शेरपुर हेलीपैड पर लैण्ड हुआ, जहाँ कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए। हेलीपैड पर उतरने के बाद सोनिया गांधी भारी पुलिस लवाजमे के साथ रणथंभौर स्थित होटल शेर बाग के लिए रवाना हुईं । पूरा गांधी परिवार होटल शेरबाग में ही रुका हुआ है। यह भी कहा जा रहा है कि, कुछ देर के लिए सोनिया गांधी राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हो सकती हैं।

गौरतलब है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान के कोटा बूंदी क्षेत्र में चल रही है। सोनिया गांधी के सवाई माधोपुर पहुंचने के कुछ ही देर बाद कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी सड़क मार्ग से सवाई माधोपुर पहुंचीं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी भारत जोड़ो यात्रा से विश्राम लेकर अपनी मां सोनिया गांधी का जन्मदिन सेलिब्रेट करने के लिए हेलीकाप्टर से सवाई माधोपुर पहुंच चुके हैं।

ये कयास भी लगाए जा रहे हैं कि, होटल शेरबाग में जन्मदिन सेलिब्रेट करने के बाद गांधी परिवार रणथंभौर नेशनल पार्क का भ्रमण भी कर सकता है । गांधी परिवार की सुरक्षा को लेकर होटल शेरबाग को छावनी में तब्दील कर दिया गया है और चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है ।

## छवला रेप-मर्डर पर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

को फांसी की सजा से बरी कर दिया गया था।

बैंच, जिसमें जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस जे.पी. पारदीवाला भी शामिल थे, ने रिव्यू यचिका को जल्दी लिस्ट करने के एक वकील के निवेदन पर गौर किया। वकील ने कोर्ट को बताया कि यह एक अत्यन्त महत्वपूर्ण केस है, जिसने जनता के विश्वास को हिलाकर रख दिया है।

सी.जे.आई. ने कहा कि "मैं याचिका का अध्ययन करने के बाद निर्णय लूंगा। रिव्यू के लिए हाल ही में कई याचिकाएं दायर की गई हैं। इनमें सबसे ताजा याचिका युवती के पिता द्वारा दायर की गई है।"

अभियोजन के अनुसार, युवती उत्तराखण्ड की थी और गुड़गांव के सायबर सिटी क्षेत्र में काम करती थी। वह अपने ऑफिस से घर लौट रही थी कि घर के पास एक कार में आए तीन जनों ने उसका अपहरण कर लिया।

जब वह घर नहीं लौटी तो उसके अभिभावकों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी।

अभियोजन के अनुसार उसका क्षत विक्षत एवं सड़ा हुआ शव हरियाणा के रेवाड़ी के एक गांव में मिला। पुलिस को युवती के शरीर पर चोट के कई निशान मिले।

आगे की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला है युवती पर कार के औजारों, कांच की बोतलों, घातु के सरियों व अन्य हथियारों से वार किए गए थे। यह भी बताया गया कि उसके साथ रेप भी किया गया।

पुलिस ने इस जुर्म में कथित रूप से शामिल तीन जनों को गिरफ्तार कर दावा किया था कि युवती ने जब उनमें से एक के गलत प्रस्ताव को ठुकरा दिया तो उसने उससे इस तरह से बदला लिया।

## आप बनी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

में दो सीटें जीत ले और कम से कम चार राज्यों में उसे 6 प्रतिशत वोट मिल जाए तो उसे राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल सकता है।

चुनावों में दिल्ली और पंजाब में आप की शानदार जीत के बाद भी इसे अभी भी राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा नहीं मिला था। लेकिन अब आप को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल जाएगा और पार्टी 8 राष्ट्रीय दलों की जमात में शामिल हो जाएगी। हालांकि उनके पास संसाधन नहीं है और भाजपा व कांग्रेस जैसा नेटवर्क भी नहीं है इससे आप अभी तक राष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा प्रभाव नहीं बना पाई है।

राष्ट्रीय पार्टी बनने के लिए आवश्यक मानदंड निम्न है:-

1. विधानसभा, लोकसभा चुनाव में चार या उससे ज्यादा राज्यों में 6 प्रतिशत वोट लेना और किसी भी राज्य या राज्यों में 4 लोकसभा सीटें जीतना।
2. लोकसभा आम चुनाव में दो प्रतिशत सीटें जीतना, वो भी कम से कम तीन राज्यों से।

## कोलीजियम...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सी.) एक्ट को निरस्त कर दिया गया था।

धनखड़ ने इसे संसद की संप्रभुता के साथ समझौता करने और जनादेश के अनादर की संज्ञा भी दी थी।

इस सप्ताह की शुरुआत में कोर्ट ने रिजिजू द्वारा शीर्ष अदालत की टिप्पणियों की आलोचना को गलत बताया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि कोलीजियम द्वारा मंजूर जजों की नियुक्ति से संबंधित फाइलों को सरकार दबाकर बैठी है। जस्टिस एस.के. कौल ने कहा कि "ऐसा नहीं होना चाहिए। था।"

# 'मोदी के नेतृत्व में मिली गुजरात जीत भाजपा को ताकत देगी'

- **प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने गुजरात में भाजपा की जीत का श्रेय प्र.मंत्री नरेन्द्र मोदी की रणनीति और नेतृत्व को दिया।**

जयपुर, 8 दिसम्बर (का.सं.)। प्रदेश भाजपाध्यक्ष डा. सतीश पूनिया ने वक्तव्य जारी कर कहा कि, "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में गुजरात में भाजपा की ऐतिहासिक जीत भारत के लिये एक शुभ संकेत हैं।" उन्होंने कहा, "जिस तरीके से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेन्स ने देश के बुनियादी विकास को ताकत दी, वैचारिक और बुनियादी मुद्दों का समाधान किया, उसी तरीके से गुजरात के जनमानस ने शांति, समृद्धि, विकास और सुरक्षा के मुद्दे पर मतदान किया और यही कारण है कि गुजरात आज राष्ट्रवाद के साथ मजबूती से खड़ा है। गुजरात में भाजपा की प्रचंड जीत के लिये गुजरात की देवतुल्य जनता का धन्यवाद।" डा. पूनिया ने वक्तव्य में आगे कहा, गुजरात का ऐतिहासिक मैंडेट 2023 में निश्चित रूप से राजस्थान में भाजपा को ताकत देगा, कार्यकर्ताओं का आत्मविश्वास और मनोबल बढ़ायेगा, समर्थक और शुभचिंतकों को ऊर्जा और प्रेरणा देगा। राजस्थान के तमाम कार्यकर्ता, जिन्होंने गुजरात की 43 सीटों पर चुनाव प्रचार किया, उन सभी को और नेताओं को धन्यवाद और शुभकामनायें।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में गुजरात की जीत भाजपा के लिये पूरे देश में और नई ऊर्जा का काम करेगी, जो 2023 में राजस्थान का रास्ता खोलेगी और 2024 में फिर से हिन्दुस्तान का रास्ता खोलेगी।

## अजीनोमोतो फिल्म...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

निर्माता का कहना था कि फिल्म का नाम उसके रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क "अजि-नो-मोतो" का उल्लंघन है। इस ट्रेडमार्क को मोनोसोडियम ग्लूटामेट के निर्माण के लिए प्रयुक्त किया जाता है, ग्लूटामेट का प्रायः खाने के स्वाद का जायका बढ़ाने के लिए उपयोग किया जाता है। जस्टिस संजीव नरूला ने "अजिनोमोतो" के शीर्षक वाली फिल्म या इससे मिलते-जुलते नाम की किसी फिल्म को सिनेमाघरों, डीवीडी, वीसीडी या ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज करने से फिल्म के निर्देशक माधिराज इयामपेरूमल और दत्तात्रेय स्टूडियोज को प्रतिबंधित कर दिया।

अजिनोमोतो कं. आई.एन.सी. ने यह दावा करते हुए मुकदमा दायर किया कि उक्त फिल्म ना केवल उसके ट्रेडमार्क का उल्लंघन करती है बल्कि विभिन्न झूठे व अपमानजनक बयान भी देती है।उसकी याचिका में कहा गया है कि जापानी भाषा में अजिनोमोतो शब्द का अर्थ "जायके का सत्व" होता है। इस ट्रेडमार्क को जापान की भाषा में सबसे पहले 1909 में रजिस्टर कराया गया, फिर वर्ष, 1964 में "एसैन्स ऑफ टेस्ट" के अंग्रेजी नाम से रजिस्टर कराया गया। भारतीय बाजार में यह ट्रेडमार्क कम्पनी के एम.एस.जी. प्रोडक्ट के रूप में वर्ष 1956 में आया।

कम्पनी के अधिवक्ता ने आउटलुक मैगजीन के एक लेख का हवाला दिया, जिसमें फिल्म के निर्देशक ने कहा था "अजिनोमोतो जायका बढ़ाने वाला है, लेकिन वास्तव में यह एक ऐसा जहर है जो मनुष्यों को धीरे-धीरे मारता है। अजिनोमोतो की कहानी कुकिंग इन्ग्रेडियन्ट की परिकल्पना से ली गई है।

जस्टिस नरूला की एकल बैंच ने कहा कि "वादी ने यह केस प्रथम दृष्टया अपने पक्ष में कर लिया है, साक्षेप प्रमाण भी वादी के पक्ष में और प्रतिवादी के विरूद्ध है।"

# चीन और सऊदी अरब के संबंधों में नई गर्मजोशी

दोहा, 8 दिसंबर (वार्ता)। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सऊदी अरब यात्रा के तहत सऊदी और चीनी कंपनियों ने 34 निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं। सऊदी प्रेस एजेंसी (एस.पी.ए.) ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

बुधवार को यह हस्ताक्षर समारोह हुआ। सौदों में हरित ऊर्जा, हाइड्रोजन उत्पादन, फोटोवोल्टिक ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी और सेवाएं, परिवहन, रसद, चिकित्सा उद्योग तथा निर्माण शामिल हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908